डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 30 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-282, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स
81,355.84 +23.12

डॉलर
83.758 +0.036

रांची सर्राफा
10 ग्राम 64,950
01 किलो 89,000

पेज 10



गरीब, किसान और मध्यवर्ग के लिए बजट में...




# छापेमारी में 35 लीटर देसी शराब व 400 किलो जावा महुआ नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सपही मंजुराहा के मंजुराहा ढोढ़ा के समीप गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। इस छापेमारी में करीब 35 लीटर देसी महुआ शराब और शराब बनाने वाले उपकरणों एवं बर्तनों को जब्त किया गया। साथ ही, करीब 400 किलोग्राम जावा महुआ को घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान मुंसी मेहता, उम्र 35 वर्ष, पिता रामवृक्ष मेहता, निवासी बलीबीघा का हुसैनाबाद थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मुंसी मेहता छापेमारी के दौरान फरार हो गया। इस छापेमारी दल का नेतृत्व देवरी ओपी प्रभारी बबलु कुमार कर रहे थे। उनके साथ सअनि. अखिलेश कुमार, हवलदार बासुदेव महतो, आरक्षी रामचंद्र सिंह, दिनेश कुमार रवि और जितन कुमार मंडल शामिल थे। इस कानूनी कार्रवाई से देवरी ओपी क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की सख्ती से कानून व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है।



## आरपीएफ ने प्लेटफार्म से 36 बोतल विदेशी शराब किया बरामद

**हुसैनाबाद।** आरपीएफ जपला पोस्ट ने बीती रात शटल पैसेंजर ट्रेन के समय सिगसिगी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर लावारिस हालत में पिट्ठू बैग बरामद किया। बैग की तलाशी लेने पर उसमे रखी 36 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। यह शराब झारखंड से तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही थी। जपला आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरपीएफ जपला पोस्ट के प्रधान आरक्षी सुधीर कुल्लू व आरक्षी छोटेलाल यादव सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर अपराधी गतिविधि निगरानी का गस्ती कर रहे थे। इसी दौरान सिगसिगी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन के उतरी छोर से हरे रंग का पिट्ठू बैग लावासिस मिला। बैग के संबंध में मौजूद यात्रियों से पूछ ताछ की गई। यात्रियों ने अनभिज्ञता जाहीर की। जब बैग खोल कर देखा गया तो उसमे विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब पाईं गई। बैग में मिली विभिन्न ब्रांड की कुल 36 बोतल पाईं गई। जिसका मूल्य करीब 13260 रुपये आंका जा रहा है।

## एक नजर

### हत्याकांड की सजायफ्ता आरोपी गिरफ्तार

**नावाबाजार।** प्रखंड के कंडा गांव निवासी हत्या कांड में सजायाफ्ता वारंटी शारदा देवी उर्फ श्रद्धा देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसकी जानकारी नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने दी। बताया कि महिला लंबे दिनों से फरार थी। महिला के उपर विश्रामपुर थाना में मामला दर्ज है। जिसपर धारा 302/34 आईपीसी के तहत न्यायालय से सजा सुनाई गई है।

### भूमि विवाद में पिता-पुत्र घायल, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दरुआ गांव के नोनिया बिगहा टोला में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में संतोष कुमार सिंह व आयुष्मान सिंह दोनों पिता पुत्र घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद दोनों को मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नोनिया विगहा निवासी संतोष कुमार सिंह अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच उनके चाचा व चचेरे भाई वहां पहुंचे। और संतोष कुमार सिंह के साथ मारपीट की। जिससे संतोष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर संतोष कुमार सिंह के पुत्र आयुष्मान सिंह वहां बीच बचाव करने का प्रयास किया। परंतु उसके साथ मारपीट की गई। इस घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### चेकिंग अभियान में स्टेशन परिसर से लावारिस बाइक बरामद



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने रात्रि में विभिन्न चौक चौराहों व रेलवे परिसर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि नहर मोड़, नबीनगर रोड, हरिहर चौक, हैदरनगर रोड समेत अन्य चौक चौराहों पर रात्रि गश्ती के दौरान जपला रेलवे स्टेशन के पार्किंग से बिना नंबर की लावारिस बाइक बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि बाइक के संबंध में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बाइक चोरी की हो सकती है। पुलिस की भनक लगने के बाद व्यक्ति बाइक छोड़ कर भाग गया होगा। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि मादक पदार्थों व शराब तस्करी के साथ अपराध पर नियंत्रण को लेकर हुसैनाबाद पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा।

# हुसैनाबाद विधायक ने सदन में उठाया चौकीदार भर्ती का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला में चौकीदार की सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सोमवार को आवाज बुलंद की। वह लगातार इस मामले को लेकर आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। मालूम हो कि पलामू जिले में चौकीदार के पदों पर सीधी भर्ती के लिए उपायुक्त द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2024, दिनांक 02 जुलाई 2024 प्रकाशित किया है। जिसमें चौकीदार के 156 पदों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को शून्य कर देने पर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए अल्पसूचित प्रश्न संख्या-26 के उत्तर में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। पलामू जिले में उपायुक्त के द्वारा चौकीदार के 156 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। आयुक्त, पलामू प्रमंडल के द्वारा आरक्षण रोस्टर शोधन कोटिवार अनुमोदित किया गया है। जिसके अनुसार पलामू जिला में चौकीदार संवर्ग का कुल स्वीकृत पद-443 है। जिसके विरूद्ध कार्यरत बल-281 है तथा रिक्त पद 162 है। जिनमें अनुसूचित जाति श्रेणी अन्तर्गत कुल स्वीकृत पद 120 के विरूद्ध वर्तमान में 120 चौकीदार कार्यरत है। इसलिए अनुसूचित जाति के लिए कोई रिक्त पद नहीं है। जिस कारण प्रकाशित विज्ञापन में अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए रिक्त पद की संख्या शून्य है। विधायक के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में विभाग ने कहा है कि बंगाल चौकीदार अधिनियम-1870 के तहत ब्रिटिश काल से अनुसूचित जाति के दुसाध उपजाति के लोगों को ही चौकीदार बहाल किया जाता था। किन्तु वर्तमान में झारखंड चौकीदारी संवर्ग नियमावली 2015 और 2019 के अनुसार चौकीदार की भर्ती। सेवा शर्तों और प्रोन्नति को विनियमित किया जाता है। इसके अलावे 1991 के बिहार सरकार के निर्देश के अनुसार, वे व्यक्ति जो 1990 के पूर्व से एवज में चौकीदार के रूप में काम कर रहे थे, उन्हें अनुकम्पा के आधार पर सेवा में नियमित किया गया था। एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा गया कि सरकार ने खंड-1 में वर्णित चौकीदार बहाली हेतु प्रकाशित विज्ञापन को रद्द करने और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण रोस्टर के अनुसार रिक्ति के विरुद्ध आरक्षण सुनिश्चित कर पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने की योजना पर विचार नहीं किया है।



# अबुआ आवास की सूची में नाम नहीं होने पर विखने लगी महिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास के लाभुकों के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन सोमवार को किया गया। मुखिया जितेंद्र सिंह व पंचायत सचिव शैलेंद्र कुमार चौधरी ने की। सभा शुरू होते ही रीना देवी ने सूची में नाम नहीं होने पर बिलखना शुरू कर दी। उक्त महिला रतन बिगहा गांव निवासी मुन्ना सिंह की पत्नी संगीता देवी ने उपस्थित उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान से बोली कि उनका अंकित कराने के बाद इस सभा की सूची से गायब है। उन्हें पंचायत सचिव शैलेंद्र चौधरी ने आश्वस्त किया कि स्थल जांच के बाद सूची में नाम शामिल कर दिया जायेगा। इसके बाद ही महिला शांत हो सकी है। इसमें अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 82 लाभुकों का लक्ष्य प्राप्ति के आलोक में कच्चे घर, आवास विहीन व निराश्रित परिवार को इसके लाभ से आच्छादित किया जाना है। उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जरूरतमंद विकलांग, विधवा महीला व बेघर को पहले प्राथमिकता हर हाल में दिया जाए। साथ ही त्रुटी रहित लाभुकों का नाम स्थल जांच के बाद जोड़ने का काम किया जाए।

## न्यूज बॉक्स

### कादलकुर्मी में ग्रामसभा आज

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में मंगलवार की सुबह 8 बजे से ग्रामसभा होगी। इसमें सभी ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। ग्रामसभा में अबूआ आवास और मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना पर विशेष रूप से चर्चा होगी। योग्य लाभुकों का चयन भी किया जाएगा। अध्यक्षता मुखिया अनिता देवी करेंगी। पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए सभी से ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन मंडल के सभी बूथों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुना गया। मन का बात सुनने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह, पशुपति शर्मा, जितेंद्र सोनी, कमता सिंह, उमाशंकर सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, अंजय सिंह, अभय कुमार सिंह, नीरज सिंह, विपिन शुक्ला, रविनाथ साहू, बहादुर मेहता, शांति पांडे, सत्येंद्र कुमार सिंह, आंनद कुमार सिंह, नॉलेज कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, पूनम देवी, सरिता देवी, जितेंद्र सिंह, रोशन कुमार, कुशवाहा प्रदीप चंद्रवंशी, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, अखिलेश कुमार पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं ने सुना है।

### जन संघर्ष मोर्चा की बैठक में पहुंचे पूर्व सांसद

**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर काली मंदिर परिसर के समीप रविवार को जन संघर्ष मोर्चा के एकदिवसीय बैठक किया गया। बैठक में 2019 की विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार को जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा समर्थन दिया गया था। कार्यकर्ताओं के साथ उसकी समीक्षा की गई। जिसकी अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने की। कार्यक्रम की संचालन शैलेश मेहता ने किया। समीक्षा बैठक में वर्तमान विधायक पुष्पा देवी तथा पूर्व सांसद सभा भाजपा नेता मनोज कुमार का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहता था। यह अपने कार्यकाल में बिजली पानी सिंचाई शिक्षा स्वास्थ्य सड़क इत्यादि के मुद्दे पर काफी विकास की धारा बहाते रहे। इन्होंने हमेशा क्षेत्र एवं जनता के बीच अपना भरपूर समय दिया है। इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए इस बार फिर जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा। फिर से 2024 विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर की माननीय विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार को सर्वसम्मति से समर्थन देने का निर्णय लिया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक दो को

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस कमेटी की हुसैनाबाद प्रखंड इकाई ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आगामी 2 अगस्त को दुर्गा बाड़ी परिसर हुसैनाबाद में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक आहूत की है। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से इस संबंध में जानकारी देते हुए हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी नवल किशोर पाठक ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश व जिला के पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता पार्टी का उम्मीदवार देने की मांग प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व से कर रहे हैं। विधानसभा प्रभारी पाठक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं से जिला व प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद कांग्रेस का गढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार देगी तो कार्यकर्ता उसे विधानसभा भेज कर दिखा सकते हैं। दो अगस्त की बैठक में पार्टी के कार्यकर्ता अपनी भावनाओं से जिला व राज्य के नेताओं को अवगत कराएंगे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी, अर्जुन सिंह, अंबिका सिंह, शैलेश सिंह, अवधबिहारी सिंह, नदीम खान, राजेश तिवारी आदि मौजूद थे।

### पांकी विधानसभा में जनता से जुड़े विधायक की जरूरत है : ओंकारनाथ

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी विधानसभा में युवा और व्यावहारिक विधायक की जरूरत है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। वह मनातू के ग्राम सिंहटूटा, कुशहा के दौरा करने के बाद लोगों से संबोधित कर रहे थे। जयसवाल ने ग्राम कुसहा, सिंहटूटा के ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया। बैठक में ग्रामीणों का मूल समस्या घिरसीरी से ग्राम कुशहा, सिंह टूटा तक सड़क निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों में वर्तमान विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता के ऊपर भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान विधायक इस ग्राम में आकर लोगों को आश्वासन दिए थे कि विधायक बनते के साथ इस सड़क का निर्माण कराएंगे लेकिन सब झूठा साबित हुआ। जयसवाल ने कहा कि इस विधानसभा की हालात बद से बदतर हो गई है। यहां के पूर्व और वर्तमान विधायक अव्यवहारी साबित हो रहे हैं। जिसके चलते लोग चाह कर भी अपना समस्या नहीं रख पाते हैं। कहा जाए तो लोग समस्या को लेकर मिलने से भी डरते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में इसका बदलाव करना होगा। जब तक पांकी विधानसभा में युवा और व्यावहारिक विधायक नहीं बनेगा तबतक इस विधानसभा के गरीब गुरवा के आवाज को कोई उठा नहीं सकता है। मौके पर राकेश रवि, अनिल कुमार, संदीप सिंह, बिरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, बालेश्वर साव, राजन गुप्ता के अलाव कई लोग शामिल थे।

# विश्वकर्मा समाज की कमेटी गठित
## जयप्रकाश अध्यक्ष व मनोज शर्मा बने सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित एआईडी भवन में विश्वकर्मा समाज के प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। प्रखंड कमेटी के चुनाव विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित देवराज शर्मा, जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, जिला सचिव उमेश शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य विनोद शर्मा और अन्य जिला के पदाधिकारियों के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सभी पदाधिकारी और समाज के लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से चुने गए। प्रखंड अध्यक्ष के रुप में जयप्रकाश शर्मा, सचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष दिवाकर शर्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, संगठन सचिव रामाधार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, रामजी शर्मा, उमेश शर्मा, सुधीर शर्मा, रमेश शर्मा को समाज के लोगो को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड के दायित्व सोपा गया। साथ ही सभी के सर्वसम्मति से संरक्षक रामविलास शर्मा, विजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जगदीश शर्मा, सत्येंद्र शर्मा को बनाया गया। मौके पर जिला से चलकर आए हुए विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने कहा की लोगों को एक सूत्र में बंध कर चलने की जरूरत है। जबतक समाज के लोग एक सूत्र में बंधकर नहीं रहेंगे तब तक समाज का विकाश नहीं हो सकता है। एक जुट होने पर हम आसानी से बड़ी से बड़ी चुनौतियां को सामना कर सकते हैं। मौके पर नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है। उसपर खरा उतरेंगे, अपने प्रयासों से प्रखंड में अपने समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# झामुमो केंद्रीय कमेटी से छतरपुर विस चुनाव लड़ने की मांग करेंगे कार्यकर्ता

**छतरपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पंचायत तथा बूथ कमेटी को मजबूत करने के लिए लगातार बैठक की जा रही है। इससे संबंधित बैठक छतरपुर प्रखंड के चराईं पंचायत में की गई। अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने की। संचालन कोषाध्यक्ष शिवनाथ सुरीला ने किया। बैठक में रविंद्र राम ने बताया कि केंद्रीय कमेटी द्वारा पंचायत स्तरीय सम्मेलन में सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व पंचायत तथा बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है। इसकी शुरूआत चराई पंचायत से की गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सभी पंचायत में बैठक कर पंचायत व बूथ कमेटी को मजबूत करने तथा झारखंड सरकार की योजनाओं को लोगों को बतलाने तथा लाभ दिलाने का काम करेगी। लोगों तक पार्टी सीधा पहुंच बनाएगी ताकि लोगों को बिचौलिए एवं दलालों के चंगुल से बचाया जा सके। प्राप्त आवेदनों पर जिन पदाधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की जाएगी। उनसे संबंधित शिकायत जिला एवं राज्य कमेटी को की जाएगी। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि छतरपुर विधानसभा से गठबंधन समर्थित राजद के उम्मीदवार को बार-बार हार का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार की मांग केंद्रीय कमेटी से की जाएगी। साथ ही क्षेत्र की जनता बार-बार स्थानीय उम्मीदवारों की मांग करते रहे हैं। इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा से आगामी विधानसभा चुनाव में रविंद्र राम को उम्मीदवार बनाने की मांग की जाएगी। बैठक में ग्राम पंचायत चराई समिति सदस्य बलराम सिंह, बिहारी सिंह, कुलदीप सिंह, संदीप शाह, अखिलेश प्रजापति, निर्मल भुइंया, बाबूलाल सिंह, चंदन राम, शंकर राम, प्रसाद भुइंया, वीरेंद्र सिंह, मदन यादव, सुरेश सिंह, कमलेश राम, पंचीय देवी, पंचायत अध्यक्ष कुसुम देवी, हृदय देवी, सुनीता देवी, सीता कुंवर, ललिता देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक**

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा हैदरनगर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सावन मास की दूसरी सोमवारी को भगवान शिव के जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था सुबह से शाम तक क्षेत्र के शिवालयों में उमड़ती रही। हैदरनगर प्रखंड के इमामनगर बरेवा पंचायत के विभिन्न गांवों के कांवरियों का जत्था प्राचीन शिव मंदिर बरेवा के प्रागंण में सुबह सात बजे बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते जुट गये। यहां से हैदरनगर मेन रोड, बस स्टैंड, भाई बिगहा, संतोषडीह, खरगाड़ा, परता गांव होते कबरा कला स्थित सोन नदी के संगम करीब 15 किलोमीटर पैदल मार्च कर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं से स्नानादि कर सोन नदी के बीचोबीच दसीशानाथ महादेव पर जलाभिषेक करने के बाद प्राचीन शिव मंदिर कबरा कला में पूजा अर्चना की। इनकी अगुवाई कर रहे मुखिया अशोक कुमार यादव, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने कांवरियों के पैदल मार्ग में किसी भी आपात और आवश्यक सुविधाओं को मुहैया कराने के प्रति पूरी तरह सक्रिय व मुस्तैद थे। कांवरियों का जत्था कबरा कला से पुनः सोन नदी से जल भरकर वापस पैदल हर हर महादेव, बम बम भोले के उदघोष के साथ हैदरनगर स्थित बड़ा शिवालय के बाद बरेवा शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान भोले को जल अर्पित किया। उधर ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचुल्हा स्थल के अलावा शिलापर, नहर चौक, देवीधाम हैदरनगर, बड़ा शिवालय, काली स्थान, करडंडा, भजनियां, पंसा सहित विभिन्न स्थानों पर शिव मंदिर, शिवालय और चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतुरा, फुल व अक्षत, रोड़ी, चंदन, भांग आदि से अभिषेक किया गया। जबकि भगवान शिव के प्रति आस्था और अभिषेक का मुख्य केन्द्र बने सीमावर्ती गढ़वा जिले के मोरबे, भंडरिया, सोहगाड़ा, जयनगरा के अलावा आसपास के सतबहिनी, लुंबा, भदुमा, नौगढ़, कादलकुर्मी, शिलापर, मोहम्मदगंज, भजनियां और सोनबरसा सहित अन्य कई गांवों के श्रद्धालु नर नारियों, किशोरियों और युवतियों ने भीमा शंकर का पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। वहीं भीम चूल्हा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ यहां चढ़ी कड़ाही, माता कुंती और पांडव पुत्रों, उनके व हाथी घोड़ों के संरक्षित पद चिन्हों, पातालपुरी व पत्थर के गजराज व वाच टावर से आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य व भीम बराज के विहंगम दृश्य का अवलोकन भी किया। साथ ही श्रद्धालुओं ने खीर प्रसाद का वितरण भी किया गया।



**चलो पूरा करें आवास निर्माण का अभियान**

# बालू की किल्लत से विकास कार्य बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सरकार व प्रशासनिक दिशा निर्देश के तहत चलो पूरा करेंआवास निर्माण अभियान महज सरकार की बोल ही बनकर रह गई है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस अभियान को गति देने के लिये प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में ग्रामीण लाभुकों, पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों के साथ बैठक का कई दौर चला, पर शहर से गांवों तक इस अभियान को पूरा करने के प्रति संशय पर विराम नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर क्षेत्र की जनता व लाभुकों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं के निर्माण में बाधा व देरी के प्रति शत प्रतिशत सरकार व प्रशासन ही जिम्मेवार है। लाभुकों की जरुरतों के विरुद्ध बालू की कालाबाजारी बदस्तूर जारी है। प्रति टेलर बालू अधिकतम बाजार मूल्य 1500 रुपया के विरुद्ध 4000 - 5000 रुपया प्रति ट्रैक्टर पूर्व से वर्तमान में भी एनजीटी की रोक के बावजूद आज भी रात के अंधेरे में कालाबाजारी कर बालू से सरसों तेल निकलने का कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि इतने मंहगें दर पर बालू लेकर लाभुक अपने आवास निर्माण कैसे पूरा कर पायेंगे। बालू की किल्लत सामान्य लोगों व लाभुकों के बीच है। उधर झामुमो के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व सचिव पवन कुमार ने बताया कि क्षेत्र के लाभुकों को आवास निर्माण में बालू को लेकर आ रही समस्याओं को सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों का चयन

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी के आदेश के आलोक में सोमवार को सामुदायिक भवन के पास सुबह 9 बजे से ग्राम सभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुखिया कमला देवी ने की। पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि ग्राम सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों का चयन किया गया। उनके आवेदन लिए गए। लगभग 50 लोगों ने आवेदन जमा किया। इसमें ज्यादा बकरी पालन के फॉर्म मिले हैं। अन्य के लिए इक्के दुक्के ही फॉर्म जमा किया गया है। ग्रामसभा में मुखिया कमला देवी के अलावा पशुपालन विभाग से अभिषेक यादव, वार्ड सदस्य नंदकिशोर मेहता, पूर्व वार्ड सदस्य हरिहर मेहता, पंसस प्रतिनिधि सुशील कुमार मेहता, युवा समाजसेवी रविशंकर सिंह, रौशन कुमार, समाज सेविका गीता यादव सहित अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 30 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-282, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज 10

गरीब, किसान और मध्यवर्ग के लिए बजट में...

**सेंसेक्स** 81,355.84 ↑ +23.12

**डॉलर** 83.765 ↑ +0.042

**पलामू सर्राफा**

10 ग्राम 68,440

01 किलो 80,960

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# बांग्लादेशी घुसपैठ और पाकुड़ कॉलेज में छात्रों की पिटाई पर झारखंड विधानसभा में हंगामा

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों ने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ, मुस्लिम तुष्टिकरण और पाकुड़ के कॉलेज हॉस्टल के छात्रों की पुलिस द्वारा पिटाई के मुद्दे पर जोरदार हंगामा किया। सदन के मुख्य द्वार पर भी विधायकों ने इन मुद्दों से जुड़ी तख्तियां लेकर नारे लगाए और धरना दिया। दूसरी तरफ झामुमो-कांग्रेस के विधायकों ने बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए नारेबाजी की। हंगामे की वजह से स्पीकर को सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पाकुड़ की घटना को लेकर भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो हंगामा कर रहे विधायकों से सीट पर बैठने का आग्रह करते रहे, लेकिन विधायकों पर कोई असर नहीं हुआ। हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पाकुड़ की घटना का जिक्र करते हुए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि बीते 18 जुलाई को एक आदिवासी परिवार को पीटा गया। इसका वीडियो भी है। अपराधियों पर कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में आदिवासी हॉस्टल के छात्र आंदोलन करने को तैयार हुए। लेकिन प्रशासन ने हॉस्टल में घुसकर छात्रों को बेरहमी से पीटा। उनमें से कई का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण संथाल परगना में रोज घटनाएं हो रही हैं। न्यायालय ने भी कहा है कि डेमोग्राफी चेंज हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित करे। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि पूर्व में भाजपा की सरकार थी, तब क्या कर रहे थे? इस बार भाजपा वाले बांग्लादेशी घुसपैठ को मुद्दा बनाना चाह रहे हैं। कांग्रेस की ही शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहे हैं तो यह नेशनल सिक्योरिटी का मामला है, आखिर केंद्र की मिनिस्ट्री क्या कर रही है? झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि भाजपा के लोग झारखंड को बांट रहे हैं।

**हमने झारखंड में एक भी बांग्लादेशी नहीं देखा : हफीजुल हसन :** इसका जवाब देते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि संताल परगना को सिर्फ चुनाव को प्रभावित करने के लिए विपक्ष आधार बना रहा है। हम भी देखना चाहते हैं कि बांग्लादेशी कैसे होते हैं। अभी तक हमने एक भी बांग्लादेशी झारखंड में नहीं देखा। बिहारी घुसपैठिया कैसे होगा। पहले झारखंड बिहार का हिस्सा था। उस वक्त हर कोई बिहारी था। जब हमारा जन्म हुआ तब हम भी बिहारी थे।

**घुसपैठ के मुद्दे पर सदन के बाहर विपक्ष का धरना :** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विपक्ष के सदस्य विधानसभा सदन के बाहर धरने पर बैठ गए। वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ के जरिए मुस्लिम आबादी बढ़ाना बंद करो, आदिवासी बहन बेटियों के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने वाली हेमंत सरकार शर्म करो लिखी तख्तियों के साथ उन्होंने धरना दिया और नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। पाकुड़ में छात्रावास में हमले का भी विरोध किया।

## झामुमो विधायकों का सदन के बाहर प्रदर्शन




**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के बाहर झामुमो विधायकों ने भी प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर भाजपा विरोधी नारे लगाए गये। सभी जेएमएम विधायकों के हाथों में तख्ती थी, जिसमें लिखा था कि झारखंड और झारखंडी विरोधी भाजपा हाय हाय, संथाल है वीरों की धरती जब अंग्रेजों को नहीं छोड़ा तो तुम्हारी क्या हस्ती। हेमंत है तो हिम्मत है। झारखंडी झुक कर जोहर करता है अस्तित्व पर बात आए तो हूल के साथ वार करता है। हेमंत को झुका ना सके तो झारखंड तोड़ने चल पड़े मिट जाओगे। कैसे लिया झारखंड लड़ के लिया झारखंड आदि स्लोगन लिखे हैं। विधानसभा सत्र शुरू होने के पूर्व सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी प्रदर्शन किया और भाजपा सांसद निशिकांत दूबे के बयान के विरोध में नारे लगाये।

## संथाल में आदिवासियों की जनसंख्या घट रही : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 26 जुलाई की रात को पाकुड़ में पुलिस ने कॉलेज के छात्रों को बेरहमी से पीटा और उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसका केवल एक ही कारण था कि कॉलेज के लड़के और ट्राइबल ऑर्गेनाइजेशन बांग्लादेशी घुसपैठियों के सवाल पर 27 जुलाई को धरना पर बैठने वाले थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संथाल परगना में डेमोग्राफी बदल रही है, खासकर आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है उससे आज आदिवासी प्रताड़ित हो रहे हैं। मामले को दबाने के लिए पुलिस ने देर रात जाकर छात्रों को पीटा। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम हिंदू मुसलमान नहीं कर रहे हैं, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों घुस आये हैं, रोहिंग्या घुस आये हैं, उसको निकालने की बात कर रहे हैं। हेमंत सरकार उसे पाल पोस रही है। निशिकांत दुबे के बयान पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह उनका व्यक्तिगत बयान है, पार्टी का नहीं।

## एक नजर

### झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का निधन, सीएम ने जताया शोक

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का धनबाद में सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। कुछ माह पहले ही उन्हें दिल्ली में इलाज के लिए ले जाया गया था। उस वक्त वह बाथरूम से गिर गये थे। बच्चा सिंह सूर्य देव सिंह के भाई थे। बिहार से अलग होकर जब झारखंड बना तो वह बाबूलाल मरांडी की सरकार में मंत्री थे। बच्चा सिंह झारिया से विधायक रह चुके हैं। वह कभी सिंह मेंशन के स्तंभ हुआ करते थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मंत्री मंत्री बच्चा सिंह के निधन पर शोक जताया है। सीएम ने कहा वे हमेशा मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे। परमात्मा दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### राष्ट्रपति मुर्मू 5 से 10 अगस्त तक फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा पर जाएंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 से 10 अगस्त तक फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनीवरे के निमंत्रण पर 05-06 अगस्त को फिजी का दौरा करेंगी। यह भारत के किसी राष्ट्राध्यक्ष की फिजी की पहली यात्रा होगी। राष्ट्रपति मुर्मू वहां राष्ट्रपति कैटोनीवरे और प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, राष्ट्रपति मुर्मू न्यूजीलैंड की गवर्नर डेम सिंडी कीरो के निमंत्रण पर 7-9 अगस्त को न्यूजीलैंड का दौरा करेंगी।

## हेमंत सोरेन की जमानत रद्द करने की ईडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत को निरस्त करने की मांग वाली ईडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है और इसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने ईडी की याचिका को निष्पादित कर दिया है। बता दें कि हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने 28 जून को हेमंत सोरेन को कुछ शर्तों के साथ रेगुलर बेल दी थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यह पूरा मामला संभावनाओं पर आधारित है। इस केस में ईडी ने अब तक इस बात का कोई पक्का सबूत पेश नहीं किया है कि 8.86 एकड़ जमीन के कब्जे में हेमंत सोरेन की कोई सीधी भूमिका है। यह भी साबित नहीं होता कि इसकी आड़ में सोरेन ने कोई अपराध किया है। एजेंसी ने हाईकोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए हेमंत सोरेन की जमानत रद्द करने की मांग की है। हाई कोर्ट से जमानत के बाद हेमंत सोरेन 28 जून की शाम रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बाहर आए थे और इसके बाद सातवें दिन उन्होंने एक बार फिर सीएम पद की शपथ ली थी। इसके पहले ईडी ने उन्हें 31 जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था। वे पांच महीने जेल में रहे। गिरफ्तारी के साथ ही उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

## झारखंड विधानसभा में हंगामे के बीच 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से सदन के बाहर हंगामा किया गया। हंगामे के बीच वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4833.39 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 1114 करोड़, पंचायती राज विभाग को 756 करोड़, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को 584 करोड़, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, गृह विभाग को 494 करोड़, एसटी/एससी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को 429 करोड़ आवंटित किया गया है। मंगलवार को इस पर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद बजट पास होगा। सोमवार को सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होनी थी लेकिन 11:10 बजे कार्यवाही शुरू हुई। फिर हंगामें के कारण 11: 26 में कार्यवही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 12:30 में फिस से सदन की कार्यवाही शुरू हुई जिसके बाद सत्ता और विपक्ष के विधायकों के लगातार हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

## जमीन कारोबारी कमलेश कुमार ईडी के पांच दिनों की रिमांड पर



**रांची।** धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जमीन कारोबारी कमलेश कुमार की रिमांड पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि कमलेश से पूछताछ के लिए दस दिनों की रिमांड दी जाए। इसके बाद कोर्ट ने ईडी को कमलेश को पांच दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए अनुमति दी है। रिमांड अवधि मंगलवार से शुरू होगी। इससे पहले 27 जुलाई को कोर्ट ने कमलेश को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था। जमीन घोटाला से जुडे मामले में ईडी ने बीते 21 जून को कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने फ्लैट से एक करोड़ कैश और राइफल की 100 गोलियां बरामद की थीं। इसके बाद ईडी के अधिकारियों के आग्रह पर रांची के कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। ईडी ने कमलेश को पांच समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया लेकिन वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुआ था। इसके बाद ईड़ी ने छठा समन जारी कर 26 जुलाई को दिन के 11 बजे रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था। कमलेश कुमार शुक्रवार की दोपहर एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचा। ईडी ने उससे पूछताछ की लेकिन कमलेश ईडी के सवाल का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दे सका।

## झारखंड सरकार दो महीने के अंदर पेसा कानून को नोटिफाई करे : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो महीने के अंदर पेसा कानून (द प्रोविजन ऑफ द पंचायत-एक्सटेंशन टू शेड्यूल एरिया-एक्ट) की नियमावली नोटिफाई करने का आदेश दिया है। यह आदेश एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच ने सोमवार को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच सहित अन्य की ओर से जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज की व्यवस्था वाले इस कानून को अब तक लागू न किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। इस याचिका पर पहले भी हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया था। कोर्ट में प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता तान्या सिंह ने बहस की। बता दें कि झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने हाल ही में राज्य में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 या पेसा के प्रावधानों को लागू करने के लिए व्यापक सार्वजनिक परामर्श के लिए ड्राफ्ट जारी किया था। ड्राफ्ट के मुताबिक राज्य के 13 जिले पेसा रूल्स के अधीन होंगे। इन जिलों में रहने वाले लोग ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन कर सकेंगे। ग्राम सभाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सार्वजनिक संपत्ति, ग्राम रक्षा, बुनियादी ढांचे आदि के लिए स्वयं समितियां बना सकेंगी। ड्राफ्ट में वन भूमि, लघु जल निकायों, लघु खनिजों, मादक द्रव्यों और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अधिकारों को भी पेसा अधिनियम के तहत परिभाषित किया गया है। इस ड्राफ्ट पर 262 सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हुई थीं। इन आपत्तियों को राज्य सरकार ने विधि विभाग के पास भेजा है, लेकिन कानून अब तक नोटिफाई नहीं किया गया है।



## भर्ती घोटाले में असम लोक सेवा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष को 14 साल की जेल, 32 दोषी करार

**गुवाहाटी।** असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के बहुचर्चित कृषि विकास अधिकारी भर्ती घोटाले में दोषी करार दिये गये 32 लोगों को सोमवार को असम की विशेष कोर्ट ने सजा सुनाई है। एपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश पाल को 14 साल की सजा और दो लाख रुपये नकद का जुमार्ना सुनाया गया है। जबकि एपीएससी सदस्य बसंत कुमार दलै और समेदुर रहमान को 10-10 साल कैद की सजा और 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इस मामले में शेष 29 राजपत्रित अधिकारियों को 4-4 साल की कैद और 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया है। दरअसल, वर्ष 2017 में भांगागढ़ थाने में एक असफल अभ्यर्थी ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राकेश कुमार पॉल के चेयरमैन रहते हुए कृषि विकास अधिकारियों की नियुक्ति के नाम पर बड़े पैमाने पर धन का लेन-देन हुआ। इस संबंध में दर्ज मामले के आधार पर राकेश कुमार पाल समेत कई आरोपितों को पहले भांगागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने 44 लोगों को आरोपित बनाया था, जिनमें आयोग के चार सदस्य और एक कर्मचारी, तीन बिचौलिए और 36 अभ्यर्थी शामिल थे। विशेष कोर्ट में लंबी सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में 11 अन्य आरोपितों को बरी कर दिया था, जबकि एपीएससी सदस्य बिनीता रिंझा सरकारी गवाह बन गई थीं। कोर्ट ने 22 जुलाई को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश पॉल समेत कुल 32 लोगों को दोषी ठहराया था। उल्लेखनीय है कि नौकरी पाने में एक असफल अभ्यर्थी ने पहले अंकों के सारणीकरण में बदलाव से संबंधित जानकारी के लिए एक आरटीआई से सूचना एकत्र की थी। इसके बाद आरटीआई से प्राप्त सूचना के आधार पर शिकायत दर्ज कराई थी।

**आज | कल**




## इंडिया

# दिल्ली की कोचिंग दुर्घटना से सभी को सीख लेनी चाहिए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी (कोचिंग) सेन्टर के बेसमेंट में अचानक बारिश का पानी घुस जाने से चार घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने से तीन छात्रों की मौत हो गई। इससे पहले मुखर्जी नगर दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में (15 जून 2023) को लगी आग से बचने के लिए खिड़की से निकलकर जान बचानी पड़ी जिसमें 60 छात्र घायल भी हुए। कोचिंग सेंटर में दुर्घटना होना, आत्महत्या करना आज आम है। जांच के आदेश होते हैं किंतु होता कुछ नहीं। कोचिंग सेंटर चलाने वाले भारी प्रभावशाली है, दूसरे हमारी व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है, पैसे के सामने इंसान की मौत की फाइले कूड़े में चली जाती हैं, फिर एक नई दुर्घटना घटती है, फिर जांच होती है। शनिवार को कई छात्र कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में थे कि अचानक पानी भर गया और उसमें तीन छात्रों की तड़पकर मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बेसमेंट मेन अनुमति स्टोर के लिए थी, लाइब्रेरी के लिए नही। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में 2023 को लगी आग की घटना का स्वयं संज्ञान लिया, कोर्ट ने दिल्ली सरकार, दिल्ली फायर सर्विस डिपार्टमेंट, दिल्ली पुलिस और एमसीडी को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। कोर्ट ने फायर सर्विस डिपार्टमेंट को निर्देश दिया कि वो ऐसे सभी संस्थानों में आग से बचाव के उपायों (फायर सेफ्टी ऑडिट) और उनके फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की जांच करे। ये आदेश दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 जून 2023 को दिए। जांच ये भी होनी चाहिए कि कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में क्या हुआ? स्पष्ट है कि ये जांच नहीं हुई। राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न शहरों में वैध झअवैध कोचिंग संस्थान चल रहे हैं जिनमें स्कूली बच्चों से लेकर बड़े तक पढ़ते हैं । यहां भी फायर सेफ़्टी ऑडिट की आवश्यकता है साथ ही बच्चों की बड़ी संख्या कि देखते हुए सुरक्षा को ध्यान में रखकर अनापत्ति पत्र जारी करने की परंपरा शुरू होनी चाहिए क्योंकि ये




कोचिंग संस्थान भरी संख्या में नामांकन लेते हैं और अधिकांशतः उन भवनों की संरचना उस भीड़ को ध्यान में रखकर नहीं बनाई जाती। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में तीनों बच्चे बाहर इसलिए नहीं निकल पाए क्योंकि दरवाजे का इलेक्ट्रॉनिक लॉक बिजली नहीं रहने से जाम हो गया था। आजकल देखादेखी घरों से लेकर ऑफिस तक में सेफ़्टी इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगाने की होड लगी हुई है जो पश्चिमी देशों में इसलिए सफल है क्योंकि वे सुरक्षा के उच्च मानकों का कड़ाई से पालन करते हैं और एमरजेंसी का बैकअप भी रखते हैं जबकि अपने राज्य या देश के अनेक भागों में पैसे देकर एनओसी बनवा लिए जाते हैं जो अत्यंत खतरनाक साबित हो सकता है । अनेक इलेक्ट्रॉनिक लॉक वाली गाड़ियां भी दुर्घटना के बाद पूरी तरह जल गई हैं जिसके अंदर बैठी सवारियाँ भी साथ में जलकर राख हो गईं । बीते एक दशक में दिल्ली सहित झारखंड में कोचिंग सेंटरों की बाढ़ आ गई है। ज्यादातर घरों में या तो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं या फिर लाइब्रेरी या पीजी बनाकर संपत्ति मालिक चांदी काट रहे हैं लेकिन नगर निगम को शुल्क देने में अब भी कतराते हैं। इन संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। ज्यादातर इमारतों को कोचिंग संस्थान में बदलने के लिए भवन उपनियमों का उल्लंघन किया गया है। तय मानकों को नजरअंदाज कर कमरों को हाल में तब्दील कर दिया गया है। इसके चलते कई इमारतें ढांचागत रूप से कमजोर भी हो गई हैं। यूपीएससी, एसएससी आदि की तैयारी करने वाले छात्र कोचिंग संस्थान संचालकों की मनमानी के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाते। इन्हें क्लास में भेड़-बकरियों की तरह ठूंस कर पढ़ाया जाता है। 25 मई 2019 को गुजरात के सूरत के एक कोचिंग में आग लगने से 22 छात्र की मौत के बाद गुजरात सरकार ने अग्नि सुरक्षा निरीक्षण किए जाने तक गुजराज सरकार ने राज्य के सभी निजी कोचिंग केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया था। सरकार ने स्कूलों, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों, अस्पतालों, शॉपिंग मॉल और अन्य व्यावसायिक भवनों के अग्नि सुरक्षा निरीक्षण का भी आदेश दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने दिल्ली के सभी कोचिंग सेंटरों का अग्नि सुरक्षा निरीक्षण करने का निर्णय लिया था। उस समय भी आदेश हुए थे। जांच हुई। नियमों के विपरीत चलने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई पूरी कर दी गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने नई आरक्षण नीति पर पटना हाईकोर्ट के फैसले को ठहराया सही

**पटना।** सर्वोच्च न्यायालय ने नई आरक्षण नीति के फैसले पर पटना हाईकोर्ट के फैसले का समर्थन किया है। मुख्य याचिकाकर्ता भागवत शर्मा ने बताया कि ₹सुप्रीम कोर्ट में 65 प्रतिशत आरक्षण मामले में सोमवार को सुनवाई थी। कई सीनियर वकील हमारी तरफ से सम्मिलित हुए थे। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की बेंच ने 65 प्रतिशत आरक्षण मामले में पटना हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि संविधान के खिलाफ हो रहे कार्य को रोका गया है और ये आगे भी जारी रहेगा। मुख्य याचिकाकर्ता भागवत शर्मा ने कहा बिहार में 50 प्रतिशत से ज्यादा एसटी-एससी और ओबीसी आरक्षण नहीं बढ़ेगा। हम संविधान को मानने वाले लोग हैं और हमने ये कार्रवाई जीती है। बता दें कि पटना उच्च न्यायालय ने बिहार की नई आरक्षण नीति को अवैध घोषित करते हुए इस रद्द कर दिया है। यह नीति विभिन्न सरकारी सेवाओं और शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण से संबंधित थी। इस फैसले के खिलाफ बिहार सरकार ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की थी। विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में राज्य सरकार ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय का निर्णय गलत था और इससे राज्य की सामाजिक न्याय नीति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राज्य बनाम भागवत कुमार मामले में, वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, अमित आनंद और विकास कुमार प्रतिवादी की ओर से पेश हुए।

उपायुक्त ने डायन प्रथा उन्मूलन जागरूकता रथ को किया रवाना, कहा-

# डायन प्रथा एक अंधविश्वास है




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में डायन कुप्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखार दो जागरूकता रथ को रवाना किया। जागरुकता रथ के माध्यम से डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। जागरुकता रथ पलामू के सभी प्रखंडों, प्रमुख चौक-चौराहों एवं हाट-बाजारों में ऑडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। मौके पर डीसी शशि रंजन ने कहा कि डायन प्रथा एक अंधविश्वास है। इसे जड़ से खत्म करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व जागरूकता के अभाव में लोग इस अंधविश्वास की ओर चले जाते हैं। इस के उदेश्य से यह जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रथ के माध्यम से लोगों को डायन अधिनियम की जानकारी देकर डायन कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। लोगों से कुप्रथा को समाप्त करने में जिला प्रशासन का साथ देने की अपील की।

**शिक्षा व जागरूकता के अभाव में लोग इस अंधविश्वास की ओर चले जाते हैं**

## शैक्षणिक यात्रा पर पहुंचे कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल के छात्र

**मेदिनीनगर।** सोमवार को कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल के नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के 60 छात्रों को शैक्षणिक यात्रा पर डाल्टनगंज रेलवे प्लेटफार्म ले जाया गया। यह यात्रा बच्चों के लिए आयोजित की गई थी, ताकि वे रेलवे प्लेटफार्म की कार्य प्रणाली, रेलवे पायलट, टीटीई और स्टेशन मास्टर की ड्यूटी से परिचित हो सकें। इस मौके पर छात्र लोको पायलट स्टेशन मास्टर और टीटीई से मिले तथा उनके साथ समय व्यतीत किया। विद्यालय के निदेशक ने बताया कि कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल अपने छात्रों को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस यात्रा के माध्यम से, छात्रों ने न केवल आनंद लिया, बल्कि रेलवे के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह यात्रा हमारे आस-पास के स्थानों की जानकारी को समझने और सामाजिक अनुभव को बढ़ाने में सहायक रही।

# दूसरी सोमवारी को शिवालयों में भक्तों की लगी रही भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्रावण मास के दूसरे सोमवारी पर भी मेदिनीनगर के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की अपार भीड़ जुटी। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ पर मनोकामना पूर्ण करने हेतु बिल्वपत्र, फूल भांग धतूरा आदि चढ़ाए। कई मंदिरों में पूरे दिन भगवान शिव का जलाभिषेक होता रहा इसके साथ-साथ कई शिवभक्त मंदिरों में ही रुद्राभिषेक आदि भी करते देखे गए। शिवालयों में शिव नाम की गूंज और घंटियों की आवाज से पूरा मेदिनीनगर शिवमय हो गया। इस वर्ष वर्षा कम होने से पलामू के लोगों में उदासी है लेकिन श्रावण मास में देवाधिदेव की पूजा अर्चना पूरी तन्मयता से कर रहे हैं। दूसरी सोमवारी पर आबाद गंज स्थित शिवालय में महिलाओं ने खास पूजा की। इसके साथ-सा कामना पूर्ति शिव मंदिर रेड़मा, बुढ़वा शिव मंदिर बारालोटा, सदर के भैंसाखुर स्थित शिव मंदिर, पुलिस लाइन रोड स्थित शिवालय समेत पूरे मेदिनीनगर में पूरे दिन शिव भक्तों की खासी भीड़ दिखाई दी। कई भक्त अपने-अपने घर में बने शिवालय तथा शिवलिंग पर पूजा अर्चना करते भी दिखाई दिए।



### दूसरी सोमवारी का है खास महत्व

मान्यता के अनुसार श्रावण की दूसरी सोमवारी का खास महत्व है। इस कारण पहला सोमवारी की अपेक्षा दुगनी भीड़ शिवालयों में उमड़ी। जानकारों के अनुसार श्रावण की दूसरी सोमवारी का एक खास महत्व यह भी है कि समुद्र मंथन में श्रावण के दूसरे सोमवार को ऐरावत हाथी की प्राप्ति हुई थी जो धन और वैभव का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक करने शिवालयों में पंहुची। मंदिरों में महिलाओं की संख्या ज्यादा देखी गई है। सावन में पार्थिव शिवलिंग की पूजा से संतान प्राप्ति, धन, व्यापार में वृद्धि,ऋण मुक्ति, उधारी पैसा का आगमन में लाभदायक होता है। आचार्य मनीष मिश्रा ने बताया कि सावन के पावन माह भर अगर कोई भी व्यक्ति अपने घर मे पार्थिव शिवलिंग की पूजा करेगा तो उसे मनचाहा मन्नत पूरी होती है।

## एक नजर

### पेड़ के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं : चंद्रशेखर सिंह

**मेदिनीनगर।** पृथ्वी पर जीवन की कल्पना तभी की जा सकती है, जब पौधरोपण किया जाए। आज के रोपे गए पौधे आने वाले दिनों में पेड़ बनेंगे। इससे वातावरण शुद्ध होगा। साथ ही प्राणवायु के रूप में ऑक्सीजन मिलेगा। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे रविवार को डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के स्थापना दिवस पर 100 दिन के पौधरोपण सह जन संपर्क कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने चैनपुर प्रखंड के बोकेया, नाग बाबा मंदिर परिसर, रामपुर गांव के देवी मंडप परिसर व रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह पंचायत के हिसरी मध्य विद्यालय परिसर में शिक्षक ओमप्रकाश साव व पार्टी नेताओं, कार्यकताओं व ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने ग्रामीण व कार्यकताओं के साथ फलदार पौधे लगाए।

# जेटेट परीक्षा से वंचित छात्रों ने विश्वविद्यालय में जमकर किया हंगामा

**द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने के कारण शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं में नहीं हो पा रहे शामिल**



**अब तक दो सेमेस्टर की परीक्षा ली गई है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीएड सत्र 2022-24 के छात्रों ने नीपी विश्वविद्यालय में जमकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप था कि चार सेमेस्टर में अब तक केवल दो सेमेस्टर की ही परीक्षा ली गई है, जिसमें दूसरे सेमेस्टर का रिजल्ट अब तक नहीं प्रकाशित हुआ है। छात्र आखिरी सेमेस्टर में होने के बावजूद शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। छात्रों ने अपने सौंपे गए ज्ञापन में द्वितीय सेमेस्टर का प्रवेश परिणाम 5 अगस्त तक घोषित करने, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 10 से 18 अगस्त तक लेने एवं परिणाम 25 अगस्त तक घोषित करने,चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा सितंबर में लेते हुए अक्टूबर तक परिणाम घोषित करने समेत जेटेट में शामिल होने हेतु अपीयरिंग सर्टिफिकेट जारी करने की बात कही है। इस बाबत जानकारी लेने पर परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने बताया कि छात्रों का रिजल्ट 6 अगस्त तक जारी कर दिया जाएगा। उसके बाद वह आसानी से जेटेट परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। चूंकि बीएड कोर्स की 2 साल की अवधि होती है उसके दौरान ही आखिरी सेमेस्टर की परीक्षा लेते हुए रिजल्ट भी प्रकाशित कर दिया जाएगा।

### विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका

झारखंड सरकार द्वारा सात वर्ष बाद जेटेट परीक्षा आयोजित की गई है। आखिरी सेमेस्टर की परीक्षा न होने के कारण छात्र जेटेट परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। मौके पर उपस्थित छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं परीक्षा नियंत्रक की लापरवाही के कारण हम सभी विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। अगर हमारा निश्चित समय से चतुर्थ सेमेस्टर बीएड परीक्षा आयोजित हो जाता तो हम सभी शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो जाते। सरकार ने जेटेट परीक्षा की अधिसूचना जारी की है। जिसके लिए हम सभी योग्य नहीं हैं। शीघ्र हमारी परीक्षा लेते हुए अक्टूबर तक परिणाम जारी नहीं किया गया तो बीएड कोर्स में अध्ययनरत छात्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### हेमंत सरकार विधानसभा क्षेत्र से सौतेला व्यवहार बंद करे : आलोक चौरसिया

**मेदिनीनगर।** स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने एक बार फिर जनता की आवाज बनकर सामने आए हैं। उन्होंने चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण के लिए हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। यह सड़क झारखंड और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसकी दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। विधायक आलोक चौरसिया का यह संघर्ष न केवल उनके निर्वाचन क्षेत्र के लिए बल्कि दोनों राज्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायक आलोक चौरसिया ने अप्रैल महीने में ही चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विभाग के माध्यम से कैबिनेट को भेजा था। इसके बावजूद कैबिनेट ने अभी तक इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि इसे केवल मरम्मत करने से कोई लाभ नहीं होगा। इसे पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। सड़क की दुर्दशा के कारण स्थानीय जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह रवैया उनके विधानसभा क्षेत्र के प्रति अन्यायपूर्ण है। स्थानीय जनता जिनकी समस्याओं को विधायक ने हमेशा प्राथमिकता दी है। अब उनके साथ इस संघर्ष में खड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विधायक आलोक चौरसिया इस मुद्दे को न उठाते तो शायद सरकार इस सड़क की दुर्दशा को नजरअंदाज कर देती। विधायक और स्थानीय लोगों का आक्रोश अब चरम पर है। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कैबिनेट इस सड़क के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं देती है तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को अपने सौतेले व्यवहार के लिए डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता से माफी मांगनी पड़ेगी। यह चेतावनी न केवल सरकार के लिए एक गंभीर संदेश है, बल्कि यह दर्शाता है कि विधायक आलोक चौरसिया जनता के हितों के प्रति कितने समर्पित हैं। विधायक ने कहा चैनपुर थाना रोड का पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। यह सड़क झारखंड और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण मार्ग है और इसकी स्थिति अब इतनी खराब हो चुकी है कि इसे केवल मरम्मत से सुधारना संभव नहीं है। हम सरकार से पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं और यदि हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो हमें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### श्रावणी झूलन मेला का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** कोयल नदी किनारे 'दुबई थीम' पर आधारित श्रावणी झूलन मेला का उद्घाटन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने फीता काटकर किया। मौके पर राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि पलामू में आबादी बढ़ रही है उसके साथ मेला में भी भीड़ होने की पूरी संभावना है। व्यवस्थापक की बड़ी जिम्मेदारी होती है। आप प्रशासन का सहयोग लें और मेले में लोगों की सुविधा का खास ध्यान रखें। श्रावणी झूलन मेला के संचालक लव कुश ने बताया कि इस मेले में झूला, ड्रेगन झूला, टोरा टोरा झूला, ब्रेक डांस, नाव समेत कई झूले लगाए गए है उसके साथ साथ मेला में हर तरह की सामानों की दुकान और दुबई और लंदन की तर्ज पर लोगों के लिए सेल्फी पाइंट बनाये गए हैं। मेले के उद्घाटन के मौके पर जेएमएम जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा जिला सचिव सन्नू सिद्दकी, पूर्व वार्ड पार्षद ट्विंकल गुप्ता,जेएमएम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सनी शुक्ला समेत कई लोगों उपस्थित थे।

### शहर में गंदे व झाग युक्त पानी की आपूर्ति से आक्रोश



**मेदिनीनगर।** शहर में लगतार गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों पेयजल स्वच्छता विभाव व नगर निगम के प्रति आक्रोश व्याप्त है। गंदा पानी की आपूर्ति को लेकर शहरवासी काफी दिनों से परेशान है। पंपूकल से जो पानी की आपूर्ति प्रतिदिन किया जा रहा है गंदा व झाग युक्त हो होता है। पीने को कौन कहे दैनिक काम के लिए भी वह पानी उपायोगी नहीं है। गंदा पानी से गंध बहुत अधिक आता है। इस मामले को लेकर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने उपायुक्त को पत्र लिख कर पूरे मामले से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पंपूकल से जो पानी आपूर्ति किया जा रहा है, उसमें सामान नहीं मिलने के कारण हर घर में पानी गंदा जा रहा है। मुहल्ले में इस गंदा पानी को डब्बा में लोग भर रहे हैं। पानी में झाग भी स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। अभी तक शहर में कोई भी बोरिंग में लेयर नहीं आने के कारण यही पानी को लोग अपने दैनिक कार्य में उपयोग कर रहे हैं। पिछले 10 दिनों से फिटकरी नहीं रहने के कारण पानी आपूर्ति में नहीं डाला जा रहा। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त द्वारा कोशिश जरूर किया जा रहा है लेकिन पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता पानी आपूर्ति सही हो इसे लेकर उनको कोई चिंता नहीं है। बराबर उनको जानकारी में देते रहने के बाद नगर आयुक्त द्वारा भी व्यवस्था के लिए कहा जा रहा है पर व्यवस्था नहीं हो पा रहा है इससे जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि पेयजल स्वच्छता विभाग इस पर कुछ करने नहीं जा रहा है।

# डीएवी सिमडेगा को हराकर एमकेडीएवी बना विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में चल रही डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग की बास्केट बॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज की टीम ने डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा को 22-2 के अंतर से हराकर ट्राफी अपने नाम कर लिया। एमकेडीएवी की टीम में प्रभात दुबे (कैप्टन), इशांत कुमार पांडेय, अभिनव तिवारी, जय मंजस लकड़ा, प्रेम कुमार मेहता, कार्तिक त्रिपाठी, अंकित राज, अभिनव कुमार,अतुल्य तिवारी एवं हर्षित तिवारी शामिल थे। विद्यालय की 19 वर्ष आयु वर्ग की बास्केटबॉल बालिका टीम उपजेता रही। सिमडेगा की टीम विजेता रही और इस प्रतियोगिता का परिणाम 12-14 रहा। इसकी सदस्य श्रुति सिमोनी, देवांसी अग्रवाल, अनुष्का शर्मा, आशा कुजूर, स्वस्ति, गरिमा वर्मा, आराध्या, अंजली दुबे एवं श्रेया केजरीवाल थी। सिमडेगा के उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विजेता प्रतिभागियों को डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज डॉ. जीएन खान ने वरिष्ठ प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा भवनाथपुर, जीपी सहाय लोहरदगा, जीके झा गुमला, सुजय कुमार मिश्रा सिमडेगा के साथ संयुक्त रूप से ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया।

# कलियुग में भगवान नाम उच्चारण ही मुक्ति का सबसे सरल, सहज उपाय: जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अमानत नदी तट स्थित चातुर्मास व्रत कथा में जियर स्वामी ने कहा कि कलियुग में प्राणियों के उद्धार का सबसे सरल और सहज उपाय भगवान नाम का उच्चारण उनका गुणगान करने से मुक्ति मिलती है। श्रीमद्भागवत कथा में भगवान कपिलदेव ने आत्मा उपदेश में बताया है कि सांसारिक प्राणी जो अपने ही दिनचर्या में लगा रहता है उसके उद्धार का सरल और सहज उपाय तो अनेक है, लेकिन कठिन है। यज्ञ-यज्ञादि, तीर्थ-व्रत, दान-पुण्य, पूजा पाठ से मुक्ति मिल सकता है, लेकिन इसे करना भी कठिन है। इसमें श्रम, धन बहुत खर्च होते हैं। तीर्थ करने के लिए शरीर में बल नही है। दान पुण्य करने की क्षमता नही है। इंसान अपने व अपने पारिवारिक खर्च पुराने में ही परेशान है। इसलिए सबसे सरल और सहज उपाय भगवन नाम उच्चारण गुणगान है। इसमें कोई खर्च नही है। इससे दूसरा कोई श्रेष्ठ साधन नही है। यही भक्ति मार्ग है। भक्ति से बढ़कर भगवान की प्रसन्नता का कोई अन्य साधन नहीं है। मनुष्य को भाग्यवादी नहीं कर्मवादी बनना चाहिए। अन्तिम क्षण तक कर्म का त्याग नहीं करना चाहिए। कर्म ही हमारी पूजा है। कर्म ही हमारी जननी है। कर्म ही हमारा भाग्य है। कर्म ही हमारा धर्म है। कर्म ही स्वर्ग है। कर्म विवेकपूर्ण होना चाहिए। विवेकपूर्ण कर्मों के द्वारा इस संसार में आदर, सुख, शान्ति को प्राप्त कर सकते हैं। ईश्वर की आज्ञा मानकर अपने कर्मों को हमें करना चाहिए। भक्ति में समर्पण का भाव होना चाहिए। ज्ञान, वैराग्य युक्तेन ज्ञान वैराग्य से युक्त भक्ति जो करता है वह शान्ति और मुक्ति को प्राप्त करता है।

### बिजली गुल रही तो उपभोक्ता ले सकते हैं ढाई रुपया प्रति घंटा: फैबस

**मेदिनीनगर।** स्थानीय एसएलए पब्लिक स्कूल शाहपुर में फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की आयोजित बैठक में सदस्यों ने व्यापार के सभी क्षेत्र से जुड़े सदस्यों ने अपनी कई समस्याओं को रखा। कई विषयों पर आपस में विचार विमर्श किया गया। मुख्य रूप से बिजली की अव्यवस्था के चलते सबसे अधिक परेशानी व्यापारियों को हो रही है। पावर कट व वोल्टेज फ्लैकचुएशन के चलते व्यापार में लगे इक्विपमेंट आए दिन खराब होता हैं। जनरेटर व सोलर के भरोसे व्यापार संभाल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र। अंधेरा का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व चोरी जैसी घटनाओं को आए दिन अंजाम दे रहे हैं।

## साहित्य

### पुस्तक 'मुक्तक पंचामृत' का लोकार्पण समारोह

# काव्य का प्रणयन साधना युक्त सारस्वत अनुष्ठान : सुरेंद्र मिश्र

**सकारात्मक साहित्य रचनेवालों को संस्कार ग्रस्त कह कर एक प्रकार से उन्हें साहित्य के हाशिये पर रखने की कोशिश की जाती रही है**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कवि राकेश कुमार द्वारा संपादित पलामू के पांच छांदस रचनाकारों राकेश कुमार, नीरज कुमार पाठक, रीना प्रेम दुबे, अनुज कुमार पाठक, रमेश कुमार सिंह रचित 'मुक्तक पंचामृत' का लोकार्पण झारखण्ड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष माननीय इंदर सिंह नामधारी, साहित्य अकादमी से पुरस्कृत साहित्यकार व भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी कुमार मनीष अरविन्द, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के संपादक डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र ने संयुक्त रूप से माता द्रौपदी नामधारी गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल जमुने के प्रशाल में आयोजित समारोह किया। अध्यक्षता शिक्षाविद प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र ने की। संचालन युवा कवि विद्या वैभव भारद्वाज ने किया। मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि साहित्य के माध्यम से सामाजिक समरसता का प्रसार होना चाहिए और हिंदी और उर्दू दोनों ही भाषा के कवियों को आपस में मिलकर पुस्तक की रचना करनी चाहिए। उन्होंने कवि राकेश कुमार द्वारा पूर्व में संपादित पुस्तक फूले विपिन पलाश की सराहना की, जिसमें दोनों ही भाषा के कवियों ने दोहों की रचना की थी। उन्होंने पलामू की साहित्यिक गतिविधियों को और अधिक गति देने के लिए समस्यापूर्ति जैसे कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यकता बतायी। कुमार मनीष अरविन्द ने कहा कि पूर्व में सकारात्मक साहित्य रचनेवालों को संस्कार ग्रस्त कह कर एक प्रकार से उन्हें साहित्य के हाशिये पर रखने की कोशिश की जाती रही है। परंतु पलामू की सकारात्मक रचनाधर्मिता बहुत ही संतोषदायक है। डॉ. सिद्धेश्वर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार ऊंट जब पहाड़ के पास जाता है तब उसे अपनी ऊंचाई का पता चलता है। ठीक उसी प्रकार दूसरे जिले के सहित्यकार जब पलामू आते हैं तब उन्हें अपने ज्ञान का असली अंदाजा हो पाता है। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि काव्य का प्रणयन एक साधना युक्त सारस्वत अनुष्ठान होता है। इस अनुष्ठानिक उपक्रम में युवा कवि राकेश कुमार के संपादन में यहां के पांच साहित्य सेवियों ने छंद मुक्त प्रवाही परम्परा में भी साहित्य के शास्त्रीय विधानों का आश्रय लेकर पूर्णतः छंदवद्ध ग्रंथ 'मुक्तक पंचामृत' समाज को समर्पित किया है। अध्यक्ष प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि साहित्य क्या है और क्या होना चाहिए के बीच की कड़ी है। कवि अपनी रचना के माध्यम से समाज के दृष्टिकोण को बदल सकता है। मुख्य वक्ता सुरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि मुक्तक पंचामृत के चार कवियों व कवयित्री ने सोमदेवता व सोमदेवी की भांति अमृत बांटने का कार्य किया है। समारोह में संपादक राकेश कुमार,रचनाकार नीरज कुमार पाठक,रीना प्रेम दुबे,अनुज कुमार पाठक,रमेश कुमार सिंह,रामाधार सिंह,दिवाकर झा,श्रीधर प्रसाद द्विवेदी और हरिवंश प्रभात ने भी अपने विचार प्रकट किए। समारोह में विषय प्रवेश प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी। स्वागत उद्बोधन उमेश कुमार पाठक रेणु,सरस्वती वंदना राम प्रवेश पंडित व धन्यवाद ज्ञापन आचार्य धनन्जय पाठक ने किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

राष्ट्रीय सेवा मंच के अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक व सचिव प्रेम प्रकाश दुबे ने रचनाकारों व मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। समारोह में प्राचार्य के गुप्त,राहुल सिंह,अश्लेश पांडेय,विजय पांडेय,अनुपमा तिवारी,वंदना श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव,ममता झा,आरएन झा, पंकज श्रीवास्तव, शीला श्रीवास्तव,घनश्याम कुमार,अजय मिश्र,विद्यासागर शर्मा,बलराम पाठक,अनिल कुमार शर्मा,कमलेश कुमार,अनुराग कुमार,अभिनव कुमार,प्रेम प्रकाश पांडेय,श्यामलाल उराँव,नवीन कुमार,रविशंकर पांडेय,पांडेय रमेश विद्यानाथ, दिनेश शुक्ला,उमाशंकर पाठक,शैलेन्द्र पाठक, प्रवीण चन्द्र मिश्र मौजूद थे।

## आनंद मार्ग संघ ने किया पौधरोपण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा मेराल के तत्वावधान में छायादार एवं फलदार पौधा लगाया गया। आनंद मार्ग आश्रम परिसर, डॉक्टर लालमोहन के फार्म हाउस, डॉ रंजीत कुमार के आवास परिसर, इंजीनियर रोहित कुमार के आवास परिसर, एसबी एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल परिसर, प्रोफेसर राजमोहन के आवास परिसर सहित अन्य जगहों पर सामूहिक रूप से पर्यावरण बचाने को लेकर 50 पौधरोपण किया गया। पिछले वर्ष भी आश्रम परिसर पौधा लगाया गया था। सभी पौधा लगने एवं ग्रोथ होने पर लोगों ने खुशी जाहिर की। पौधा रोपन कार्यक्रम में डॉक्टर लालमोहन,धर्मेंद्र देव,मदन कुमार यादव, मथुरा बैठा, मथुरा महतो, रमेश महतो, सोबरन महतो शामिल थे।

## ईडी की टीम पहुंची गढ़वा, हृदयानंद तिवारी के आवास पर चिपकाया नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम सोमवार को गढ़वा पहुंची। वहां इंजीनियर वीरेंद्र कुमार के मामले में मंगल भवन के समीप उमा भवन में हृदयानंद तिवारी के घर में नोटिस लगाया। इस दौरान 30 दिनों के भीतर ईडी कार्यालय में हाजिर होने के लिए ईडी की टीम ने अधिवक्ता संघ के भवन पर भी नोटिस चिपकाया। उसके बाद ईडी टीम गढ़वा से चली गई। बताया जा रहा है कि इंजीनियर वीरेंद्र कुमार के




मामले में अधिवक्ता हृदयानंद तिवारी के दिल्ली स्थित आवास व गढ़वा स्थित आवास पर नोटिस जारी किया गया था। जिसमें उन्हें पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय 25 जुलाई को बुलाया गया था। लेकिन हृदयानंद तिवारी ई डी कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके बाद ईडी की एक दो सदस्य टीम गढ़वा पहुंचकर उसके आवास पर और अधिवक्ता संघ कार्यालय भवन के पास अरेस्ट वारंट नोटिस चिपकाया है। बताते चले कि उससे पूर्व गढ़वा में ईडी के आने की सूचना के बाद हड़कंप मच गई। सभी विभाग एवं ठेकेदार सख्ते में आ गए और दिनभर ईडी कहां पहुंची इसे लेकर परेशान नजर आए।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**धुरकी।** पुलिस ने सोमवार के दिन तीन वारंटी को शशिकांत पांडेय, पिता सत्येंद्र देव पांडे, ग्राम शारदा, कुंज बिहारी गुप्ता, पिता विश्वनाथ साव, ग्राम मिरचैया, प्रभु कोरवा, पिता रामकेश कोरवा, ग्राम फटपानी तेनुआही टोला को तथा धुरकी थाना के नामजद अभियुक्त इसहाक अंसारी पिता स्वर्गीय सादिक मियां ग्राम करवापहाड को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थित कराने के बाद जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर छापामारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी। छापामारी दल में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के साथ सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बिकु कुमार, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव शामिल थे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को ले विशेष चर्चा

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में सोमवार को बसपा का गढ़वा विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक गढ़वा विधानसभा प्रभारी सह भावी विधानसभा प्रत्याशी अजय कुमार चौधरी ऊर्फ अजय मेटल के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ बसपा नेता ज्ञानी राम ने की। संचालन प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री यूपी सह केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, केंद्रीय राज्य प्रभारी राम बाबू चिरगाईया, केंद्रीय राज्य प्रभारी श्रीकांत, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा शामिल हुए। बैठक की शुरूआत सर्वप्रथम भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बीआर अंबेडकर, बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम व विरांगना फूलन देवी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। जिसके उपरांत आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य अतिथि गयाचरन दिनकर ने कहा कि कार्यक्रता ही पार्टी का रीढ होते है। पिछली सभी बातों को भूलकर आगामी विधानसभा चुनाव में जुट जाएं। संगठन को विस्तारित करते हुए और मजबूत करें। झारखंड विस चुनाव बसपा पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। केंद्रीय राज्य प्रभारी रामबाबू चिरगैया ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यक्रर्ताओं को कई टिप्स दिए। प्रदेश प्रभारी श्रीकांत ने कहा कि बसपा सभी जाति धर्मो की पार्टी है। इस पार्टी में सभी लोगों को ख्याल रखा जाता है। प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता ने कहा कि बहुजन समाज पूरी तरह जागृत हो जाए, आने वाला समय हमारा है।

### झामुमो के 50 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

# गढ़वा से अपराधीकरण के समाप्ति के लिए जनता तैयार: सत्येंद्रनाथ

- पूर्व विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के कार्य प्रणाली से लोग ऊब चुके हैं
- आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी और राज्य की विधि-व्यवस्था को फिर से चुस्त दुरुस्त किया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। राज्य सरकार के पौने पांच वर्ष में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गढ़वा में दिन दहाड़े गोली चालन की घटना घट रही है। सभी जाति व धर्म के व्यवसायी वर्ग सहमा हुआ है। एक तरफ लोगों को झूठे केस में फंसाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ आए दिन आपराधिक घटनाएं घट रही है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने सोमवार को कही। वह सदर प्रखंड के टेढ़ी हरैया गांव में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव के 50 से अधिक मुस्लिक समुदाय के लोग झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व विधायक ने सभी को पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के कार्य प्रणाली से लोग ऊब चुके हैं। सभी की निगाह भाजपा की ओर है। आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी और राज्य की विधि-व्यवस्था को फिर से चुस्त दुरुस्त किया जाएगा। ताकि लोग अमन व चैन से जीवन गूजर बसर कर सकें। उन्होंने कहा कि स्थानीय मंत्री सह विधायक गढ़वा का अपराधिकरण की ओर ढकेल दिए है। गढ़वा के लोग न्यायप्रिय व्यवस्था में विश्वास करते है। आने वाले चुनाव में गढ़वा से अपराधिकरण को समाप्त करने के लिए क्षेत्र की जनता आतुर है। चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिना पैसा का कोई काम नही हो रहा है। गढ़वा के पचपड़वा में युवक की हत्या, चिनियां में मुखिया पति की हत्या और कुछ दिन पहले ही मुस्लिम युवक पर गोली चलाई गई। जिसमें वे बाल-बाल बचा है। भाजपा सरकार में ही लोग अमन व चैन से जीवन गुजार सकते हैं। लोगों ने कहा कि फिर से 2009 की चुनाव की तरह हलचल पैदा होगी। मुस्लिम बाहुल्य गांव में एक टीम बनाकर दौरा किया जाएगा। भाजपा के पक्ष में कार्य किया जाएगा। मौके पर हाजी जउवाद, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, लक्ष्मीकांत पांडेय, विकास तिवारी आदि उपस्थित थे। भाजपा में शामिल होने वालों में आजम अंसारी, गुलाम मुस्तफा, मोजकीर हुसैन, डॉ. मेहदी हसन, जिसान अंसारी, सदाम अंसारी, गुलाम अहमद रजा, रिजवान अंसारी, तौहीद अंसारी, मकसूद अंसारी, फारूक अंसारी, मोख्तार अंसारी, रकीम अंसारी, दिलकस अंसारी, शफुर्दीन अंसारी, इमामुदीन अंसारी, जहीर अंसारी, असगर अंसारी, आरिफ अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी सहित 50 से अधिक लोगों का नाम शामिल हैं।

### हेमंत सरकार में विधि व्यवस्था चौपट : ग्रामीण

पार्टी में शामिल होने वाले ग्रामीणों ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में गढ़वा ही नहीं बल्कि पूरे राज्य की जनता, खासकर व्यवसायी शांति से रह रहे थे। लेकिन जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। विधि-व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। आए दिन गोली चालन की घटना से आम-आवाम दहशत में है। गढ़वा में कई घटनाएं घटी है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों की हत्या कर दी गई। बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

### अंजुमन उर्दू हिंद गढ़वा जिला ईकाई का गठन

**गढ़वा।** अंजुमन उर्दू तरक्की हिंद गढ़वा जिला इकाई का गठन किया गया। इस चुनाव की अध्यक्षता डॉ. मोहम्मद यासीन अंसारी ने किया। मुख्य रूप से झारखंड राज्य के स्टेट कंवेनर एमजेड खान उपस्थित थे। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्र के कई लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें गौहर अली खान, ज्याउल हक अंसारी, सदरूद्दीन खान व शफकतुल्लाह खान को सरपरस्त बनाया गया। जबकि डॉक्टर एमएन सिद्दीकी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा नियाजउद्दीन अंसारी, इमरान खान, डॉक्टर मोहम्मद महताब को उपाध्यक्ष, खुदाबख्श संसारी को सचिव, असगर अंसारी को मजलिशे अमला राज्य प्रतिनिधि मनोनीत किया गया।

## एक नजर

### जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के उरसुगी गांव के कुसमहा टोला में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दुखन विश्वकर्मा उसकी पत्नी सीमा देवी, लक्ष्मण विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा एवं अजय विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं। इसमें दुखन विश्वकर्मा तथा लक्ष्मण विश्वकर्मा को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है । घटना के संबंध में दुखन विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि सूर्य देव उरांव, सीत रोहन उरांव, ब्रह्मदेव उरांव, नरेश उरांव, राजू उरांव आदि ने उसके केवाला जमीन को अपना जमीन बताकर उसके साथ हमेशा विवाद करते रहते हैं। इस बात को लेकर गांव में कई बार पंचायत भी हुआ इसके बाद भी उक्त लोग पंचायत को नहीं माना। इसके बाद सरकारी अमीन को बुलाकर नापी भी कराया तथा उसमें खुटा गड़ी भी किया गया इसके बावजूद भी दूसरे पक्ष के लोगों ने उसका मान नहीं किया।

## हाथियों का आतंक जारी, आदिम जनजाति युवक की मौत

### ग्रामीणों किया ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनी धौरा गांव में आदिम जनजाति के एक व्यक्ति को हाथी ने कुचल कर मार डाला। ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप भंडार धुरकी मुख्य पथ को करीब 1 घंटे तक जाम रखा। वन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल 10000 की सहायता राशि देते हुए 4 लाख मुआवजा के रूप में देने में सहमति जताई है। प्राप्त समाचार के अनुसार कदवा गांव निवासी सुकराज कोरवा नामक व्यक्ति लकड़ी चुने के लिए जंगल गया हुआ था। वहां एक हाथी ने उक्त व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। गांव में इस घटना की चर्चा बड़ी तेजी से फैल गई है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने इकट्ठा होकर भंडार कदवा धुरकी पथ को जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सदल बल के साथ पहुंचे। वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देश पर वनपाल प्रमोद यादव ने मृतक के परिजनों को 10000 तत्काल सहायता राशि देते हुए 4 चार लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की। पथ जाम करने में प्रमुख शांति देवी, भाजपा नेता अखिलेश यादव,सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, मुखिया रघुनाथ सिंह, किशन धारी, कोरवा झामुमो नेता इसराइल खान सहित सैकड़ो संख्या में लोग उपस्थित थे।

### युवक ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के हुर मध्या गांव निवासी जवाहर चौधरी का पुत्र जयप्रकाश चौधरी 45 वर्ष में कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि जयप्रकाश चौधरी खाना बनाने को लेकर अपनी बेटी के साथ नोंक- झोंक किया था। इसके बाद वह रात्रि में खाना खाकर अपने घर में सो गया। सुबह होने पर सभी लोग अपने घर के कामकाज में लग गए। इसके बाद जयप्रकाश चौधरी ने घर से बाहर जाकर जहर खाकर वापस घर आ गया।

## बीआरपी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को प्रखंड साधन सेवी व संकुल साधन सेवियों की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में हुई। बीआरपी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में बीआरपी ने रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में होने वाले तमाम गतिविधियों का डे टू डे कार्यक्रम का लिखित प्रतिवेदन बीआरसी को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रधानाध्यापकों को दिया। विद्यालय के पोषक क्षेत्र में शत्- प्रतिशत नामांकन कराने व कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था करने का निर्देश। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू किया जाय। उन्होंने कहा की सीआरपी प्रधानाध्यापक से यू -डायस में प्रोग्रेशन का काम पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सीआरपी प्रधानाध्यापक से समन्वय बनाकर छात्रवृत्ति व पोशाक हेतु खाता का डाटा बीआरसी में जमा कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि बच्चों को छात्रवृत्ति व पोशाक की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा जा सकें। प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया रेल प्रोजेक्ट के तहत होने वाले साप्ताहिक टेस्ट का अनुश्रवण करना तथा सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा लिंक भरवाने का निर्देश दिया। एमडीएम के तहत शत्-प्रतिशत मैसेज, ई विद्या वाहिनी में छात्रों की उपस्थिति व शिक्षक का बायोमैट्रिक उपस्थिति शत प्रतिशत लागू हो। कक्षा-कक्ष कि सफाई सहित अन्य कार्यों की जानकारी से अवगत कराया और कहा कि ये सभी कार्यक्रम विद्यालयों में शत प्रतिशत लागू हो, इसे सीआरपी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के योगदान एंव सहयोग से निम्न बिन्दुओं में प्रदर्शन ग्रेडिंग प्रपत्र का सर्वे सभी विद्यालयों में हो यह सुनिश्चित हो। बैठक में बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह,अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, शोभा पांडेय,बिरेन्द्र प्रजापति , सुबोध कुमार केशरी ,कम्प्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

### वार्ड एकता संघ की जिला स्तरीय सम्मेलन

# पंचायत जनप्रतिनिधियों को नहीं मिला हक: गिरिनाथ




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** वार्ड एकता संघ के की ओर से उमंग वाटिका में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह, जिला परिषद के उपाध्यक्ष सतनारायण यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के अंत में समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को मांग पत्र भी सौंपा गया। मौके पर पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वार्ड सदस्यों का भी चुनाव हुआ। लेकिन पंचायती राज्य में किसी भी तरह का अधिकार नहीं मिला। आज पंचायत की मुखिया अपने मनमाने तरीके से कार्य करते हैं। वार्ड सदस्यों का योजनाओं में अनुशंसा या हस्ताक्षर नहीं होता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रतिनिधियों की सम्मान नहीं दे रही है। पंचायत चुनाव हुए ढाई साल से अधिक हो गए। लेकिन आज तक पंचायत के जनप्रतिनिधियों को किसी भी तरह का हक और अधिकार नहीं दिया गया। जिसके कारण आज भी पंचायत के जनप्रतिनिधि खुद को अपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने पंचायत के मूलभूत समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचते हैं। तो उनके सुनने वाला कोई नहीं है आज सभी विभागों में भ्रष्टाचार है। जरूरतमंद लोगों को आवाज नहीं मिल रहा है। कई जरूरतमंद लोग आज तक पेंशन से दूर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों की उचित मांग पर विचार करना चाहिए। मान्यता आने वाले समय में वार्ड सदस्य चुनाव में अपना दम दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्यों को उचित मान सम्मान मिलना चाहिए। और सरकार अगर ऐसा नहीं करती है तो सरकार के खिलाफ आने वाला समय में उग्र आंदोलन होगा। सड़क से लेकर सदन तक पंचायत के जन प्रतिनिधि आंदोलन करेंगे। मौके पर को पर संघ के जिला अध्यक्ष रईस खान, सचिव नौसद अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी सुमित तिवारी, प्रवक्ता राजू तिवारी, मुन्ना सिंह, उपेंद्र तिवारी, अर्चना सिंह, बेद प्रकाश दुबे, डबलू खान, रमेश यादव, बीरबल कुशवाहा, योगेंद्र राम, ममता कुंवर, योगेन्द्र राम आदि उपस्थित थे।

### झारखंड सरकार पंचायत शक्ति को कमजोर कर रही : यादव

जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्नारायण यादव ने कहा कि झारखंड सरकार पंचायत की शक्ति को कमजोर करने का काम किया है पंचायत के जनप्रतिनिधियों को किसी भी तरह का हक और अधिकार नहीं दिया जा रहा है। विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में पंचायत के प्रतिनिधि को नहीं बुलाया जाता। मुखिया और ब्लॉक की कर्मी की मिली भगत से काम कर रहे हैं। कोई जरूरतमंद लोगों को सरकार की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि अब पंचायत की जनप्रतिनिधि अपने हक और अधिकार के लिए उग्र होंगे और सरकार को हिलाने का काम करेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 04/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 27.07.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रंका | RWD/GARHWA/14/2024-25 | रंका रमकण्डा पथ से मध्य विद्यालय होते हुए सोनपुरवा पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.050 कि0मी0) | 1189.557 | ग्यारह करोड़ नवासी लाख पचपन हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | चिनियाँ | | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुर्री पालामाटी होते हुए नगसीली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (10.400 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोशठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenderers.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 331042 Rural Work Department (24-25)_D



झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
कार्यालय:- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा
पता- संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114
Email- atmagarhwa2007@gmail.com

**खाद बीज कीटनाशी प्रतिष्ठानों के लिए आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिले मॉनसून आगमन के साथ खरीफ की विभिन्न फसलों जैसे धान, मक्का, अरहर, मूँग, मड़ुआ आदि के बुआई का कार्य तीव्र हो गया है जिस कारण बाजार में खाद बीज एवं कीटनाशी की माँग में बढ़ोतरी देखी गई है इस स्थिति में कालाबाजारी मूल्य वृद्धि आदि समस्याओं की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। उक्त परिस्थिति को रोकने के लिए निम्न निर्देश दिये जा रहे हैं।

1. सभी प्रतिष्ठान खाद, व कीटनाशी की अनुज्ञप्ति जिला कृषि कार्यालय गढ़वा से तथा बीज की अनुज्ञप्ति अनुमण्डल कृषि कार्यालय से अवश्य बनवा लें।
2. खाद, बीज एवं कीटनाशी प्रतिष्ठान बिना खाद, बीज एवं कीटनाशी अनुज्ञप्ति के व्यापार न करें।
3. खाद, बीज एवं कीटनाशी को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री न करें।
4. ऐसे बीज व कीटनाशी का विक्रय न करें जिसका प्रिंसिपल सर्टीफिकेट जिला कृषि कार्यालय में उक्त प्रतिष्ठान द्वारा जमा नही किया गया है
5. अवसान तिथि के खाद, बीज व कीटनाशकों का विक्रय न करें।
6. प्रतिबंधित कीटनाशकों का विक्रय नहीं किया जाय।
7. उक्त निदेश का पालन न करने पर Fertilizer Act 1985, Seed Act 1966 Insecticide Act 1971 के तहत दण्डनीय अपराध माने जायेंगें तथा आपकी अनुज्ञप्ति रद्ध करते हुए आपके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी।
8. कृषि Input के विक्रय हेतु प्रतिष्ठान में उचित प्रिंसिपल सर्टीफिकेट संधारित करें खाद, बीज एवं कीटनाशी को उचित मूल्यों पर विक्रय करें तथा माह के अन्त में स्टॉक पंजी जिला कृषि कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा

PR 331090 Agriculture (24-25)_D



ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

**अतिअल्पकालिन निविदा**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–05/2024-25/EE/BCD/GARHWA दिनांक–29.07.2024

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| कम | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Model Storage Facilities for Seized Narcotics Drugs and Psychotropic Substance Garhwa Jharkhand. | ₹ 68,67,800.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छ:) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.08.2024 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 14.08.2024 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 16.08.2024 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक– 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 331026 (Building) 24-25 (D)

## एक नजर

### किशोर ने कीटनाशक का किया सेवन स्थिति गंभीर

**लोहरदगा।** बगड़ू थाना क्षेत्र के निरहू गांव में सोमवार को एक किशोर ने भूलवश कीटनाशक खा लिया। जिससे किशोर की स्थिति गंभीर हो गई। किशोर को परिजनों ने इलाज के लिए आनन फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक द्वारा भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इस घटना के बाद से परिजन चिंतित हैं। हालांकि इलाज के बाद किशोर के स्वास्थ्य में सुधार की बात चिकित्सकों ने कहा है। वही, किशोर की पहचान बगड़ू थाना क्षेत्र के निरहू गांव निवासी 12 वर्षीय पुत्र अंकित उरांव के रूप में की गई है।

### दूसरी सोमवारी को देवों के देव महादेव शिव को भक्तों ने किया जलाभिषेक

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्र में सावन के दूसरी सोमवार भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु भोलेनाथ से कामना किया। इस दौरान देवाकी बाबा धाम के अलावे प्रखंड क्षेत्र के कई शिवलिंग में भक्तों ने जलाभिषेक किया। देवाकी बाबा धाम में अहले सुबह से ही भक्त कतार में खड़े होकर पूजा अर्चना किया। प्रबंधन समिति के द्वारा भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई, कीर्तन मंडली के द्वारा मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ के कई मनमोहक गाने प्रस्तुत कर भक्तों को झुमाया। इस मौके पर मुख्य रूप से दिलीप कुमार, किशोर जायसवाल, अजयप्रताप जायसवाल, प्रदीप प्रसाद, संजय शर्मा, प्रेम जायसवाल, महेश्वर साहू सहित प्रबंधन समिति के कई लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में पुलिस जवान की हुई मौत



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र नेतरहाट घाटी में हुए सड़क दुर्घटना में टीटही गांव निवासी अभिषेक उरांव की मौत हो गई। मृतक जवान की पत्नी सरस्वती ने बताया कि मेरे पति जिला पुलिस बल साहेबगंज में पदस्थापित थे। एक सप्ताह का छुट्टी लेकर घर आए थे बुधवार को ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए जाने वाले थे परंतु घर का कुछ काम को लेकर सोमवार को लोहरदगा गए थे। लौटने के क्रम में नेतरहाट घाटी के झाऊ ढलान के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। इधर गुरदरी थाना को सूचना मिलते ही एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह गुरदरी थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने परिजनों को ढाढस बांधा इधर घटना उपरांत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गुफा में अवस्थित शिवलिंग पर जलार्पण कर भक्तों ने की पूजा







### भंडरा के अखिलेश्वर धाम में लगी भीड़

**भंडरा ।** सावन माह के दूसरी सोमवारी को जिले के भंडरा अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में अहले सुबह से ही भक्तो की कतार लगी हुई थी। भक्त बोलबम के उद्घोष के साथ भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती को जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना किया।

*12 सौ फीट ऊपर पहाड़ की चोटी की गुफा के अंदर विराजमान भगवान महादेव का भक्तों ने किया दर्शन, सुख, समृद्धि, वैभव की कामना की*

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

प्रखंड क्षेत्र में सावन माह के दूसरे सोमवार को सुबह से ही देवों के देव महादेव शंकर जी पूजा अर्चना करने विभिन्न मन्दिरों और देवालयों में भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में भी महिलाएं पुरुष और बच्चे पूजा में लीन थे। भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजा अर्चना के लिये सभी मन मे उमंग व उत्साह भरा हुआ था। जिसे भक्तों द्वारा भक्तिभाव और श्रद्धा से पूजा अर्चना किया गया। वही जगह जगह पर डीजे से भक्ति गाना बज रहा था। जिसे माहौल भक्तिमय लग रहा था। साथ ही बोल बम और हर हर महादेव के उद्घोष से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में 12 सौ फिट ऊंचाई पर पहाड़ के ऊपर स्थित गुफा में देवों के देव महादेव का भक्तों ने फूल, अक्षत, बेलपत्र, नारियल, सिन्दूर, रोली, प्रसाद व जल अर्पण कर पूजा अर्चना किया गया। गुफा में स्थित महादेव शंकर जी का पूजन के लिये महिला पुरुष और बच्चे बच्चियां सुबह से ही लाइन में खड़े थे। जिसे बारी बारी से भगवान महादेव शंकर का विधिवत पूजन कर सुख समृद्धि और वैभव के लिये भक्तों द्वारा मङ्गल कामना किया गया। वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया जाता हैं। की यहाँ सचे मन से पूजन कर श्रद्धाभाव से मांगे गए वरदान अवश्य पूर्ण होता है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों का कहना है। की यहाँ सच्चे मन से आने पर भगवान शंकर का दर्शन नाग रूप में भक्तों को होता है।

## बजरंग दल ने सावन माह में निकाली भव्य कांवर यात्रा

लोहरदगा। बजरंग दल अमला टोली बड़ा तालाब शिव मंदिर के द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा सह कलश यात्रा का कार्यक्रम किया गया। जिसमें जल संकल्प संजय खत्री और सभी शिव भक्तों ने एक साथ जल संकल्प किया।जिसमें शंख नदी से पतरा टोली, ब्लॉक मोड़, साइडिंग, पावर गंज, अमला टोली,होते हुए बड़ा तालाब शिव मंदिर में जल अभिषेक किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने शिव भक्त इस कांवड़ यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। कार्यक्रम का मंच संचालन समाजसेवी चंदन गोयल एवं रोहित साहू और मनोज गुप्ता के द्वारा सभी शिवभक्त को साफा और चुनरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज साहू के द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी कावड़ यात्रा सह कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से सावन माह की द्वितीय सोमवारी को करना तय हुआ था। इसी के निमित्त आज शिव मंदिर प्रांगण में जल अभिषेक का कार्यक्रम किया गया। शिव मंदिर संरक्षक एवं विश्व हिंदू परिषद आजीवन संरक्षण राजेंद्र खत्री ने कहा कि शिव की महिमा हम सबों में बनी हुई है।

# दूसरी सोमवारी पर निकली बाइक रैली के साथ कांवर यात्रा

**मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर से भंडरा अखिलेश्वर धाम तक गई यात्रा**





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से सावन मास की दूसरी सोमवारी पर जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली कांवर यात्रा निकाला गया। कांवर यात्रा मे हजारों की संख्या में शिव भक्त भगवा वस्त्र पहने शामिल हुए। यह कांवर यात्रा नगर भ्रमण करते हुए 25 किलोमीटर तय कर भंडरा प्रखंड मे भगवान विश्वकर्मा के द्वारा निर्मित अखिलेश्वर धाम में पहुंच कर भगवान शिव को जल अभिषेक किए। बाइक रैली कांवर यात्रा मे जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, जय श्रीराम समिति मुख्य संरक्षक रमेश उरांव,सुषमा सिंह,रमेश साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद,अजय सोनी, ओम महतो पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन,सुनील अग्रवाल, नगर अध्यक्ष दीपक साहू महामंत्री सुशील पटनायक समेत अन्य ने भगवा झंडा दिखाकर बाइक रैली कांवर यात्रा को रवाना किया। बता दे की कांवर यात्रा में शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था ,गाजे-बाजे के साथ निकली शिव भक्तों की टोली भगवान भोलेनाथ के जयकारे से गुंजायमान थी। बाइक रैली कांवड़ यात्रा में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा शामिल हुई जिसे समिति के पदाधिकारीयो ने चुन्द्री पहनाकर भव्य स्वागत किया साथ ही इस यात्रा से काफी उत्साहित शामिल होकर सभी कार्यकताओं का हौसला अफजाई की। सभी कांवरिया जमकर नाचते गाते अखिलेश्वर धाम पहुंचे जहां समिति के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर की अगुवाई में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तगण शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया ' मौके पर जिला पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

## आदिवासियों की सुरक्षा एवं उनके हक अधिकार दिलाने का करती है काम



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा के झारखंड प्रवास के दौरान सोमवार को गुमला जिला के घाघरा प्रखंड कार्यालय पहुंच पदाधिकारीयों से बैठक कर अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए की जा रही कार्यों की जानकारी ली ।इस दौरान घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार से सभी योजनाओं का विभागवार चर्चा की। डॉ. आशा लकड़ा ने कही कि अनुसूचित जनजाति आदिवासियों की सुरक्षा एवं उनके हक अधिकार को दिलाने का कार्य करती है। इसी निमित आज घाघरा में आदिवासियों को मिलने वाले लाभ उन तक पहुंच रहे हैं या नहीं इसकी जानकारी ली। साथ ही डॉ. लकड़ा ने मनरेगा से चल रहे सभी योजनाओं का विस्तृत जानकारी मांगा। जिसमें जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप, गाय सेड, बकरी सेड व आम बागवानी के लाभुक की जानकारी मांगी। जहां मौजूद बीपीओ बेबी कुमारी ने चल रहे सभी योजनाओं की जानकारी दी। वही मौजूद प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र उरांव से कल्याण विभाग द्वारा चल रहे योजनाओं की जानकारी भी ली । इस दौरान लाभकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए और अधिक मेहनत करने को कहा। साथ ही कल्याण पदाधिकारी को सरना मसना, धुमकुड़िया जैसे योजना को धरातल पर उतारने के लिए आदेश दिया। इस मौके पर अंचलाधिकारी आशीष मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक अरुणजय सिंह, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, आकाश साहू, अमित सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

**मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायत से बचें**

पूरे झारखंड में मनरेगा में चल रहे भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने बीडीओ दिनेश कुमार और बीपीओ बेबी कुमारी से कहा की मनरेगा में भ्रष्टाचार से सम्बंधित शिकायत नहीं मिले इसपर विशेष ध्यान रखा जाए। मनरेगा, मजदूरों के लिए रोजगार मुहैया करने वाली योजना है। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत कई लाभकारी योजना चलाई जाती हैं।

# जर्जर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भवन की होगी मरम्मत : जिप अध्यक्ष

### कार्ययोजना बनाकर संवेदनशीलता से काम करने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी सोमवार को सदर प्रखंड के बकरनी गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। ग्रामीण जन समस्याओं को चिन्हित कर मौके पर निपटारा करने के लिए पहल किया। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने माना कि, गांव में समस्याओं की भरमार है। इनको दूर करने के लिए कार्ययोजना बनाकर संवेदनशीलता से काम करने की जरूरत है। इस दौरान ग्रामीणों से हुई बैठक में वृद्धा पेंशन, आवास निर्माण योजना, राशन कार्ड, खाद्यान्न वितरण में अनियमित एवं आंगनबाड़ी केंद्र की जर्जर हालत आदि समस्याएं ग्रामीणों ने रखा। आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका ने कहा कि, केंद्र का भवन जर्जर है। भवन की छत कभी भी गिर सकती है। इस स्थिति में आंगनबाड़ी का कामकाज अपने घर में संचालित कर रही है। स्कूल शिक्षिका ने कहा, स्कूल भवन जर्जर है। मरम्मती के लिए प्रस्ताव विभाग द्वारा पारित किया गया था। बावजूद, स्कूल भवन की मरम्मती अब तक नहीं किया गया। जर्जर स्कूल भवन में हादसा होने को लेकर इस शिक्षक और बच्चे भयभीत रहते हैं। मामले से अवगत होने के बाद जिप अध्यक्ष इस पर गहरी चिंता व्यक्त किया। कहा कि, विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूल भवन की मरम्मती संवेदनशीलता और प्राथमिकता पर कराया जाएगा। कहा पेंशन और आवास योजना के लाभुक आवेदन दें।

## गुप्तांग में गोली मार कर युवक को किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना के अंबेराडीह ग्राम निवासी एक युवक विपिन सिंह ( पिता - मदन सिंह ) ने गुमला सदर अस्पताल में पत्रकारों को बताया की मेरे ही गांव के अभिषेक पांडे ( पिता -भवानी पांडे ) ने मुझे उस वक्त गुप्तांग में गोली मारी जब मैं गांव के बगीचा में अकेले बैठा हुआ था उसी वक्त वह पैदल आया और बिना कुछ बोले हुए उसने मेरे गुप्तांग में एकाएक गोली दी और मुझे गोली मरने के बाद मुझे नदी के तरफ ले गया जहां उसकी दादी का अंतिम संस्कार हो रहा था , इसी क्रम में दाह संस्कार में गांव के ग्रामीण लोग जमा हो गए और मुझे इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया हैं की स्थिति गंभीर हुई तो विपिन सिंह को बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर किया जा सकता हैं, ज्ञातव्य हैं की गोली चलाने वाले अभिषेक पांडे की दादी लीलावती देवी का देहांत हो गया है और उसका अंतिम संस्कार चल ही रहा था, इसी क्रम में अभिषेक पांडे ने विपिन सिंह के गुप्तांग में गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, गोली मारने के कारणों का स्पष्ट करणों का पता नहीं चल सका है , उक्त घटना के संबंध में कोई भी कुछ भी बता नहीं पा रहा हैं , उक्त गोली कांड की जानकारी गुमला सदर थाना पुलिस को दे दी गई हैं ।

## न्यूज बॉक्स

### उदरंगी मुखिया के भाई लापता, सनहा दर्ज



**भंडरा ।** भंडरा के उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने भंडरा थाना में सनहा दर्ज करते हुए अपने छोटे भाई की खोजबीन को लेकर गुहार लगाया है। भैसमुंदो गांव निवासी परमेश्वर महली ने थाना में दिए ज्ञापन में कहा है कि विगत 21 जुलाई 2024 को उसके छोटे भाई फूलचंद महली गांव के ही रजदेव उरांव उर्फ चरका के साथ आंध्र प्रदेश के राजवरम स्थित कंपनी में काम करने के लिए गए थे। इसी बीच 24 जुलाई को फूलचंद महली द्वारा अपने घर में फोन कर कंपनी पहुंचने की बात कही गई थी। साथ ही कंपनी में काम ठीक नहीं होने की बात कहते हुए पुनः घर वापस आने की बात कहा गया था। इसके उपरांत उन्होंने घर आने के लिए पैसा नहीं होने की बात कहते हुए राजदेव के फोन-पे में घर के स्वजनों से भाड़े के लिए तीन हजार की मांग की थी। इसके उपरांत घर वालो ने राजदेव के खाता में पैसा भेज घर आने की बात कही थी, परंतु फूलचंद के ट्रेन में बैठे पांच दिन होने के बाद भी अबतक घर नहीं पहुंचने और मोबाइल स्विच ऑफ होने से गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया गया है। इधर सनहा दर्ज कर भंडरा थाना पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### कैरो के खंडा गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में खराब पड़ा है हैंडपंप



**कैरो।** जिले के कैरो प्रखंड अंतर्गत खंडा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का हैंडपंप विगत एक महीने से खराब है। जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। मध्याह्न भोजन के बाद पीने के लिए बच्चों को दूर जाना पड़ता है। इसके अलावे माता समिति के सदस्यों को भी मध्याह्न भोजन बनाने के लिए पानी का जुगाड़ दूर-दराज से करना पड़ता है। विद्यालय के शिक्षक अमित लकड़ा का कहना है कि हैंडपंप खराब रहने के कारण बच्चों के लिए पोषाहार बनाने में काफी परेशानी होती है। बच्चों को पेयजल के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ता है। उनका कहना है कि विभागीय अधिकारियों को हैंडपंप मरम्मत के लिए कई बार अवगत कराया गया था, बावजूद अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### लोगों की समस्याओं का निराकरण होगा : रीना कुमारी



**लोहरदगा।** विकास योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता को शत- प्रतिशत लाभ मुहैया कराए जाने हेतु जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कुडू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र में सलगी पंचायत का दौरा किया एवं क्षेत्र के लोगों से मुलाकात किया। भ्रमण के दौरान सलगी पंचायत भवन का निरीक्षण किया। भवन का निर्माण हुए काफी वर्ष होने के कारण भवन की स्थिति बहुत ही ज्यादा जर्जर पायी गयी। वही रोचो गावं का आंगनवाड़ी केंद्र का भी स्थिति भी काफी जर्जर पायी गयी। रोचो गावं स्थित मैदान में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु मैदान का भी निरिक्षण किया। रोचो गावं अंतर्गत रोचो महुवा टोली, रोचो छापर टोली का भी भ्रमण किया। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा की क्षेत्र में विकास का कार्य लगातार जारी है। पंचायत में जो भी कमियां हैं उसे दूर किया जाएगा। इस दौरान सलगी पंचायत मुखिया सुमित्रा कुमारी,वार्ड सदस्य सतीश उरांव, समेत अन्य उपस्थित थे।

### वनाधिकार अधिनियम पर बैठक हुई



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वनाधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अनुमण्डल स्तरीय समिति से अग्रसारित कुल 31 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा और शेष व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा के मामलों पर चर्चा की गई और जिला स्तरीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मामलों को पारित किया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### टीबी फोरम की बैठक संपन्न

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित आज सिविल सर्जन कार्यालय गुमला के सभागार में टीबी फोरम का बैठक संपन्न हुआ , बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन गुमला डॉक्टर राजू कच्छप द्वारा कि गई । बैठक में टीबी फोरम के सदस्यों का उन्मुखीकरण सह सशक्तिकरण पर विस्तृत जानकारी दी गई । पूर्व के बैठक 27/ 10/ 2023 के अनुसार यह विषय रखा गया था, की नेतरहाट में टीवी रोगियों की जांच प्रारंभ किया जाए जो प्रारंभ हो गया है। इसके अतिरिक्त निक्षय मित्र बनाने पर भी विशेष जोर गया और विशेष ध्यान देने की बात कही गई। दीप नारायण उरांव पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद गुमला जो इस समिति के सदस्य हैं , उन्होंने कहा की गुमला जिला में आदिम जनजाति रहते हैं , अतः उक्त क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है । रीच संस्था के जिला के प्रभाकर भारती ने टीवी फोरम के उद्देश्यों एवं कार्य के बारे में विस्तार से बतलाया एवं उक्त संस्था से संबंधित आगामी योजनाओं एवं किये गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया खाखा, टीवी , डी पी एस विनय गुप्ता , उदय ओहदार ,सुधांशु मिश्रा आदि अन्य अनेक संबंधित लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा युवा कांग्रेस ने लांच किया 'हर घर खटाखट' कार्यक्रम



**लोहरदगा ।** कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन लोहरदगा में जिला युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी और विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक सत्यब्रता दास एवं भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत के उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर युवा कांग्रेस के हर घर खटाखट कार्यक्रम को लॉन्च किया। कार्यक्रम को लॉन्च करते हुए राष्ट्रीय समन्वयक सत्यब्रता दास ने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के सभी कार्यकताओं को झारखंड सरकार की 10 योजनाओं की जानकारी जनता को देंगे और बताएंगे कि किस प्रकार झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने साढ़े चार वर्षों तक जनता को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया है।

# उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत पद को सरेंडर करने के मामले में अल्पसंख्यक आयोग गंभीर : वारिस कुरैशी



**लोहरदगा में 22प्रतिशत मुस्लिम आबादी, नहीं हैं विद्यालयों में उर्दू शिक्षक**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिले के सरकारी विद्यालय में उर्दू शिक्षकों की भारी कमी होने, विद्यालय में रिक्त उर्दू शिक्षकों की पदस्थापन करने समेत शिक्षा में अल्पसंख्यक मामलों को लेकर सोमवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने जिला शिक्षा अधीक्षक से भेंट कर वार्ता किया। इन मामलों पर फौरी तौर पर पहल करने को कहा। इस पर डीएसई ने कहा कि प्रोन्नति देने के लिए शिक्षकों का तबादला हुआ है। बावजूद, उर्दू विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की पदस्थापन की जाएगी। इस संदर्भ में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि, जिले को उर्दू विषय के लिए 107 उर्दू शिक्षक पद स्वीकृत किया गया था। जिस पर दो उर्दू शिक्षकों की बहाली हुई। 105 उर्दू शिक्षकों का पद विभाग को किस स्थिति पर सरेंडर कर दिया गया। कहा कि, जिले में 22% मुस्लिम अल्पसंख्यक आबादी है। इसमें 95% जनसंख्या की मातृभाषा उर्दू है। बावजूद, 105 उर्दू शिक्षकों का पद सरेंडर करना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग गंभीरता से दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगा। कहा राज्य सरकार से आयोग लोहरदगा को स्वीकृत 105 उर्दू शिक्षकों के पद को पुनः स्वीकृत करने की मांग भी करेगा।

# योजना के सफल आयोजन के लिए सभी पंचायतों व वार्डों में विशेष शिविर 3 अगस्त से




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर आज सोमवार को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक ललन कुमार रजक के द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गुमला में किया गया। कार्यक्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित सीडीपीओ,महिला पर्यवेक्षिकाओं, प्रखंडों के कंप्यूटर ऑपरेटर,सभी सीएससी मैनेजर, नगर परिषद के कर्मियों एवं पंचायत सेवकों को दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो उपस्थित रहें एवं कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार रजक, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार, एलडीएम गुमला, सीएससी मैनेजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। सभी के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई एवं अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से जुड़ने हेतु अपील की।

बता दें कि इस योजना के तहत सभी वर्ग की 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रु प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## राशन वितरण में मनमानी का आरोप

# एसएचजी के सदस्यों को वितरण की नहीं मिल रही जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

एसएचजी मोचियाडीह के अध्यक्ष समेत सदस्यों के द्वारा उक्त समूह के सचिव पर मनमानी तरीके से राशन वितरण करने का आरोप लगाया है। मामला गांडेय प्रखंड क्षेत्र के मचियाडीह गांव की है जहां मामले को लेकर स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष समेत सदस्यों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी गांडेय, अंचलाधिकारी गांडेय व उपायुक्त गिरिडीह को आवेदन देकर स्वयं सहायता समूह के सचिव को लाभुकों के बीच राशन सुचारू रूप से वितरण करवाने की मांग किया है।

और साथ ही साथ वितरण करने के पूर्व अपने ग्रुप के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों को सूचना देते हुए राशन वितरण करने कि मांग कि है। वहीं समूह के सचिव जरीना खातून के पति इस्माइल अंसारी ने बताया की कुछ ग्रुप के सदस्य दूसरे ग्रुप में सामिल हो गया है और इधर राशन वितरण का हिसाब मांगा करता है। इधर उक्त ग्रुप के अध्यक्ष ने बताया कि अगर संबंधित विभाग के द्वारा पहल नहीं कि गई तो हमसभी अपने सदस्यों के साथ ग्रुप के सचिव के खिलाफ प्रखंड परिसर में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य रहेंगे। जिसका सारा जवाबदेही समंधित विभाग को होगा। गौरतलब है की समूह पहले से भंग रहने के बावजूद समूह के मध्यम से फर्जी तरीके से राशन वितरण का मामला बताया जा रहा है। जब ग्रुप में कमीशन एक लाख से अधिक आया तो सचिव हस्ताक्षर करने के लिए अध्यक्ष के पास गया तब समूह के महिलाएं बैंक पहुंच तब जाकर सचिव के द्वारा राशन वितरण का मामला अवैध तरीका का प्रकाश में आया। मौके पर जुबेदा खातून, हसीना बानो मारियन बीबी ,समीरा खातून, मारियन खातून, मुनेजा बीबी, आमना बीबी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्राम सभा में योग्य लाभुको का चयन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** आबुआ आवास को लेकर गांडेय प्रखंड के डोकीडीह, चंपापुर, बुधुडीह, अहिलियापुर, बड़कीटांड, बरमसिया, फुलची, पंडरी, मेदनीसारे, बक्कीकला, गांडेय के पंचायतों में सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया आयोजित ग्राम सभा में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव ,पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य,सहित पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया गया। ग्रामसभा में चयनित सूची के आधार पर वैसे लाभुको का चयन किया गया जो आबुवा आवास लेने के अहर्ता रखते हैं।

ग्राम सभा में मुखिया अकबर अंसारी ने सभी वार्ड को सूची के आधार पर वैसे लाभुको का चयन करें जो पहले कभी भी इंदिरा आवास,प्रधानमंत्री आवास, का लाभ नहीं लिया हो सूची के आधार पर पहले जिनका नाम होगा उसी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी उन्होंने कहा की आदि कोई व्यक्ति आबुवा आवास के नाम पर पैसे का लेन देन करता है। तो उसके खिलाफ आगे की करवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव रामकिशोर महतो, उपमुखिया मो मोकिम, वार्ड सदस्य मो नेजाम,मो तोशीफ, मो आकुब, बबलू तुरी राजू मंडल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव के धन्यवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के बोंगराम में ऑल चर्चेस कमेटी कोलेबिरा द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव में खुंटी लोकसभा में गठबंधन की जीत के लिए सामूहिक धन्यवादी सम्मेलन आयोजित किया।कार्यक्रम में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी उपस्थित हुए। इस मौके पर विधायक ने सभी लोगों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।मौके पर कोलेबिरा विधायक से कमेटी के लोगों ने क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में बातचीत किया जिसमें बुनियादी विकास के साथ पलायन को रोकने के लिए सामूहिक कृषि करने के लिए सुविधा,अल्पसंख्यक विद्यालयों के विकास आदि बातें रखी।विधायक ने कहा क्षेत्र में रोड पुलपुलिया ही नहीं बल्कि क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को दूर करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।सरकार ने विकास के लिए पंचायत में मुखिया, जिला परिषद, या अन्य जनप्रतिनिधियों को भी फंड देती है उनसे भी विकास का कार्य किया जाता है ।आदिवासी अल्पसंख्यक एवं मूल वासियों के लिए हमेशा से सदन के अंदर एवं बाहर एवं सरकार के समक्ष हमेशा मांग रखता हूँ । कार्यक्रम में सभी कलीसियाओं के फादर्स पादरी प्रचारक फास्टर एवं पदाधिकारी गण एवं विधायक के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## वन विभाग ने पचरुखी से अवैध माइका लदा वाहन किया जब्त

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी वन विभाग की टीम ने एक बार फिर अवैध माइका कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई की है . वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम ने रविवार की रात तिसरी थाना क्षेत्र के पचरुखी से अवैध माइका लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है।हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही माइका माफिया समेत अन्य लोग मौके से भाग निकले। बताया जाता है कि वन क्षेत्र पदाधिकारी को पचरुखी गाँव में भंडारण किए गए अवैध माइका को पिकअप में लोड कर बाहर भेजने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक टीम बनाकर अशोक कुमार ,मुकेश दास और गौतम कुमार को कार्रवाई के लिए भेजा गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माइका लदे एक पिकअप वाहन को जब्त कर बीट कार्यालय लाया। वहीं विभाग इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित करने में जुटी है। विदित हो कि बीते दिनों समाजसेवी राजकुमार शर्मा कि शिकायत पर तिसरी वन विभाग की टीम ने पंचरुखी गांव में अवैध माइका भंडारण किए गए कुछ घरों को चिन्हित किया था। जब्त पिकअप वहीं से पकड़े जाने की बात सामने आ रही है।

## सात दिवसीय सार्वजनिक शिव पुराण कथा यज्ञ शिव चर्चा आनंद भवन में आज से



**सिमडेगा।** सिमडेगा धर्मार्थ समिति के द्वारा श्रावण माह में सात दिवसीय सार्वजनिक शिव पुराण कथा यज्ञ का भव्य आयोजन आनंद भवन में आज से होगा।इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य वासुदेव गौतम के द्वारा शिव महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। संपूर्ण वैदिक अनुष्ठान विद्वान आचार्य के द्वारा संपन्न होंगे इस दौरान विशेष पूजन सह दैनिक सामूहिक रुद्राभिषेक तथा दैनिक 108 शिव के पृथक पृथक नाम के द्वारा बेलपत्र अर्जुन का आयोजन किया गया है। धर्मार्थ समिति के सचिन अमरनाथ बामलिया एवं ओमप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा 2 अगस्त को शिव बारात देवरहा बाबा आश्रम से आनंद भवन तक एवं शिव पार्वती विवाह की संगीत में प्रस्तुति 11:30 बजे से होगी एवं प्रतिदिन कोलकाता के नृत्य नाटिका ग्रुप के द्वारा धार्मिक छंदो पर नृत्य- नाटक की प्रस्तुति होगी। 6 अगस्त को हवन पूजन एवं भंडार के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। थर्मार्थ समिति ने सभी शहरवासियों से आग्रह किया है कि उक्त आयोजन में सभी शिवभक्त सहभागी बनकर पुण्य के भागी बने एवं कार्यक्रम को सफल बनावें। आयोजन समिति ने बताया कि जो शिव भक्त दैनिक रुद्राभिषेक में भाग लेना चाहते हैं ।

---


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा निर्गत DOPR/DE/ZP-01/2024-25 (PR No.- 330625) के Stander Bid Document (SBD) के कंडिका 4.3 (O) को निम्न प्रकार प्रतिस्थापित किया जाता है :–

Charactor Certificate (if validity will be not mentioned, then validity will be 1 year) issued by Deputy Commissioner level.

2. निम्नांकित योजनाओं के नाम में लिपिकीय त्रुटि को सुधार कर निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| GR-No | योजना का नाम | संशोधित योजना का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| GR-7 | Construction of 7 Nos Anganwadi Kendra (AWC Hariharganj East, Satgawa Laghu, Hariharganj-1, Banjari, Satgawa-2 and Hariharganj-3) under Hariharganj Block District PALAMU | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Hariharganj East, Satgawa Laghu, Hariharganj-1, Banjari, Satgawa-2 and Hariharganj-3) under Hariharganj Block District PALAMU |
| GR-11 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Akauni, Kakoriya, Khadpar -1, Malwariya and Akauni) under Hussainabad Block District PALAMU | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Akauni, Kakoriya, Khadpar-1, Malwariya and Akauni Koiri Tola) under Hussainabad Block District PALAMU |
| GR-18 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Chorpahra, Ghagra, Budhuwa, Mahuari and Lapsera) under Hussainabad Block District PALAMU | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Chorpahra, Ghagra, Budhuwa Muslim Tola, Mahuari and Lapsera) under Hussainabad Block District PALAMU |
| GR-28 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sathe-2, Sikki khurd-3, Barsaita-1, Barsaita-2 and Kanke kalan-2 and Huritand ) under Patan Block District PALAMU | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sathe-2, Sikki khurd-3, Barsaita-1, Barsaita-2 and Kanke kalan-2 and Huritand) under Patan Block District PALAMU |
| GR-39 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Muslim tola sudna, Ghorhi, Chama, Sinduriya and Khanwa) under Sadar medininagar Block District PALAMU | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Muslim tola sudna, Ghorhi, Chama, Sinduriya and Khanwa Bhuiyan Tola) under Sadar medininagar Block District PALAMU |

निविदा की शेष सभी सूचनाएँ यथावत रहेंगी।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 331059 (District) 24-25 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 02/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 27.07.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | RWD/GARHWA/ 04/2024-25 | मोतीहारी बाजार चौक से कोयल नदी पुल तक पथ निर्माण कार्य। (1.600 कि0मी0) | 215.864 | दो करोड़ पन्द्रह लाख छियासी हजार चार सौ रूपये। | 12 (बारह) महीना |
| 2 | डण्डा | RWD/GARHWA/ 05/2024-25 | डण्डा में स्व0 शिवशंकर साव के घर से खदिया हरिजन टोला भाया जोगिया भंडारी तक पथ निर्माण कार्य। (2.060 कि0मी0) | 260.001 | दो करोड़ साठ लाख एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 3 | डण्डा | RWD/GARHWA/ 06/2024-25 | भिखही मुख्य पथ से कोरियाडीह बस्ती तक पथ निर्माण कार्य। (1.600 कि0मी0) | 190.041 | एक करोड़ नब्बे लाख चार हजार एक सौ रूपये। | 12 (बारह) महीना |
| 4 | चिनियाँ | RWD/GARHWA/ 07/2024-25 | नकसीली से परसुखंड मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य। (2.400 कि0मी0) | 274.458 | दो करोड़ चौहत्तर लाख पैंतालीस हजार आठ सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 5 | रमकण्डा | RWD/GARHWA/ 08/2024-25 | रक्शी देवी मण्डप से ढुलवा सीवान तक पथ निर्माण कार्य। (2.800 कि0मी0) | 308.694 | तीन करोड़ आठ लाख उन्हत्तर हजार चार सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 6 | गढ़वा | RWD/GARHWA/ 09/2024-25 | ग्राम–गांगीखुर्द में गिरिवर पाण्डेय के घर से बसंत तिवारी के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.200 कि0मी0) | 114.938 | एक करोड़ चौदह लाख तिरानबे हजार आठ सौ रूपये। | 09 (नौ) महीना |
| 7 | गढ़वा | RWD/GARHWA/ 10/2024-25 | एन0एच0–75 चेतना से मस्जिद होते हुए उड़सुगी रेलवे फाटक तक पथ निर्माण कार्य। (2.670 कि0मी0) | 262.191 | दो करोड़ बासठ लाख उन्नीस हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 8 | मेराल | RWD/GARHWA/ 11/2024-25 | गढ़वा–मझिआँव–लिखनियाँ पी0डब्ल्यू0डी0 पथ सिगुल चौधरी के घर से औरईया ग्राम के लिखनियाँ टोला तक पथ निर्माण कार्य। (2.900 कि0मी0) | 325.514 | तीन करोड़ पच्चीस लाख एकावन हजार चार सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 9 | रंका | RWD/GARHWA/ 12/2024-25 | एन0एच0–343 से झुमेलवा होते हुए इसराफिल अंसारी के घर एन0एच0–343 तक पथ निर्माण कार्य। (4.300 कि0मी0) | 260.001 | दो करोड़ साठ लाख एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenderers.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 331034 (Rural Work Department) 24-25 (D)



## समाहरणालय, गढ़वा (जिला समाज कल्याण शाखा)
जिला बाल संरक्षण इकाई
E-Mail ID- awc12.monitoring@gmail.com

### आम सूचना

**बाल सरंक्षण सेवाएँ (CPS) अन्तर्गत जिलास्तरीय संविदा आधारित चयन की सूचना।**

बाल संरक्षण सेवाएँ योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा में संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

1. शैक्षणिक योग्यता, उम्र, कार्यानुभव एवं मासिक परिलब्धि :–

| क्र0 | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | शैक्षणिक योग्यता | कार्यानुभव | मसिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख | 01 (UR) | 30–45 वर्ष | समाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र में स्नातकोतर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/ पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी। | बल कल्याण/बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव। | 27804.00 |
| 2 | परामर्शदाता | 01 (UR) | 30-45 वर्ष | समाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/ पी0जी0डी0बी0एम0/ पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी। | बल विकास एवं कांउसिलिंग में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | 18536.00 |
| 3 | समाजिक कार्यकर्त्ता | 02 (1 UR, 1 SC) | 30-45 वर्ष | समाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यलय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/ पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी। | बल विकास एवं कांउसिलिंग में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | 18536.00 |
| 4 | लेखापाल | 01 (UR) | 30-45 वर्ष | वणिज्य में स्नातक। कम्प्यूटर में दक्षता/टैली का ज्ञान। सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से एम0कॉम/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी। | सरकारी संस्थान, लोक, उपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 वर्ष का लेखा कार्य का अनुभाव। | 18536.00 |
| 5 | आँकड़ा विश्लेषक | 01 (UR) | 30-45 वर्ष | समाज कार्य/समाज शास्त्र, एन्थ्रेपोलाजी में स्नातक। सरकारी मान्यता प्रप्त विश्वविद्यालय संस्थान से एम0कॉम0/एम0सी0ए0, अतिरिक्त योग्यता होगी। | संबंधित कार्य में कम से कम 2 वर्ष क अनुभव। | 18536.00 |
| 6 | सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर | 01 (UR) | 21-35 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अँग्रेजी– 35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी। | स्करी संस्थान, लोक उपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 03 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य का अनुभव। | 13240.00 |
| 7 | आउटरीच कार्यकर्त्ता (DCPU) | 02 (1 UR, 1 SC) | 21-35 वर्ष | प्रवेशिका उतीर्ण | संबंधित कार्य में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | 10592.00 |

**बाल कल्याण समिति (CWC) एवं किशोर न्याय बोर्ड (JJB), गढ़वा कार्यालय हेतु :–**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | शैक्षणिक योग्यता | कार्यानुभव | मसिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक–सह–डाटाइंट्री ऑपरेटर (CWC) | 01 (UR) | 21-35 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अँग्रेजी– 35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी। | सरकारी संस्थान, लोक उपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 03 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव। | 11916.00 |
| 2 | सहायक–सह–डाटाइंट्री ऑपरेटर (JJB) | 01 (UR) | 21-35 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी– 30 W.P.M अँग्रेजी– 35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी। | सरकारी संस्थान, लोक उपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 03 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव। | 11916.00 |

जिला स्तर पर आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 14.08.2024 समय अपराह्न 05:00 बजे तक है। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जाएगा।

**नोट :–** आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी अधिकृत वेबसाईट, www.garhwa.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

PR 331028 Women, Child Development & Social Security (24-25)_D

उपायुक्त, गढ़वा



## समाहरणालय, गढ़वा (अनु०ज०जा०, अनु०जा०, अल्पसंख्यक एवं पि०वर्ग कल्याण शाखा)

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भंडारिया, जिला गढ़वा में नामांकन हेतु सूचना ।

उप निदेशक कल्याण प्रमंडल पलामू के पत्रांक 104 दिनांक 26.7.2024 से प्राप्त वर्ग 6 एवं वर्ग 7 के निम्नलिखित छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 1 अगस्त से 8 अगस्त 2024 के बीच एकलव्य स्कूल भंडरिया में नामांकन हेतु 1. जाति प्रमाण पत्र 2. आय प्रमाण पत्र 3. आवासीय प्रमाण पत्र 4.आधार कार्ड 5.बैंक पासबुक 6. एडमिट कार्ड 7. विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की मूल प्रति 8.जन्म प्रमाण पत्र की स्वाभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ उपस्थित होकर नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे।

**EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL, BHANDARIYA, GARHWAST,**

ST, SC, Min & BC Welfare Department
Eklavya Residential Schools Entrance Exam- 2024-25
DIVISION PALAMU (Class- 6) ST , Male --Selection List Final

| SL NO. | Roll no. | Name | Father's Name | Class | Gender | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | P0424 | DURGESH BRIJIYA | MAHENDRA BRIJIYA | 6 | M | ST |
| 2 | G1234 | KUBER URAWA | AKHILESH URAWA | 6 | M | ST |
| 3 | L0067 | SANISH ORAON | MACHHINDRA ORAON | 6 | M | ST |
| 4 | L1264 | ANKIT KUMAR SINGH | KULDIP SINGH | 6 | M | ST |
| 5 | P0158 | BIRENDR URAON | LALDEV URAON | 6 | M | ST |
| 6 | L0051 | PRAKASH BHAGAT | MAHENDRA TANA BHAGAT | 6 | M | ST |
| 7 | G1233 | SAMAR URAWA | AKHILESH URAWA | 6 | M | ST |
| 8 | G1406 | SHUKUL SINGH | KASHI SINGH | 6 | M | ST |
| 9 | L0789 | AMAN KR ORAON | SIKESHAR ORAON | 6 | M | ST |
| 10 | L0921 | CHANDAN ORAON | YOGENDRA ORAON | 6 | M | ST |
| 11 | G1411 | PRAKASH SINGH | PRADEEP SINGH | 6 | M | ST |
| 12 | L0058 | BIPIN KUMAR ORAON | SURENDRA ORAON | 6 | M | ST |
| 13 | L1346 | ANUP SINGH | TIMAN SINGH | 6 | M | ST |
| 14 | L1347 | JAYMANGAL SINGH | RAJESH SINGH | 6 | M | ST |
| 15 | P0112 | NIRAJ ORAON | SUKHADEV ORAON | 6 | M | ST |
| 16 | P0263 | DINANATH SINGH | AMAR KUMAR AMAR | 6 | M | ST |
| 17 | G1213 | LAU KUMAR SINGH | SATENDRA SINGH | 6 | M | ST |
| 18 | L0023 | ANIL SINGH | RAJDEV SINGH | 6 | M | ST |
| 19 | P0233 | CHANDAN SINGH | UPENDRA SINGH | 6 | M | ST |
| 20 | P0271 | UJJWAL KUMAR SINGH | UPENDRA SINGH | 6 | M | ST |
| 21 | L1401 | MALINGA ORAON | RAJESH ORAON | 6 | M | ST |
| 22 | L1416 | JITENDRA SINGH | KULESHWAR SINGH | 6 | M | ST |
| 23 | G1384 | BINAY SINGH | KARIMAN SINGH | 6 | M | ST |
| 24 | L0195 | RANJAN ORAON | BIJENDRA ORAON | 6 | M | ST |
| 25 | L0202 | RAVINDRA ORAON | PRAMESHWAR ORAON | 6 | M | ST |
| 26 | L0539 | DHARMJIT ORAON | SULE ORAON | 6 | M | ST |
| 27 | P0017 | ASHISH URAONV | SANJAY URAONV | 6 | M | ST |
| 28 | P0059 | DEEPAK ORAON | UMESH ORAON | 6 | M | ST |
| 29 | L0845 | ABHISHEK BRIJIYA | DASHARATH BRIJIYA | 6 | M | PVTG |
| 30 | L1472 | RUPESH BRIJIYA | SAKALDEEP BRIJIYA | 6 | M | PVTG |
| | | WAITING LIST | | | | |
| 1 | P0186 | AYUSH BHAGAT | ASHOK BHAGAT | 6 | M | ST |
| 2 | L0007 | ASHISH SINGH | SANDEEP SINGH | 6 | M | ST |
| 3 | P0288 | RAHUL KUMAR | CHANDRASHEKHAR SINGH | 6 | M | ST |
| 4 | L0603 | ARYAN ORAON | SANTAN ORAON | 6 | M | ST |
| 5 | L1337 | RAUSHAN KUMAR | RAMDAS SINGH | 6 | M | ST |
| 6 | L0057 | ASHISH ORAON | SANJAY ORAON | 6 | M | ST |
| 7 | L1362 | SACHIN SINGH | HARILAL SINGH | 6 | M | ST |
| 8 | L1334 | AMRIT SINGH | BISHESHAR SINGH | 6 | M | ST |
| 9 | L0115 | SIRENDRA ORAON | RAMA ORAON | 6 | M | ST |
| 10 | L1363 | RAVIKANT KUMAR SINGH | UPENDRA SINGH | 6 | M | ST |

ST, SC, Min & BC Welfare Department
Eklavya Residential Schools Entrance Exam- 2024-25
DIVISION PALAMU (Class - 6) ST , Female --Selection List Final

| SL NO. | Roll no. | Name | Father's Name | Class | Gender | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | G1053 | SARITA KUMARI | DHARMENDAR SING | 6 | F | ST |
| 2 | G1064 | INDU KUMARI | RAJNATH SING | 6 | F | ST |
| 3 | G1166 | RIYA KUMARI | RAJ MUNI ORAON | 6 | F | ST |
| 4 | G1178 | BIBHA KUMARI | RAMDAS RAM | 6 | F | ST |
| 5 | G1181 | RAUSHANI KUMARI | AVDHESH BEDIYA | 6 | F | ST |
| 6 | G1185 | CHANDNI KUMARI | AWDHESH BEDIYA | 6 | F | ST |
| 7 | G1195 | RINKU KUMARI | SUNESHWAR SINGH | 6 | F | ST |
| 8 | G1243 | ANUPA KUJUR | KAMALDEEP KUJUR | 6 | F | ST |
| 9 | G1367 | MADHU KUMARI | DHYAN SINGH | 6 | F | ST |
| 10 | G1368 | ROSHNI KUMARI | SANJAY SINGH | 6 | F | ST |
| 11 | G1369 | PUSHPA KUMARI | CHANDRADEV SINGH | 6 | F | ST |
| 12 | G1370 | PUSHPA KUMARI | GYAN SINGH | 6 | F | ST |
| 13 | G1383 | ANUPA KUMARI | LALBIHARI SINGH | 6 | F | ST |
| 14 | G1391 | ANIMA BAKHLA | ANJAY BAKHLA | 6 | F | ST |
| 15 | G1392 | NIBHA LAKRA | UPENDERA ORAON | 6 | F | ST |
| 16 | G1393 | REENA MINJ | PIYUSH MINJ | 6 | F | ST |
| 17 | G1394 | RITIKA TOPPO | ARUN TOPPO | 6 | F | ST |
| 18 | G1395 | CHINTA KUMARI | ANRUD SINGH | 6 | F | ST |
| 19 | G1396 | SNEHA KUMARI | MAHENDRA KORWA | 6 | F | ST |
| 20 | G1428 | USHA KUMARI | BINAY SINGH | 6 | F | ST |
| 21 | G1433 | ARTI KUMARI | SURESH KUMAR SINGH | 6 | F | ST |
| 22 | G1436 | RESHMI KUMARI | UPENDRA ORAON | 6 | F | ST |
| 23 | G1437 | GANGA KUMARI | ANIL ORAON | 6 | F | ST |
| 24 | L0958 | KUMANTI KUMARI | MAHENDRA ORAON | 6 | F | ST |
| 25 | L0802 | RANI KUMARI | GUDU LOHRA | 6 | F | ST |
| 26 | L0093 | MANITA KUMARI | SUKARAN SINGH | 6 | F | ST |
| 27 | L0132 | AMIRITA KUMARI | VIJAY ORAON | 6 | F | ST |
| 28 | L1386 | SUSHAMA KUMARI | CHALITAR BHAGAT | 6 | F | ST |
| 29 | L0931 | REENA KUMARI | KRISHANA SINGH | 6 | F | ST |
| 30 | L0933 | SUDHA KUMARI | RITESH SINGH | 6 | F | ST |
| | | WAITING | | | | |
| 1 | L1466 | PREMSHILA KUMARI | RAMESH KORWA | 6 | F | PVTG |
| 2 | L1469 | RESHMA KUMARI | SUNIL BRIJIYA | 6 | F | PVTG |
| 3 | L1440 | RIMA KUMARI | LT SOMA PARAHIYA | 6 | F | PVTG |
| 4 | L0054 | RABINA KUMARI | MUKESH ORAON | 6 | F | ST |
| 5 | L1435 | NAMITA KUMARI | SATYENDRA BRIJIYA | 6 | F | PVTG |
| 6 | L1442 | DROPATI KUMARI | SURENDRA PARAHIYA | 6 | F | PVTG |
| 7 | G1309 | AAKRITI KUMARI | BANSHI TOPPO | 6 | F | ST |
| 8 | G1311 | AMRITA TOPPO | SANTOSH TOPPO | 6 | F | ST |
| 9 | G1176 | DIVYA KUMARI | RAMRAJ GOND | 6 | F | ST |

ST, SC, Min & BC Welfare Department
Eklavya Residential Schools Entrance Exam- 2024-25
DIVISION PALAMU (Class-ST, Male –Selection List Final

| SL NO. | Roll no. | Name | Father's Name | Class | Gender | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | L0338 | ACHHAY ORAON | BUDHU ORAON | 7 | M | ST |
| 2 | L0392 | ABHISHEK KUMAR SINGH | TALKESHWAR SINGH | 7 | M | ST |
| 3 | L1643 | BHIM SINGH | BALRAM SINGH | 7 | M | ST |
| 4 | L1646 | PREM SINGH | SUKHDEV SINGH | 7 | M | ST |
| 5 | L0648 | PRITAM ORAON | UPENDRA ORAON | 7 | M | ST |
| 6 | L0661 | RAMBRIKSH GANJHU | MUKESH GANJHU | 7 | M | ST |
| 7 | G2101 | NITESH KUMAR | SHYAMBIHARI SINGH | 7 | M | ST |
| 8 | G2207 | RAVI KUMAR | KRISHNA KORWA | 7 | M | ST |
| 9 | L1003 | NIRMAL SIGNH | RAMAN SINGH | 7 | M | ST |
| 10 | L1017 | VIKRAM SINGH | MANDIP KR SINGH | 7 | M | ST |
| 11 | L0635 | ABHISHEK ORAON | MAHADEV ORAON | 7 | M | ST |
| 12 | L0662 | SURAJ GANJHU | BIGAN GANJHU | 7 | M | ST |
| 13 | G2287 | BIKU KUMAR | SHIVBRAT SINGH | 7 | M | ST |
| 14 | G2144 | BIRENDR URAWN | AMIRKA URAON | 7 | M | ST |
| 15 | L1534 | NANHESAR SINGH | ANAT SINGH | 7 | M | ST |
| 16 | L1564 | AJAY ORAON | BHARTENDU ORAON | 7 | M | ST |
| 17 | L0341 | ANKIT KUMAR SINGH | BIJAY SINGH | 7 | M | ST |
| 18 | L0636 | SUNIL ORAON | PANKAJ ORAON | 7 | M | ST |
| 19 | G2051 | PILATUSH KORWA | MANOJ KORWA | 7 | M | ST |
| 20 | G2298 | ABHISHEK KUMAR SINGH | SHRAVAN SINGH | 7 | M | ST |
| 21 | L1573 | NIRAJ LOHRA | CHANDAN LOHRA | 7 | M | ST |
| 22 | L1607 | VIVEK KHAKHA | GYAN KHAKHA | 7 | M | ST |
| 23 | G2303 | PREM PRAKASH SINGH | SUDAMA SINGH | 7 | M | ST |
| 24 | G2344 | DHIRAJ KUMAR SINGH | SOBHAN SINGH | 7 | M | ST |
| 25 | L1666 | HARISHANKAR KUMAR | JAGU KUWAR | 7 | M | ST |
| 26 | P0496 | SHIVNARAYAN SINGH | YOGENDRA SINGH | 7 | M | ST |
| 27 | L0698 | ROUSHAN ORAON | RAVINDRA ORAON | 7 | M | ST |
| 28 | P0459 | SHASHIKANT SINGH | BHARDUL SINGH | 7 | M | ST |
| 29 | L1125 | ADITAY SINGH | MANOJ SINGH | 7 | M | ST |
| 30 | L1130 | KAMESHWAR SINGH | SATENDRA SINGH | 7 | M | ST |
| | | WAITING | | | | |
| 1 | G2288 | DHANJAY KUMAR SINGH | BALESHWAR SINGH | 7 | M | ST |
| 2 | G2306 | JAY PRAKASH SINGH | KAPILDEV SINGH | 7 | M | ST |
| 3 | G2035 | MOHAN SINGH | RANPRATAP SINGH | 7 | M | ST |
| 4 | G2267 | JITNARAYAN SINGH | DEVRAJ SINGH | 7 | M | ST |
| 5 | P0440 | RONIT KUMAR SINGH | YOGENDRA SINGH | 7 | M | ST |
| 6 | G2296 | AKASH SINGH | VIJAY SINGH | 7 | M | ST |
| 7 | L1512 | ANUP ORAON | ANDEEP ORAON | 7 | M | ST |
| 8 | L1537 | PARBIN BARLA | SINDHA BARLA | 7 | M | ST |
| 9 | L1085 | AAKESH ORAON | ASHOK ORAON | 7 | M | ST |
| 10 | L1497 | RAJKISHOR ORAON | SUNIL ORAON | 7 | M | ST |

ST, SC, Min & BC Welfare Department
Eklavya Residential Schools Entrance Exam- 2024-25
DIVISION PALAMU (Class- 7) ST, Female –Selection LiFinal

| SL NO. | Roll no. | Name | Father's Name | Class | Gender | Category |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | G2241 | SANGITA KUMARI | AMARNATH SINGH | 7 | F | ST |
| 2 | G2077 | RUBI KUMARI | SIKANDAR URAWAN | 7 | F | ST |
| 3 | G2275 | CHANDNI KUMARI | SUDESHWAR SINGH | 7 | F | ST |
| 4 | G2240 | CHAMPA KUMARI | RAMDENI SINGH | 7 | F | ST |
| 5 | G2249 | PAWANI KUMARI | ANAND SINGH | 7 | F | ST |
| 6 | G2269 | ANSHIROJ LAKRA | SANJAY LAKRA | 7 | F | ST |
| 7 | G2276 | SUNITA KUMARI | MADHAW SINGH | 7 | F | ST |
| 8 | G2282 | SABITA KUMARI | DEVRAJ GORH | 7 | F | ST |
| 9 | G2280 | ECHCHHA KUMARI | SANTOSH DEWAR | 7 | F | ST |
| 10 | G2036 | BABITA KUMARI | BASANT SINGH | 7 | F | ST |
| 11 | G2089 | SABINA KUMARI | BHOLA KISAN | 7 | F | ST |
| 12 | G2261 | CHHOTI KUMARI | CHANDRIKA SINGH | 7 | F | ST |
| 13 | G2245 | MANJITA KUMARI | RAJMOHAN SINGH | 7 | F | ST |
| 14 | G2246 | SUNITA KUMARI | JOGAN SINGH | 7 | F | ST |
| 15 | G2278 | HIRWANTI KUMARI | KARAMDAYAL SINGH | 7 | F | ST |
| 16 | G2257 | PARWANI KUMARI | SAHEB SINGH | 7 | F | ST |
| 17 | G2351 | RAJANI KUMARI | AJAY SINGH | 7 | F | ST |
| 18 | G2352 | ANJLI KUMARI | NAGESHWAR SINGH | 7 | F | ST |
| 19 | G2349 | SANDHYA KUMARI | BIRENDRA SINGH | 7 | F | ST |
| 20 | G2258 | SANPATI KUMARI | BIGU SINGH | 7 | F | ST |
| 21 | G2281 | KIRAN KUMARI | SHANKAR SINGH | 7 | F | ST |
| 22 | G2104 | SILWANTI KUMARI | LALMAT KISAN | 7 | F | ST |
| 23 | G2244 | BINDU KUMARI | KAMESHWAR SINGH | 7 | F | ST |
| 24 | G2034 | POOJA KUMARI | SURENDRA SINGH | 7 | F | ST |
| 25 | G2248 | FULMATI KUMARI | SURAJMAL SINGH | 7 | F | ST |
| 26 | G2242 | ANJANI KUMARI | YUGESHVAR SINGH | 7 | F | ST |

PR.NO.331050 Welfare(24-25):D

ह0/–जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा

संपादकीय

# खानपान, आस्था और राजनीति

सर्वोच्च न्यायालय ने कांवड़ मार्ग पर नामपट्टिका संबंधित आदेश पर रोक को आगामी पांच अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। इस के तीन पहलू हैं पहला-यह उपभोक्ताओं के जानने के अधिकार से जुड़ा है। दूसरा-कानून-व्यवस्था को बनाए रखना राज्य का दायित्व है और वह भंग न हो, उसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की है। तीसरा-यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, अपितु पहले से स्थापित कानून-नियम के अनुरूप है। परंतु राजनीति से प्रेरित बहस ने इस विषय को 'हिंदू-मुसलमान' बना दिया। यह दिलचस्प है कि इस निर्णय का मुखर विरोध करने वाला राजनीतिक वर्ग वही है, जो लोकसभा चुनाव में बारंबार प्रचार कर रहा था कि सत्तासीन होने पर घर-घर जाकर लोगों से नाम के साथ उनकी जाति भी पूछेगा। प्रश्न यह है कि देश के विभिन्न मतावलंबियों को अपनी आस्था के अनुरूप भोजन चुनने का अधिकार है या नहीं? यहूदी समाज में 'कोशर' की मान्यता है। इसमें खाद्य उत्पादों को लेकर मजहबी नियम है। इनके समुदाय में केवल खाना ही नहीं, अपितु भोजन का स्थान भी 'कोशर' होना चाहिए। इसी तरह, इस्लाम में 'हलाल' की अवधारणा है, जिसका अर्थ वैध है। मुसलमानों के लिए शूकर का मांस 'हराम' है। यही कारण है कि जब मुस्लिम समाज में ईद या फिर मुहर्रम का पर्व होता है, तो उनकी मजहबी आस्था का सम्मान करते हुए यातायात परिचालन तक में अस्थायी तौर पर उचित परिवर्तन किए जाते हैं। हिंदू समाज में कांवड़ यात्रा कई किलोमीटर चलने वाली, एक कठिन तीर्थयात्रा है। कुछ कांवड़िए 'डाक कांवड़' भी लाते हैं। इसमें गंगाजल से भरे कांवड़ को बिना जमीन पर रखे भगवान शिव की मूर्ति या शिवलिंग को अर्पित करने और 'सात्विक भोजन' ग्रहण करने की मान्यता है। करोड़ों हिंदू पवित्र दिनों में तामसिक खाद्य वस्तुओं, जैसे प्याज-लहसुन आदि के साथ साधारण नमक तक का सेवन भी नहीं करते हैं। इतना ही नहीं, नवरात्र के पवित्र दिनों में यदि कोई गैर-मजहबी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, तब चाहे नवरात्र के व्रत रखने वाले सीमित हों, उनके खाने-पीने के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की जाती है। जिस दिशानिर्देश पर विवाद हुआ, उसमें कहीं भी यह नहीं लिखा था कि कोई गैर-हिंदू कांवड़ यात्रा के मार्गों पर अपनी दुकान-ढाबा-ठेला आदि (मांस विक्रेताओं को छोड़कर) नहीं लगा सकता। इस आदेश के अनुसार, प्रत्येक दुकानदार-ढाबा संचालक, चाहे वह किसी भी मजहब का हो, उसे अपने वास्तविक नाम की पट्टी लगानी थी। इस शासनादेश की एक पृष्ठभूमि भी है। कई गैर-हिंदू अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर देवी-देवताओं आदि के नामों पर खाद्य-पेय दुकानों, ढाबों का संचालन करते हैं। आखिर अपनी असली पहचान छिपाने और गलत पहचान बताने के पीछे क्या मंशा हो सकती है? यहां बात केवल उपभोक्ता को धोखा देने तक सीमित नहीं है। इस छल के खुलने पर तीर्थयात्रियों की आस्था पर कुठाराघात की बात उठने पर छोटी-सी घटना भी दंगे का रूप ले सकती है।

> कहीं भी यह नहीं लिखा था कि कोई गैर-हिंदू कांवड़ यात्रा के मार्गों पर अपनी दुकान-ढाबा-ठेला आदि (मांस विक्रेताओं को छोड़कर) नहीं लगा सकता।

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सेंटर




आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दुःखी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दुःखद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निर्दोषों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते?

शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है। ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला।

विडम्बनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना-निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए।

परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम। हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कारवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कार्रवाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती?

वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा।

आपकी बात

# महाराष्ट्र में फडणवीस से क्यों डरा रहता है विपक्ष?



आर.के. सिन्हा

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी अक्तूबर के महीने होने वाले चुनाव हैं। भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की जान है महाराष्ट्र। इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहां राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप-प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की। फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए। मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरूआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी आपरेटेड सिस्टम की शुरूआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीत दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने) उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। कुल मिलाकर लग यह रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता के बुनियादी मसलों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहेंगे। विपक्ष सत्ता हासिल करने के लिए तबीयत से कीचड़ उछालेगा। जाहिर है फडणवीस ने भी देशमुख को उनकी ही भाषा में जवाब भी दिया। सबको याद है कि अप्रैल 2021 में गृह मंत्री रहे देशमुख पर तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिनर परमबीर सिंह ने यह आरोप लगाया था कि उन्होंने महाराष्ट्र की पुलिस को शहर के होटल और बार मालिकों से पैसे वसूलने पर लगा दिया था। अब देशमुख कह रहे हैं कि फडणवीस के निर्देश पर परमबीर सिंह ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। साफ है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में टकराव बढ़ने वाले हैं और महाविकास आघाडी के निशाने पर देवेंद्र फडणवीस ज्यादा रहने वाले हैं।

देश की बात


# द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जैसी बदहाली की स्थिति में ब्रिटेन



सनत जैन

ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। कहा जा रहा है, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जिस तरह के हालात थे। वैसी ही स्थिति ब्रिटेन की 2024 में देखने को मिल रही है। ब्रिटेन की स्कूली शिक्षा, नेशनल हेल्थ सर्विस, बेरोजगारी, बुजुर्गों की दयनीय हालत, खाने-पीने के सामान की किल्लत, ईंधन की कमी, निर्माणकार्य के लिए उपयोग में आने वाले सामान की कमी से ब्रिटेन के नागरिक हलाकान हैं। विकासशील और गरीब देशों जैसे हालात ब्रिटेन के इन दिनों बन गए हैं। कंजरवेटिव पार्टी के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक थे। उन्होंने समय के पहले चुनाव कराए और बुरी तरह से पराजित हुए। जुलाई में हुए 650 सीटों के चुनाव में 412 सीटों पर लेबर पार्टी ने जीत हासिल की है। ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी मात्र 120 सीटों पर सिमट गई। लिबरल डेमोक्रेट्स को 71 सीटों पर तथा 42 अन्य सांसद चुनाव में जीते हैं। कंजरवेटिव पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ा कारण महंगाई, बेरोजगारी एवं आर्थिक संकट था। ब्रिटेन में पिछली सरकार द्वारा लगातार टैक्स बढ़ाए गए। कॉर्पोरेट के ऊपर सरकार मेहरबान रही, ब्रिटेन की कॉर्पोरेट कंपनियां कर चोरी जैसे मामलों में लिप्त थीं, लेकिन सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। आम जनता में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश था। प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक ब्रिटेन की आर्थिक चुनौतियों का सामना नहीं कर सके। अब लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर प्रधानमंत्री बने हैं। उनके लिए चुनौतियां का पहाड़ खड़ा हुआ है। लेबर पार्टी ने चुनाव के समय कोई बड़े वादे नागरिकों से नहीं किये। विपक्ष में रहते हुए उन्होंने बड़ी सावधानी बरती थी। सरकार के लिए जो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ हल करना होगा। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था वर्तमान में बहुत धीमी गति से चल रही है। पिछले 24 वर्षों से ब्रिटेन जी7 समूह का सदस्य है। ब्रिटेन का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 12 साल में सबसे कम है। ब्रिटेन की कई नगरीय संस्थाएं दिवालिया हो चुकी हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी और अधिकारी अधिक वेतन की मांग कर रहे हैं।

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

# एक हिंदू राजा की संतान ने बसाया था आजमगढ़



कृष्णप्रभाकर उपाध्याय

प्रदेश में चल रही 'आजमगढ़' नगर का नाम बदलने की चर्चा तथा इसके मुस्लिम समाज द्वारा किए जा रहे विरोध के मध्य संभवतः यह जानना रोचक व चौंकाने वाला होगा कि 1665 ईस्वी में आजमगढ़ की स्थापना करने वाला आजम खान स्वयं एक हिंदू पिता की संतान था। 'राजा एंड नवाब्स ऑफ द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1879' तथा 'द मैन्युअल ऑफ टाइटल्स फॉर द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1929' के विवरण बताते हैं कि आजम खान व इसका भाई अजमत खान, इस क्षेत्र के तत्कालीन गौतमवंशीय राजा विक्रमादित्य के उनकी मुस्लिम पत्नी से उत्पन्न पुत्र थे। राजा विक्रमादित्य ने हिंदू धर्म के उदारता के चलते कभी भी अपनी मुस्लिम पत्नी के पांथिक विश्वासों में हस्तक्षेप नहीं किया। न ही उन्होंने उससे उत्पन्न पुत्रों के, अपनी पत्नी की भावनाओं के अनुरूप मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार नामकरण करने या पालन-पोषण करने में बाधा पहुंचाई। (यह ठीक उसी प्रकार था, जिस प्रकार बाद के वर्षों में सुप्रसिद्ध पेशवा 'बाजीराव' ने भी अपनी मुस्लिम प्रेमिका मस्तानी से उत्पन्न पुत्र की परवरिश अपने प्रेमिका की मुस्लिम भावनाओं के अनुरूप कराई थी। इसके विपरीत यह तथ्य अधिक चौंकानेवाला है कि तत्कालीन शासकों व उनके अधिकारियों द्वारा हिंदुओं को मुसलमान बनाने के बाद भी इस्लाम की कथित 'सभी मुसलमान एक हैं या उनमें जाति प्रथा आदि नहीं है', जैसी विरुदावली के विपरीत, इन्हें कभी भी अपने समकक्ष नहीं समझा)। वे इनकी अलग पहचान बनाये रखने के लिए इन्हें 'खानजादा' 'लालखानी' 'साबितखानी' जैसे नाम देते थे। आजम खान व उसका बाद का वंश भी 'खानजादा' कहलाता था। राजा विक्रमादित्य की मृत्यु के बाद उनके भाई रूद्र सिंह राजा बने। किंतु रूद्र सिंह ने भी अपने बड़े भाई की संतान आजम खान व अजमत खान के 'ज्येष्ठ' का पुत्र होने के अधिकार को स्वीकारते हुए आजम खान को ही अपना उत्तराधिकारी बनाया। उपरोक्त पुस्तकों में आजम खान के मूल गौतम राजपूत वंश (जिसका प्रतिनिधित्व उस समय फतेहपुर के अर्गल नामक स्थान के राजा द्वारा किया जा रहा था) के विवरणों में बताया है कि यह गौतम राजपूत भगवान बुद्ध के समय 'शाक्य' कही जानेवाली क्षत्रियों की शाखा का परिवर्तित नाम है।

**(लेखक, जिला उपभोक्ता फोरम हाथरस के अध्यक्ष हैं।)**



बोधि वृक्ष

ऐसी मान्यता है कि इस कल्पतरु की जड़ में पत्थर बांधने से बाबा गाजेश्वर नाथ अपनी भक्तों की सारी मनोकामनाओं को अवश्य पूर्ण करते हैं। गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले गुफा के ठीक ऊपर से गिरते झरने का जल श्रद्धालुओं को पवित्र कर देता है। गर्भ गृह (गुफा) में प्रवेश करने के पश्चात बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव के पीतांबरी शिवलिंग के दर्शन होते हैं।

# मिनी बाबाधाम है गाजेश्वर नाथ धाम

संथाल परगना में दूसरा बाबाधाम के रूप में प्रसिद्ध बाबा गाजेश्वर नाथ धाम एक दर्शनीय स्थल है। यह मिनी बाबाधाम के नाम से प्रसिद्ध है और इसे 'शिवगादी' भी कहा जाता है। यह राजमहल की पहाड़ियों में नैसर्गिक सौंदर्य के बीच एक गुफा मंदिर है। यह मंदिर साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड से 6 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर की ओर अवस्थित है। बाबा गाजेश्वर नाथ का यह मंदिर पहाड़ी पर स्थित है। 195 सीढ़ियों की चढ़ाई के बाद मंदिर का दर्शन होता है। बाबा गाजेश्वर नाथ धाम मंदिर का गर्भगृह (गुफा) प्रवेश द्वार के ऊपर बिलकुल सीधा उठा हुआ प्रतीत होता है। इस गुफा के प्रवेश द्वार के ऊपर विद्यमान दुर्लभ अक्षय वट वृक्ष है। इस वट वृक्ष की जड़ें प्रवेश द्वार के बायीं ओर मंदिर सतह तक फैली हुई हैं, जो देखने से ऐसा लगता है कि भगवान भोलेनाथ की जटाएं लहरा रही हैं। यह वृक्ष मनोकामना कल्पतरु (वट वृक्ष) के नाम से प्रसिद्ध है। ऐसी मान्यता है कि इस कल्पतरु की जड़ में पत्थर बांधने से बाबा गाजेश्वर नाथ अपनी भक्तों की सारी मनोकामनाओं को अवश्य पूर्ण करते हैं। गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले गुफा के ठीक ऊपर से गिरते झरने का जल श्रद्धालुओं को पवित्र कर देता है। गर्भ गृह (गुफा) में प्रवेश करने के पश्चात बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव के पीतांबरी शिवलिंग के दर्शन होते हैं। शिवलिंग के ठीक ऊपर की चट्टानों से बारहों महीने बूंद-बूंद कर जल टपकते रहता है। ऐसा प्रतीत होता है प्रकृति स्वयं ही निरंतर भगवान शंकर का जलाभिषेक करती रहती है।



जगत ज्ञान

# जीवन की यही है रीत, यहां हार के बाद होती है जीत



विनोद कुमार सिंह

संसार तो एक समर क्षेत्र है। इस समर क्षेत्र में दोनो प्रतिद्वन्दी अपने अपने सर्मथकों, शुभ चिन्तकों के सहारे अपनी किस्मत अजमानें उतरता है, किसी के पक्ष में विजयश्री का ताजपोशी होती है वही दूसरी ओर उसके प्रतिद्वन्धी को पराजय की पीड़ा से गुजरना पड़ता है। मै आज आप के समक्ष चुनावी समर क्षेत्र में पराजित प्रत्याशी की पीड़ा पर मार्मिक कहानी बताऊँ इसके पहले एक प्रचलित भजन सहारा लेना चाहूँगा- वैष्णव जन तेनें कहियें पीर पराई जाने रे। अर्थात-सच्चे हितेषी,मित्र तो सच्चे संत के समान होते है। जो हमेशा ही आपका अपना हितेषी, मित्र, शुभ चिन्तक व समर्थक हमेशा ही आपके साथ खड़े होते है।आपको मदद करने के तत्पर रहते है। लेकिन कुछ ऐसे भी होते है जो केवल आपके सुःख व अच्छे वक्त में खड़े रहते है लेकिन मौका मिलते व आपके विपरीत समय में बीच मझधार में छोड़ कर खिसक जाते है। खैर आज मै आप के समक्ष चुनाव की एक चर्चित घटना की चर्चा कर रहें है। कहानी का प्राम्भ एक पराजित प्रत्याशी की प्रणाम से प्रारम्भ है।यह बात 13 जुलाई 24 की है। देश की राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन के रायसीना मार्ग स्थित प्रजातंत्र के प्राण व सच्चे प्रहरी का ऐतिहासिक प्रेस कल्ब ऑफ इण्डिया परिसर में जहाँ पर आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की इतिहास के पन्ने में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। मौका है एक मात्र मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सन 1966 में स्थापित संगठन जो प्रेस ऐसोशिएशन के द्विवार्षिक चुनाव 24। मैं कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहा था। इसमें मुझे 52 मतों से अपनी हार को स्वीकार करना पड़ा। अंत में समझ में आ गया, जीवन की यही है रीत, यहां हार के बाद होती है जीत।

**(लेखक मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार, स्तम्भकार व प्रेस एसोसिएशन के सदस्य हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के चिरु पंचायत में गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज पुलिस छोटकी नदी पे छापामारी कर एक ट्रैक्टर पकड़ा है। ट्रैक्टर पर 60 सीएफटी बालू पकड़ा गया। मौके से चालक भागने में सफल रहा। पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई। छापामारी दल में थाना प्रभारी विक्रम कुमार, बीडीओ सह सीओ हेरहंज प्रदीप कुमार दास मौजूद थे।

### जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अन्य जिला से योगदान किये गए शिक्षकों के पदस्थापन की जानकारी दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए अन्य जिला से योगदान किये गए शिक्षकों को विद्यालय आवंटित कर पदस्थापन करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने लातेहार जिला के वैसे शिक्षक जिन्होंने अन्य जिला में आवेदन किया है उनके आवेदन को शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल (समिति से) अग्रसारित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अबुआ आवास के लाभुकों का चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बारियातु पंचायत सचिवालय में शोमवार को अबुआ आवास के लाभुकों का चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया डेगन गंझु ने की। संचालन पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया ने किया। ग्राम सभा में प्रखंड द्वारा आवंटित अबूआ आवास के लाभुकों का चयन के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं पंचायत के मुखिया डेगन गंझु ने बताया के कोई भी जरूरतमंद योग्य लाभुक किसी भी स्थिति में नहीं छूटेंगे। सभी को अबुआ आवास का लाभ दिया जाएगा। फिलहाल प्रखंड कार्यालय से पंचायत को लगभग 150 अबुआ आवास का आवंटन मिला है जिसमें सभी लाभुकों के घर जाकर निरीक्षण कर योग्य लोगों को ही आवास का लाभ दिया जाएगा।

## 3 से 10 अगस्त तक पंचायतों में शिविर का आयोजन

# 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मिलेगा योजना का लाभ : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ चंदन प्रसाद ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। कहा कि योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन होना है। शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी जरूरी कार्य समय पर निष्पादित और योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है। योजना का लाभ लेने से एक भी योग्य महिला नहीं छुटे तथा शिविर सुचारू रूप से चले इसलिए कार्यशाला का आयोजन कर सभी को आवश्यक निर्देश दिया गया है। योजना के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसका वितरण, जमा करने एवं स्वीकृति तक की सारी कार्रवाई निःशुल्क होगी। आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को चिन्हित कर आवेदन उपलब्ध कराएंगे।

**पंचायत स्तरीय शिविर लगेगा :** योजना का लाभ लेने के लिए लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए प्रखंड के सभी पंचायत भवन में आगामी 3 से 10 अगस्त तक लगने वाले शिविर में आना होगा। आवेदन निःशुल्क है।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है। इसमें रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

**किसे मिलेगा लाभ :** लाभुकों के लिए आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड होना जरूरी है। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), गुलाबी राशन कार्ड, (सफेद राशन कार्ड) और हरा रंग का राशन कार्ड धारी हो जिनमे आवेदिका का नाम दर्ज हो। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, ऑपरेटर अमित गुप्ता मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बाघ दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन



**बरवाडीह।** पलामू टाइगर प्रोजेक्ट के बरवाडीह वन विभाग के वन क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो के नेतृत्व में सोमवार को बाघ दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकला गया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाघ दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम रेंजर अजय टोप्पो के नेतृत्व में वन विभाग कार्यालय परिसर से स्कूली बच्चों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में शामिल वन कर्मी बच्चा बच्चा करे पुकार बाघ बचाओ, हम सब ने ठाना है बाघ को है बचाना, धरती माता करे पुकार बाघ बचाओ बाग बचाओ, बाघ जंगल का राजा है भारत की है शान आदि नारा लगाते हुए प्रभात फेरी रेलवे क्लोनी क्षेत्र का भ्रमण कर वापस वन विभाग कार्यालय में पहुंकर समाप्त हुआ। इसके उपरांत बाघ को बचाने के लिए बच्चो को बाघ बचाने हेतु डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया गया। इसके उपरांत बच्चों के बीच बाघों को बचाने हेतु क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल रजनीश कुमार सिंह, मुकेश उरांव,अखिलेश कुमार,दीपक कुमार, शशि भूषण कुमार ,मुकेश यादव, समीर कश्यप, अविनाश एक्का अभिषेक एक्का,श्रवण गुप्ता, कृष्णा राम समेत कई वनकर्मी शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेतमा के समीप डालटनगंज मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला क्रिस्टीना कुजूर पति स्वर्गीय मारकुश किंडो छिपादोहर में अपने पुत्र के पास रहती थी। वहां से वह अपने अन्य तीन पुत्र जो की गांव चेतमा में रहते हैं उनके पास आई थी। इसी दौरान अपने पोते नेम्हा किंडो के साथ महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत टीमकीताड़. अपने ननद के घर मिलने गई थी। वहां से अपने पोते के साथ टेंपो में सवार होकर रात्रि करीब 8 बजे लौट रही थी। इस दौरान टेंपो उनका पोता नेम्हा किंडो चला रहा था, जो की काफी नशे की हालत में था। टेंपो अनियंत्रित होने पर बुजुर्ग महिला टेंपो से गिर पड़ी। जिसके बाद नेम्हा किंडो नशे की हालत में ज्यादा घबरा गया और वहां से फरार हो गया। घर आकर किसी को भी घटना की जानकारी नहीं दी। घर वालों को बताया की दादी (वृद्ध महिला) को बांसकरचा में छोड़ कर आया है। वही सुबह बुजुर्ग महिला की शव सड़क पर मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद अक्सी पंचायत की मुखिया रोजलिया कुजूर घटनास्थल पर पहुंची। आरोपी नेम्हा किंडो से पूछताछ करने लगी। जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस सुबह घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।

## एक अगस्त से बीसीजी टीकाकरण अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** भारत सरकार के 2025 तक टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी वयस्क लोगो को 1 अगस्त से बीसीजी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में प्री रजिस्ट्रेशन कार्य शुरू है। इस संबंध में टीबी रोग के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक निशिश कुमार ने बताया कि भारत सरकार ने 20 से 25 तक टीबी रोग उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। पूर्व में सरकार द्वारा चिन्हित मरीजों को मुफ्त दवा व अन्य सुविधा उपलब्ध कराकर इस बीमारी पर अंकुश लगाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में नवजात शिशुओं को बीसीजी का टीकाकरण दिया जाता था। जिससे टीबी रोग पर इसे प्रभावी माना गया है। लेकिन टीबी रोग को मुक्त करने के लिए शारीरिक रूप से वयस्क कमजोर व्यक्तियों को इस बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए बीसीजी टीकाकरण करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत 18 वर्ष से ऊपर सभी वर्ग के लोगों को निर्धारित मापदंड के तहत बीसीजी का टीकाकरण टीबी रोग से बचाव के लिए दिया जाना है। चिकित्सा पर्यवेक्षक निशिश कुमार ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में निबंध कार्य प्रारंभ है। जिसके तहत अब तक 700 से अधिक लोगों का बीसीजी टीकाकरण के लिए निबंधन कराया गया है।

## बरसात की हल्की बारिश में ही सभी डायवर्सन क्षतिग्रस्त

# ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के गांगपुर से मरंगी तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त सड़क का निर्माण कार्य सहाय कंस्ट्रक्शन द्वारा चार किलोमीटर लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से निर्माण किया जा रहा है। उक्त सड़क में जगह-जगह पर पुल और पुलिया बनाया जा रहा है। पुलिया निर्माण के कारण सड़क के किनारे संवेदक द्वारा डायवर्सन बनाया गया है। जो काफी जर्जर स्थिति में है। डायवर्सन से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि गांगपुर से मरंगी जाने में लगभग पांच पुलिया बनाया जा रहा है सभी का डायवर्सन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे आवागमन बाधित हो गया है। जबकि इस रास्ते से सैकड़ो दो पहिए व चार पहिए वाहन गुजरती हैं। डायवर्सन छतिग्रस्त होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस डायवर्सन में दो पहिए तो बहुत दूर की बात आदमी दोपहिया खड़ा कर पैदल चल कर डायवर्सन पार करना दुर्लभ हो गया है।बरसात की हल्की सी बारिश में डायवर्सन की स्थिति इतनी बुरी है कि लोग फिसल कर गिर रहे हैं। और कई दुर्घटनाएं घट रही है। डायवर्सन क्षतिग्रस्त होने से लगभग आधा दर्जन गांवों के लोग काफी परेशान है यहां तक के स्कूली बच्चों की वहान भी कई किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे रास्ते से घूम कर स्कूल पहुंच रहे हैं।जिसे लेकर ग्रामीणों ने संवेदक पर लापरवाही व मनमानी का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन से सभी डायवर्सन को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

## एकता के साथ सनातन संस्कृति को बनाए रखना उद्देश्य : अनिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता अरविंद भगत ने की। संचालन संघ के जिला सह कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु मान एवं भारत माता के चित्र के समझ पुष्पांजलि करते हुए किया गया। इसके बाद उपस्थित स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज को गुरु मानते हुए अपना-अपना गुरु दक्षिणा समर्पण किया। गुरु दक्षिणा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पलामू जिला लातेहार जिला संघ चालक अनिल ठाकुर ने अपने बौद्धिक संबोधन में कहा कि संघ की स्थापना सन 1925 में हुई थी। इसका उद्देश्य देश की एकता के साथ-साथ सनातन संस्कृति को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि आज संघ की 100 वर्ष पूरी होने वाली है। उन्होंने गुरु दक्षिणा के प्रति प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हिंदू सनातन धर्म मे गुरु का स्थान सर्वोपरि है। बिना गुरु का जीवन अंधकारमय है। एक मात्र गुरु कृपा से ही मनुष्य का जीवन सार्थक हो सकता है। जिसे लेकर भगवा ध्वज को गुरु मानकर अपना गुरु दक्षिणा अर्पित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक जितेंद्र कुमार ने कई देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। पलामू विभाग के संघ चालक जानकी मंदिर आना ने भी अपने विचार रखते हुए सनातन धर्म में गुरु की माता पर प्रकाश डाला। मौके पर संघ के पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल, निर्मल कुमार, प्रमोद साहू, कान्हा कुमार, पवन कुमार लाल, देव गंजू, अखिलेश भोक्ता, अरविंद कुमार, अशोक कुमार साहू, शंभु प्रसाद सिंह, राजकुमार भगत, विनोद साहू, विजय कुमार, शशि भूषण प्रसाद, अजीत कुमार ओझा, जगनारायण पाठक, उज्जवल शुक्ला, संजय कुशवाहा समेत काफी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद थे।

### काशी विश्वनाथ धार्मिक यात्रा पर पैदल निकले महेन्द्र यादव

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत ब्राह्मणी ग्राम निवासी महेंद्र यादव ने श्रावण माह के दूसरी सोमवारी के दिन चंदवा से काशी विश्वनाथ की धार्मिक यात्रा पर पैदल रवाना हुए। मौके पर स्थानीय महावीर मंदिर सासंग में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जहां समाज के लोगो ने उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया व सुखद यात्रा की कामना करते हुए हौसला बढ़ाया। समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव ने कहा कि चंदवा लगभग 350 किमी काशी विश्वनाथ की पैदल यात्रा करने का निश्चय करना काफी साहस का परिचय है। चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा कि महेंद्र यादव का यात्रा एक मिशाल है इनके साहस व धैर्य की प्रशंसा करती हूं,वहीं यात्रा पर रवाना हो रहे महेंद्र यादव ने कहा का की धार्मिक यात्रा के दौरान वे काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ की आराधना कर क्षेत्र की उन्नति व शांति का आशीर्वाद मांगेंगे। मौके पर दिलीप सिंह,अवधेश सिंह,नीरज अग्रवाल,हरेंद्र नायक, रामप्रवेश यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### वित्त रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक में कई निर्णय

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के गांधी इंटर कॉलेज में सोमवार को झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक दशरथ प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई। पांच सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इसकी शुरूआत 31 जुलाई से होगी। राज्य के शिक्षा मंत्री सह लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम के रांची स्थित आवास का घेराव किया जायेगा। इसके अलावा वित्त रहित राज्य के 1250 विद्यालय और इंटर कॉलेज कर्मचारियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की बात कही गई। अनुदान की राशि मंहगाई को देखते हुए वित्तिय वर्ष 2024-25 से कमेटी की अनुशंसा के आलोक मे मंत्रिपरिषद में भेजा जाए। इंटर कॉलेत में पूर्व की भांति निर्धारित सीट पर नामांकन लेने की छूट देने, वर्ष 2023-24 में अनुदान की निर्गत राशि का भुगतान करने तथा अनुदान की राशि सीधे शिक्षक व कर्मचारियों के खाता में भेजा जाना चाहिए। सदस्य मंडल के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्री के आवास घेराव कार्यक्रम के बाद भी हमारी मांगे पूरी की गई तो 21 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास पर अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। मौके पर कुलदीप लकड़ा, मो. नाजिर खान, गौतम दुबे, संजय कुमार सिन्हा, सुनील सिंह, राम रंजन शर्मा व पूनम कुमारी समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय– जादुगोड़ा
पोस्ट : जादुगोड़ा माईन्स, जिला– पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड–832 102
ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL- JADUGUDA
(Under AEES, an Autonomous body, Dept. of Atomic Energy, Govt. of India)
Po: Jaduguda Mines, Dist.: East Singhbhum, Jharkhand. Pin.- 832102
( Affiliated to CBSE Delhi, Affiliation No. 3480002 , School No. - 66237 )
Phone - 0657-2953561 e-mail: aecsjad1@yahoo.com

NO: AECS/J/B-20/2024 July 23, 2024

**शिक्षकों की आवश्यकता है**

शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए जादूगोड़ा, नरवापहाड़ और तुरामडीह (सीबीएससी से संबद्ध अंग्रेजी माध्यम स्कूल) में परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालयों में नीचे उल्लिखित पदों के लिए, पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर शिक्षकों की आवश्यकता है।

पीजीटी- गणित, जीवविज्ञान
टीजीटी - हिंदी/संस्कृत, विशेष शिक्षक
पीआरटी - (अंग्रेजी, गणित और विज्ञान)
तैयारी शिक्षक

उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज और फोटोग्राफ के साथ हमारे विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित तिथि और समय पर लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी पात्र उम्मीदवारों को उसके बाद एक कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर जाएँ।

(एन.के.ब्लाहटिया)
समन्वयक प्राचार्य
एईसीएस, जादूगोड़ा केंद्र

CBC 48134/12/0013/2425

# कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से कार्य बाधित, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**लातेहार।** झारखंड अनुसूचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) लातेहार के कर्मचारी सोमवार को नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सुरजा कुजूर ने कहा कि प्रदेश के नेतृत्व में 23 जून को 9 सूत्री मांग को लेकर राजभवन रांची में एक दिवसीय महाधरना दिया गया था। जिसमें सभी मांगों पर विचार करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी किसी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया है। इससे आक्रोशित होकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। सोमवार को आठवें दिन हड़ताल जारी रहा। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से उनसे संबंधित सभी कार्य ठप हो गए है। ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा की हम सभी संवैधानिक तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी सभी मांग जायज है। सरकार इस पर जरूर विचार करेंगी। जिला सचिव मनोज कुमार पासवान ने कहा कि 9 सूत्री मांगों पर सरकार विचार नहीं कर रहीं हैं जो काफी दुभाग्यपूर्ण हैं। बताते चले की संघ द्वारा नौ सूत्री मांगों में ग्रेड वेतन मे बदलवा, पदनाम मे सुधार, प्रोन्नति मे कालावधि को घटना, एमएसीपी 10 के जगह 8 वर्षों मे स्वीकृत करना, अनुसेवियों को लिपिक मे प्रोन्नति, सविंदा पर कार्यरत कर्मियों को नियमित करना, आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों को सीधे सरकार के तहत अनुबंध पर नियुक्त करना, प्रसाशी पदाधिकारी के ग्रेड वेतन 5400 किया जाना शामिल है। धरना स्थल पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सच्चिदानंद कुमार, संरक्षक गोवर्धन राम, देवनाथ उरांव, बृजकिशोर तिवारी, जयकुमार सिंह, विजय कुमार रजक, महेंद्र सिंह, पंकज शाहदेव, अशोक पासवान, अखिलेश टोप्पो, रामनरेश राम, पुष्पेंद्र पांडेय, अनिमेष कुमार समेत संघ के सभी कर्मी मौजूद थे।

### नल चालू होने से पहले समरसेबल की चोरी

**कुन्दा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के मरगड्डा पंचायत के पिंजनी गांव स्थित पनठिया में नल-जल योजना के तहत हर घर में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए समरसेबल को रविवार की रात चोरों ने चुरा लिया। यह मामला तब प्रकाश में आया जब सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण उधर टहलने गए तो देखा कि समरसेबल गायब है। पाइप टूटा पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया की अभी तक नल जल चालू नहीं हुआ था। समरसेबल चोरी की घटना से ग्रामीण काफी नाराज हैं।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।
पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114
Email- atmagarhwa2007@gmail.com

(किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)

गढ़वा जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बैग अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार हैः–

(In Rs.)

| Sl No. | Company Name | Urea Ind./IMP | DAP Ind./Imp | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | 20:20:0:13 | 16:16:16 | 14:28 | 14:28:14 | 28:28:00 | 13:32:16 | 10:26:26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - | | | | |
| 2 | NFL | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | - | - | - | - | - | | | | |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | | | | |
| 4 | KFL /KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | | | | |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | 600.00 | 1225.00 | 1200.00 | 0.00 | 1350.00 | 1650.00 | 1700.00 | 1470.00 | 1470.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | - | - | 1320.00 | 1375.00 | - | | | | |
| 7 | MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | | | | |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | | | | |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | 1625.00 | - | 1225.00 | - | - | - | | | | |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | | | | |
| 11 | BVHCL | 266.50 | - | - | | | | | | | | | |
| 12 | BEC | 266.50 | - | - | 580.00 | | | | | | | | |

नोटः–
1- Urea की प्रति बोरी 45 Kg Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size की होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय, पलामू में इस की शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित (नैनो यूरिया/डी0ए0पी0 को छोड़कर) उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्व उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।
4. किसान भाईयों से अनुरोध है कि यूरिया एवं डी0ए0पी0 के स्थान पर नैनो यूरिया एवं नैनो डी0ए0पी0 का प्रयोग करें।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 331031 (Agriculture)24-25*D

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा शिवालय, श्रद्धालुओं में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहर।** सावन महीने के दूसरे सोमवारी पर श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखी गई। सभी भक्तों ने सुबह-सुबह शिवालय में जाकर दूध व बेलपत्र चढ़ाकर भोलेनाथ की जयकारा लगाया। शहर के बाजार टांड स्थित प्राचीन शिव मंदिर, पानी टंकी, ब्लॉक स्थित शिव मंदिर, रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्र पांडेयपुरा,मोंगर,जालिम, गोवा, सेमरी, नावागढ़, तरवाड़ीह, पोचरा आदि शिवालयों में दूसरी सोमवारी को लेकर मंदिरों में भक्तों की भीड़ भाड़ देखी गई।बताया जाता है कि सोमवारी को शिवलिंग पर जलाभिषेक किए जाने से घर में सुख शांति आती है। किसी भी प्रकार की होनी वाली परेशानी से दूर रखता है। कुंआरी कन्याओं खास कर जिनका विवाह किसी कारण नहीं हो रही है, उन्हें हर सोमवारी को भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करनी चाहिए।सावन के सोमवारी का बहुत अधिक महत्व होता है। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन व्रत करने से भगवान शंकर की विशेष कृपा प्राप्त होती है। सावन का महीना भगवान शिव को अतिप्रिय होता है। जिस वजह से इस माह के सोमवार को पूजा अर्चना करने से विशेष महत्व बताया गया है।

### शिवालयों में उमड़ी भीड़, गूंजे जयकारे

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ का प्रिय महीना सावन की दूसरी सोमवारी पर रामपुर, आईआरबी कैंप ,चटकपुर सहित प्रखंड के तमाम शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह होते ही मंदिरों में शिव भक्तों के पहुंचने का सिलसलि शुरू हो गया था। सोमवारी को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। कई शिव भक्त गेरुआ वस्त्र धारण कर शिवालयों में जलाभिषेक करने पहुंचे थे। इस दौरान बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे। कई भक्तों ने पूरे दिन उपवास रखकर भोले बाबा की पूजा की। शिवभक्तों ने गंगा जल के साथ ही बेलपत्र, फल-फूल, भांग, धथूरा आदि अर्पित कर विधान पूर्वक पूजा की।काफी संख्या में नव युवकों व नव युवतियों ने भी मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की।

## पेरिस ओलिंपिक : आज के कार्यक्रम

**हॉकी**
- पुरुष ग्रुप बी: भारत बनाम आयरलैंड-शाम 4:45 बजे

**तैराकी**
- पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल - सुबह 12:49 बजे
- महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल - सुबह 1:11 बजे

**तीरंदाजी**
- पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड - दोपहर 3:30 बजे
- महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड - दोपहर 3:30 बजे

**बैडमिंटन**
- पुरुष एकल ग्रुप स्टेज - दोपहर 2:30 बजे
- महिला एकल ग्रुप स्टेज - दोपहर 12:00 बजे
- पुरुष युगल ग्रुप स्टेज - दोपहर 12:50 बजे
- महिला युगल ग्रुप स्टेज - दोपहर 1:40 बजे

**शूटिंग**
- पुरुष ट्रैप क्वालिफिकेशन - टीबीडी महिला ट्रैप क्वालिफिकेशन - टीबीडी
- मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल कांस्य पदक मैच - दोपहर 1:00 बजे
- मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्वर्ण पदक मैच - दोपहर 1:30 बजे
- पुरुष ट्रैप फाइनल - शाम 7:00 बजे

**टेबल टेनिस**
- पुरुष एकल राउंड ऑफ 32 - दोपहर 1:00 बजे
- महिला एकल राउंड ऑफ 32 - दोपहर1:00 बजे से

**बॉक्सिंग**
- पुरुष 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 - दोपहर 2:30 बजे
- महिला 54 किग्रा राउंड ऑफ 16 - दोपहर 3:50 बजे
- महिला 57 किग्रा राउंड ऑफ 32 - शाम 4:38 बजे

**टेनिस**
- पुरुष एकल दूसरा राउंड - दोपहर 3:30 बजे
- पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल - दोपहर 3:30 बजे

**घुड़सवारी**
- ड्रेसेज व्यक्तिगत दिन 1 - दोपहर 2:30 बजे

**रोइंग**
- पुरुष एकल स्कल्स क्वार्टरफाइनल - दोपहर 1:40 बजे

## पदक तालिका

| टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. जापान | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 0 | 6 |
| 3. अमेरिका | 3 | 6 | 3 | 12 |
| 4. फ्रांस | 3 | 3 | 2 | 8 |
| 5. सा. कोरिया | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 6. चीन | 3 | 1 | 2 | 6 |
| 7. इटली | 1 | 2 | 3 | 6 |
| 8.कजाकिस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| 9.जर्मनी | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 22. भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |

# पेरिस ओलंपिक : दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पर आज निशाना साधेंगे मनु-सरबजोत

## भाकर और सरबजोत की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रही

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के निशानेबाजी अभियान को एक और सकारात्मक सफलता मिली, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रही, जिससे कांस्य पदक मैच में उनकी जगह पक्की हो गई।


मनु-सरबजोत, जिन्होंने कुल 580-20 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया, चौथे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से मंगलवार को भिड़ेंगे, जिसने 579-18 अंक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक का मुकाबला तुर्किये (582-18) और सर्बिया (581-24) के बीच होगा। रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा 10वें स्थान पर रहे और इसलिए पदक मैच से चूक गए। मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में, टीम के प्रत्येक सदस्य को 30 मिनट की अवधि में कुल 30 शॉट लगाने थे। शॉट्स की प्रत्येक श्रृंखला में प्रत्येक खिलाड़ी के 10 शॉट और कुल 20 शॉट होते हैं। शीर्ष चार टीमों को पदक राउंड के लिए क्वालीफाई करने का विशेषाधिकार मिला जिसमें स्वर्ण के लिए और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें कांस्य के लिए भिड़ेंगी।



**चौथे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे**

रिदम और चीमा की टीम ने शॉट्स की अपनी पहली श्रृंखला के अंत में 194 अंकों के साथ पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों ने 97-97 अंक हासिल किए। दूसरी टीम मनु-सरबजोत 193 अंकों के साथ छठे स्थान पर रही, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 95 अंक मिले। अपनी दूसरी सीरीज में मनु और सरबजोत ने कुल 195 अंक हासिल किए, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 97 अंक मिले।

दूसरी ओर, रिदम और चीमा ने अपनी दूसरी सीरीज में 192 अंक हासिल किए, जिसमें रिदम को 99 और चीमा को 93 अंक मिले। अपनी तीसरी सीरीज में मनु भाकर-सरबजोत ने 192 अंक हासिल किए।



### महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 7वें स्थान पर रहीं रमिता

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल सोमवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं। वह एलिमिनेशन के लिए फ्रांस की ओसेन मुलर के साथ शूट-ऑफ में शामिल थीं और 10.5 अंकों के साथ बाहर हो गईं, जबकि फ्रांसीसी शूटर 10.8 अंक ही बना पाईं। फाइनल के बाद भारतीय शूटर का कुल स्कोर 145.3 रहा। रमिता पहले नौ शॉट के बाद तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन 10वें शॉट में वह मात्र 9.7 अंक ही बना पाईं, जिससे वह सातवें स्थान पर खिसक गईं। लेकिन उन्होंने 10.4 और 10.5 के शॉट के साथ पहले एलिमिनेशन को टालने के लिए घबराहट से लड़ाई लड़ी। अगले कुछ शॉट में, उन्होंने 10.2 के समान स्कोर बनाए और मुलर के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बाद में शूट-ऑफ में मुलर ने जीत हासिल की।

### पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर रहे अर्जुन बाबूता



**पेरिस।** अर्जुन बाबूता सोमवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर पुरुष एयर राइफल स्पर्धा में पोडियम स्थान के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। बबूता ने अधिकांश समय शीर्ष तीन में जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन अंतिम शॉट में 9.5 के स्कोर के कारण वह पीछे रह गए। इससे पहले, 60 शॉट की क्वालीफिकेशन सीरीज में बबूता ने कुल 630.1 अंक हासिल किए और सातवां स्थान हासिल किया। बबूता पेरिस 2024 खेलों में शूटिंग स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले तीसरे भारतीय हैं। पहली भारतीय मनु भाकर थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंचीं और कांस्य पदक जीता।

दूसरी भारतीय रमिता जिंदल थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं।

### पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन: भारतीय महिला युगल जोड़ी पोनप्पा-क्रैस्टो को मिली दूसरी हार



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला युगल बैडमिंटन में भारत की तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को सोमवार को जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने हरा दिया। क्रैस्टो और पोनप्पा को ग्रुप सी के दूसरे एकतरफा मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले, भारतीय जोड़ी को अपने अभियान के पहले मैच में भी हार का सामना करना पड़ा था। वे कोरिया गणराज्य के किम सो यियोंग और कोंग ही योंग के खिलाफ सीधे सेटों में हार गए थे। सो यियोंग-ही योंग ने भारतीय जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराया। यह खेल 46 मिनट तक चला। भारतीय राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन शाम 5:30 बजे अपने ग्रुप एल मैच में बेल्जियम के जूलियन कैरागी से भिड़ेंगे। सेन की योग्यता की संभावनाओं को उस समय गंभीर झटका लगा, जब ओलंपिक में बैडमिंटन पुरुष एकल ग्रुप एल मैच में ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन पर उनकी शानदार जीत को 'हटा दिया गया' क्योंकि ग्वाटेमाला के खिलाड़ी ने बाएं कोहनी की चोट के कारण बहु-खेल आयोजन से अपना नाम वापस ले लिया। कॉर्डन ने चल रहे पेरिस ओलंपिक से खुद को वापस ले लिया, जिसके लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैराग्गी के खिलाफ उनके आगामी ग्रुप एल मैच नहीं खेले जाएंगे।

## क्रिकेट का ओलंपिक हिस्सा बनना सचमुच अभूतपूर्व : राहुल द्रविड़

**एजेंसी। पेरिस**

भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक के खेल कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सराहना करते हुए इसे वास्तव में अभूतपूर्व बताया।

द्रविड़ ड्रीम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एक विशेष पैनल चर्चा का हिस्सा थे, जिसका शीर्षक था 'ओलंपिक में क्रिकेट - एक नए युग की शुरूआत', जो चल रहे पेरिस ओलंपिक में पहली बार इंडिया हाउस में आयोजित किया गया था। इंडिया हाउस की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में द्रविड़ के हवाले से कहा गया, अगर आपको खेल से उतना ही प्यार है जितना मुझे है, तो आप ओलंपिक के साथ बड़े हुए हैं। मेरी सबसे पुरानी यादें कार्ल लुईस के ओलंपिक जीतने और भारत में टेलीविजन के आने से जुड़ी हैं। हम इन महान एथलीटों को खेलते और खेलते देखने के लिए टेलीविजन सेट से चिपके रहते थे। आप हमेशा एक महान आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं। क्रिकेट में आपके पास शानदार आयोजन हैं।

## अगली आईसीसी बैठक की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश अगली आईसीसी बोर्ड बैठक की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है और साथ ही खेल की शासी संस्था के चुनाव होने की भी संभावना है। ग्रेग बार्कले आईसीसी के वर्तमान अध्यक्ष हैं। नवंबर 2022 में, बार्कले को सर्वसम्मति से दूसरे दो साल के कार्यकाल के लिए आईसीसी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था, जो इस साल के अंत में समाप्त हो रहा है। नजमुल ने रविवार को सचिवालय में एक अचानक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संवाददाताओं से कहा, यह पुष्टि हो गई है कि अगली आईसीसी बोर्ड बैठक ढाका में होगी। संभवतः आईसीसी चुनाव भी यहीं होंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आईसीसी चुनाव यहीं होंगे क्योंकि वर्तमान अध्यक्ष की यह आखिरी बोर्ड बैठक होगी। हमें इस समय तक अपना चुनाव जनादेश देने की उम्मीद है। नजमुल ने आगे बताया कि आईसीसी देश में अशांति को लेकर चिंतित है, लेकिन आईसीसी बोर्ड की हालिया बैठक में उनकी मौजूदगी ने शासी निकाय को आश्वस्त किया है।

## इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी बने यशस्वी जायसवाल



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस कैलेंडर वर्ष में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जायसवाल ने पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी 20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। बारिश से प्रभावित मैच में 8 ओवर में 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, जायसवाल ने सिर्फ 15 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रनों की तेज पारी खेली। उनके रन 200.00 के स्ट्राइक रेट से आए। इस साल सिर्फ 13 मैचों में, जायसवाल ने 63.93 की औसत और 94.54 की स्ट्राइक रेट से 1,023 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है। विशेष रूप से, ये सभी टेस्ट और टी-20 में उनके प्रदर्शन से आए हैं क्योंकि उन्होंने अभी तक अपना वनडे डेब्यू नहीं किया है। दूसरे नंबर पर, श्रीलंकाई खिलाड़ी कुसल मेंडिस (26 मैचों में 888 रन, छह अर्द्धशतक के साथ) और तीसरे नंबर पर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (25 मैचों में 844 रन, एक शतक और आठ अर्द्धशतक के साथ) हैं। इस साल छह टेस्ट मैचों में जायसवाल ने 11 पारियों के बाद 74.00 की औसत से 740 रन बनाए हैं। इसमें दो दोहरे शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है। सात टी20आई में उन्होंने 47.16 की औसत से 283 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक और 175.77 की स्ट्राइक रेट शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77* है।

## कठिन यात्रा करके पहुंचा अफगान का जूडो खिलाड़ी



**शटराउ (फ्रांस)।** ओलंपिक खेलने पहुंचे लगभग सभी खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए पूरी सुविधाएं दी जाती है लेकिन जब खिलाड़ी युद्ध से जर्जर अफगानिस्तान जैसे देश से हो तो उसे खेलों के इस महासमर में भाग लेने का अपना सपना पूरा करने के लिए छह हजार किलोमीटर और पांच देशों की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। अफगानिस्तान के जूडो खिलाड़ी सिबगातुल्लाह अरब 2021 में तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से भाग निकले। इसके बाद पांच देशों में शरण ली और आखिर में 6000 किलोमीटर का सफर तय करके जर्मनी पहुंचे। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की शरणार्थी टीम का हिस्सा हैं और पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की जूडो स्पर्धा के 81 किलोवर्ग में उतरेंगे। अफगानिस्तान में टीवी पर जूडो की विश्व चैम्पियनशिप देखकर उन्हें इस खेल से मुहब्बत हो गई लेकिन उनके शौक को परवान चढ़ाने का कोई जरिया नहीं था। तालिबान के कब्जे के बाद वह यूरोप भाग गए जिस समय उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी। उन्होंने कहा, ह्यजब मैने अफगानिस्तान छोड़ा तो पता नहनीं था कि बचूंगा या नहीं। इतनी दिक्कतें झेली है।'

## जितना हो सके उतना खेले हार्दिक : रवि शास्त्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के लिए बीते कुछ दिन अच्छे नहीं रहे। चाहे पर्सनल हो या प्रोफेशनल लाइफ, उन्हें कई नुकसान उठाने पड़े हैं। इस बीच टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने हार्दिक को फिटनेस हासिल करने और सही ट्रैक पर लौटने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। भारत के विजयी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अभियान में हार्दिक पांड्या उप-कप्तान थे। रोहित शर्मा के टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद हार्दिक कप्तानी संभालने के प्रबल दावेदार थे। हालांकि, जब मौजूदा श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा की गई, तो उन्हें केवल एक



खिलाड़ी के रूप में जगह मिली, जबकि सूर्यकुमार यादव को भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान बनाया गया और शुभमन गिल को उपकप्तानी सौंपी गई।

टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इस फेरबदल के पीछे का तर्क हार्दिक की फिटनेस और सभी मैचों के लिए उनकी उपलब्धता में कमी को ठहराया।

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने दौरे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे ऐसे खिलाड़ी को प्राथमिकता देते हैं, जिसकी उपलब्धता लगातार विश्वसनीय हो। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' के एपिसोड में कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि वह खेलना जारी रखें। मेरा मानना ??है कि फिटनेस बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए जो भी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच है, उसे जितना संभव हो उतना खेलना चाहिए। अगर वह मजबूत और फिट महसूस करता है, तो जाहिर है कि वह वनडे मैच के लिए भी टीम में आएगा लेकिन फिर, गेंदबाजी महत्वपूर्ण हो जाती है।

## टेनिस में पदक का सपना रह गया अधूरा

**एजेंसी। पेरिस**

सुमित नागल के एकल तथा रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी के पहले दौर में हारने के साथ ही भारत की पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में चुनौती समाप्त हो गई। भारत ने टेनिस में केवल एक ओलंपिक पदक जीता है। लिएंडर पेस ने 1996 के अटलांटा खेलों में एकल में कांस्य पदक जीता था। बोपन्ना और बालाजी को एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। मोनफिल्स ने अंतिम समय में घरेलू टीम में घायल फैबियन रेबौल की जगह ली थी। बोपन्ना का यह संभवतः आखिरी ओलंपिक था। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी डेविस कप से पहले ही संन्यास ले चुका है। इससे पहले रविवार को नागल कोर्ट पर उतरने वाले पहले खिलाड़ी थे, लेकिन उनका मजबूत बेसलाइन



गेम फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ पर्याप्त नहीं लग रहा था, जिन्होंने तीन सेट में शानदार जीत हासिल की। ओलंपिक खेलों में दूसरी बार भाग ले रहे नागल ने पहला सेट हारने के बाद वापसी की, लेकिन आखिर में उन्हें दो घंटे और 28 मिनट तक चले मैच में 2-6, 6-4, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

## 2025 टी-20 के पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत अगले साल टी-20 प्रारूप में पुरुषों के एशिया कप की मेजबानी करेगा, जबकि यह टूर्नामेंट 2027 में बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी प्रायोजन अधिकार दस्तावेज के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण के अनुसार, कुल 13 मैच टूर्नामेंट में होंगे जिसमें छह टीमें - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान भाग लेंगी और छठी टीम क्वालीफाइंग इवेंट के जरिए चुनी जाएगी।

हालांकि तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन

**1** यह टूर्नामेंट 2027 में बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा

**2** भारत, पाक, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान भाग लेंगी और छठी टीम क्वालीफाइंग इवेंट के जरिए चुनी जाएगी

**3** 2026 में कोई पुरुष एशियाई टूर्नामेंट नहीं होगा, महिला एशिया कप खेला जायेगा




सूत्रों ने संकेत दिया है कि देश में मानसून का मौसम खत्म होने के बाद सितंबर में इसे आयोजित किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के भविष्य दौरा कार्यक्रम 023-27 के अनुसार, भारत का अगले साल काफी व्यस्त कार्यक्रम है, क्योंकि जनवरी-फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज होगी, उसके बाद फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी होगी।

आईपीएल खत्म होने के बाद, टीम जून से अगस्त तक इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए बांग्लादेश जाएगी। इसलिए, एशिया कप बांग्लादेश सीरीज के बाद और अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले आयोजित होने की उम्मीद है।

हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि संभावित स्थलों के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि 2026 में कोई पुरुष एशियाई टूर्नामेंट नहीं होगा, उस साल महिला एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, उसके बाद पुरुषों का अंडर-19 और इमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट होगा।

## न्यूज बॉक्स

### नव नियुक्त राज्यपाल से मिले संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सोमवार को झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल आदरणीय संतोष गंगवार से नई दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उनके साथ झारखंड के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दिया।

### चेक बाउंस में एक वर्ष का जेल व 24 लाख का जुर्माना

**रांची।** सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में दोषी दिए गए अमित कुमार सोनी को एक वर्ष की सजा और 24 लाख का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था। यह राशि उस चेक के बदले देय होगी जो बाउंस हो गया। दरअसल अमित सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के 19 लाख 85 हजार के दो अलग अलग चेक दिया था जो बाउंस कर गया था। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था जिस पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट जेनिस मिंज की कोर्ट में सुनवाई हुई। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की।

### सुदेश महतो ने हिमंता विस्वा सरमा से की मुलाकात



**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के भाजपा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की है। यह मुलाकात दिल्ली में हुई है। सुदेश कुमार महतो ने इस बाबत सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर तस्वीर साझा की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की। इन दौरान राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात और आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

### हेमंत को सुप्रीम कोर्ट से राहत : मंत्री दीपक बिरुआ बोले सच सामने आया

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट से मिली जमानत को निरस्त करने की मांग वाली ईडी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर झारखंड सरकार में मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता और सच समय से पहले सबके सामने आ ही जाता है। भाजपा की मंशा झारखंड को अस्थिर करने और लोगों को परेशान करने की थी। लेकिन, वह अपनी मंशा में कामयाब नहीं हो पाए। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी क्लीन चिट दे दी। हम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोला और कहा, झारखंड को बनाने के लिए बहुत सारे लोगों ने अपनी कुबार्नी दी है।

### गोलू कच्छप हत्याकांड में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा और जुमार्ना

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने सोमवार को गोलू कच्छप हत्याकांड में दोषी पति-पत्नी और पिता-पुत्र सहित कुल चार दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने प्रेम प्रसंग में गोलू कच्छप की हत्या के मामले में सुभाष गोसाई उर्फ फंटुश गोसाई उसकी पत्नी प्रिया देवी, सोहराई गोसाई एवं उसका बेटा विकास कुमार को सजा सुनाई है। सभी डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा निवासी हैं। घटना को लेकर बुंडू थाना में 10 अगस्त, 2019 को चौकीदार मदन लोहरा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उल्लेखनीय है कि 08 अगस्त, 2019 को डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा निवासी गोलू कच्छप की हत्या हथौड़ा एवं तलवार से मारकर कर दी गई थी। दस अगस्त को बुंडू के कांची नदी पर उसका शव मिला था। पुलिस ने 28 अगस्त को चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस हत्याकांड के पीछे की वजह यह है कि गोलू और प्रिया के बीच प्रेम प्रसंग था।

### जमीन घोटाला मामले में छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर अगली सुनवाई 12 को

**रांची ।** चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था।

### कांके राजकीय प्लस टू विद्यालय में अनियमितता का अरोप, डीईओ से की शिकायत



**रांची ।** सोमवार को युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू नेता दीपक दुबे के नेतृत्व में रांची जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला। वहीं कांके राजकीय प्लस टू विद्यालय में नामांकन में हो रही है अनियमितता को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के दीपक दुबे ने कहा कि रांची जिला के बहुत सारे दसवीं पास छात्र-छात्राएं अभी भी नामांकन के लिए इधर-उधर भटकने को विवश है। जहां भी नामांकन के लिए जा रहे हैं वहां उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया जा रहा है कि इन सभी विद्यालयों में सीटों फूल हो चुकी है। ऐसे ही विद्यालय में एक कांके का राजकीय +2 उच्च विद्यालय है, जहां कांके क्षेत्र के लगभग सैकड़ो छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट में नामांकन से वंचित हैं। छात्र-छात्राओं को सीट खाली रहते हुए भी उन्हें सीटों की संख्या भर जाने का हवाला देकर बिना नामांकन लिए वापस भेज दिया जा रहा है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध किया कि इस मामले को गंभीरता से लें। कांके राजकीय+2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य को नामांकन प्रक्रिया जारी रखने का आदेश दिया जाए। वहीं एडमिशन में हुई अनियमितता जांच की जाए ताकि उसे इलाके के छात्र छात्र-छात्राएं अपने आगे की पढ़ाई को सुचारू रूप से जारी रख सके।

# सहायक पुलिसकर्मियों की मानदेय वृद्धि पर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं : विनोद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों की मानदेय वृद्धि और नियुक्ति में प्राथमिकता को लेकर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं है। इस पर सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों के विभिन्न मांगों के संदर्भ में सरकार द्वारा गठित समिति में शामिल विधायक और सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधि के साथ हुए समझौता के क्रम में कार्रवाई जारी है। विनोद सिंह ने पूछा था कि क्या सरकार सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा विस्तार, मानदेय वृद्धि और स्थायी नियुक्ति में प्राथमिकता देने का विचार रखती है? सरकार के साथ हुए समझौते के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन स्थगित कर दिया। सरकार के प्रतिनिधि के साथ हुई बातचीत के बाद यह तय हुआ कि सहायक पुलिसकर्मियों के मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जाएगी। मतलब करीब 3000 रुपये की बढोत्तरी मानदेय में प्रतिमाह सहायक पुलिसकर्मियों की बढ़ोत्तरी हो जायेगी। साथ ही उन्हें सिपाही की तर्ज पर छुट्टी भी दी जाएगी। सिपाही की तर्ज पर वर्दी भत्ता भी दिया जाएग। अगले एक वर्ष के लिए सहायक पुलिसकर्मियों का होगा सेवा विस्तार होगा।



*विनोद सिंह ने पूछा था कि क्या सरकार सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा विस्तार, मानदेय वृद्धि और स्थायी नियुक्ति में प्राथमिकता देने का विचार रखती है?*

### मांडर में फायर स्टेशन स्थापित करें : शिल्पी नेहा

**कोंग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर में फायर स्टेशन स्थापित करने को ले कर सरकार से सवाल पूछा। सरकार के तरफ से इस सवाल पर जवाब टाल दिया गया। इसबीच अध्यक्ष ने कहा कि अगर इसकी व्यवस्था हो जाए तो अच्छा।**

---

e- Procurement Cell

## Office of The Executive Engineer

Building Construction Department, Building Division, Chatra

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/CHATRA/ 07 /2024-25 दिनांक:– 29.07.2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Model Storage Facilities for Seized Narcotics Drugs and Psycotropic substance, Chatra for the Year 2024-25 | Rs. 70,30,000.00 | 6(Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.08.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 12-08-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 13-08-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer, e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Chatra

PR 331157 Building (24-25)_D

---

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**आम सूचना (10th Call)**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला, पाँकी | पाँकी | 288000.00 | 72000.00 | 13-08-2024 | 12:00 बजे |
| 2 | डांक बंगला, नावाखास | पाटन | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 3 | बहुदेशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 234000.00 | 58500.00 | | |
| 4 | बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 5 | बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़ | सदर मेदिनीनगर | 108000.00 | 27000.00 | | |
| 6 | बहुदेशीय भवन, मनातू | मनातू | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 7 | बहुदेशीय भवन, सेमरी | पाटन | 180000.00 | 45000.00 | | |
| 8 | नया डाक बंगला, पंड़वा | पंड़वा | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 9 | बस पड़ाव मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 12.08.2024 तक कॉलम संख्या–5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,जिला परिषद, पलामू

PR 331125 District(24-25).D

---

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**तालाब बन्दोबस्ती से संबंधित आम सूचना**

दिनांक 17.01.2023 को जिला परिषद बोर्ड द्वारा पलामू जिला परिषद क्षेत्र अन्तर्गत तालाबो के बन्दोबस्ती हेतु दर निर्धारित करते हुए 03 वर्ष के लिये बन्दोबस्ती करने का निर्णय लिया गया है। अतः उक्त के आलोक में एतद् द्वारा सभी इच्छुक मत्स्य पालक अन्य व्यक्ति (आम एवं खास) को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू द्वारा निर्मित निम्नांकित सरकारी तालाब/अमृत सरोवर का बंदोबस्ती 03 वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | अमृत सरोवर/तालाब का नाम | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चैनपुर | कोशियारा | रामपुर | अमृत सरोवर रामपुर | 60000.00 | 15000.00 | 13.08.2024 | 12:30 PM |
| 2 | हुसैनाबाद | बेनी कला | सबानो | अमृत सरोवर सबानो | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 3 | हुसैनाबाद | उर्दवार मंजुराहा | घुरूआ | अमृत सरोवर घुरूआ | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 4 | पाँकी | हुरलौंग | गोगाड़ | अमृत सरोवर गोगाड़ | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 5 | पाँकी | अम्बाबार | लुकुआ | अमृत सरोवर लुकुआ | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 6 | हुसैनाबाद | उुर्दवार मंजुराहा | मंजुराहा | सरकारी तालाब मंजुराहा | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 7 | सदर मेदिनीनगर | झाबर | झाबर | सरकारी तालाब झाबर | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 8 | नौडीहा बाजार | तरीडीह | बलरा | सरकारी तालाब बलरा। | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 9 | सतबरवा | रबदा | तुम्बागाड़ा | सरकारी तालाब तुम्बागाड़ा | 60000.00 | 15000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 12.08.2024 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि कैश/बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम डाक बोलने वाला व्यक्ति या संस्था यदि डाक बोलने के बाद बन्दोबस्ती नहीं लेगा, तो उसकी जमानत की राशि सोख्त (फोरफीट) कर ली जायेगी। उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 331124 (District) 24-25 (D)

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 03/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 27.07.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मझिआँव | RWD/GARHWA/13/2024-25 | सोनपुरवा सरदार चौधरी के घर से श्यामनारायण सिंह के भण्डार होते भागोडीह घुरण प्रजापति के घर तक पथ निर्माण कार्य। (4.400 कि0मी0) | 553.025 | पाँच करोड़ तिरपन लाख दो हजार पाँच सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenderers.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 331036 (Rural Work Department)24-25*D

---

**e- Procurement Cell**

## Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra.

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/EE/CHATRA/ 06 /2024-25** दिनांक:– **29.07.2024**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *Construction of Model Football Stadium at Mauza-Gidhour, Block- Gidhour at Chatra for the Year 2024-25* | **Rs.82,00,650.00** | **6(Six) Months** |
| 2 | *Construction of Model Football Stadium at Mauza-Patharia, Block- Itkhori at Chatra for the Year 2024-25* | **Rs.82,00,650.00** | **6(Six) Months** |
| 3 | *Construction of Model Football Stadium at Mauza-Gadilong, Block- Tandwa at Chatra for the Year 2024-25* | **Rs.82,00,650.00** | **6(Six) Months** |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **01.08.2024** | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | **12-08-2024** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **13-08-2024** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement CeOffice of The Executive EngineerBuilding Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | **9939428677** | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | **9650057169** | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

***note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.***

Nodal Officer
e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Chatra

PR.NO.331155 Building(24-25):D

---

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**आम सूचना (5th Call)**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.11.2022 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रखण्डो में स्थित जिला परिषदीय बहुद्देशीय भवन/डाक बंगला की बंदोबस्ती 5 वर्ष के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैरात का नाम | बन्दोबस्ती की अवधि | एक वर्ष के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरिहरगंज | हरिहरगंज व्यसायिक ईकाई (2 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 432000.00 | 108000.00 | 13.08.2024 | 12:00 बजे |
| 2 | विश्रामपुर | विश्रामपुर व्यसायिक ईकाई (1 बहुद्देशीय भवन, 2 डाक बंगला एवं 1 बस पड़ाव (1st Call) सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 456000.00 | 114000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 12.08.2024 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से भुगतेय होगा, कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि 5 वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में नजारत जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

नोट :– **उपरोक्त सैरात के आवंटन में सरकारी/अर्द्ध सरकारी निकायों को प्राथमिकता दी जायेगी।** ह0/–

उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 331122 District (24-25)_D

---

## OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION

**e-mail :-** municipalcouncil.medininagar@gmail.com

**Tender Notice**

Tender notice No:- UDHD/MMC/12/2023-24 DATED: 29/07/2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Value | : | INR 3,50,15,700.00/- |
| 2. | Date of downloading of bid document | : | 31/07/2024 10:00 Hrs. **to 20/08/2024 up to14:00 Hrs.** through websitehttps://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Place & Date of Pre-bid meeting | : | Date: 05/08/2024, T**ime 15:00 Hrs.** Medininagar Municipal Corporation, CourtCompound, Medininagar Dist- Palamu, Jharkhand, Pin code.- 822101 |
| 4. | Date and time for submission of queries | : | From 05/08/2024, 10:00 Hrs. **t 14:00 Hrs.** After last date submission of queries, no queriesshall be entertained. |
| 5. | Last date and time for uploading of bids | : | Date: 20/08/2024 **up to 14:00 Hrs** Through website https://jharkhandtenders.gov.in |
| 6. | Time and date of opening technical bids | : | Date: 21/08/2024 **up to 16:00 hours** |
| 7. | Time and date of opening of financial bids | : | To be communicated later on |
| 8. | Place of opening of bid | : | Through website https://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Period of bids validity | : | 180 days |
| 10. | Tender Inviting Authority | : | Municipal Commissioner, MMC, Medininagar |
| 11. | For participating in e-tendering process, the contractor shall have to et themselves registered to get user ID, Password and Digital signature. This will enable them to access the website https://jharkhandtenders.gov.in and download / participate in e-tender. All tender queries related to this tender shall be communicated at Medininagar | | |
| 12. | Bid processing fees / EMD to be paid through online mode i.e. through the payment gatewayof https://jharkhandtenders.gov.in (ii) Bids along with necessary online payments must be submitted in the NIT. The department doesnottake any responsibility for the delay / Non availability of internet connection, Network Traffic / Holidays or any other reasons. Tender Fees Amount: INR – 10,000/-EMD Amount – INR - 350,200/- | | |
| 13. | The tender documents can be obtained through website https://jharkhandtenders.gov.in | | |
| 14. | In lieu of Bid Security, the Bidder shall furnish 'Bid Securing Declaration Form' along with the technical proposal as per the format described in the bidding document. | | |
| 15. | All the information / corrigendum / addendum related to the project shall be published on the website https://jharkhandtenders.gov.in. The authority shall have the right to reject the bid partially or fullywithout assigning any reason whatsoever. | | |
| 16. | For any information department help line No. 9386849354/7860001444 may be used | | |
| 17. | Opening and visibility of the uploaded documents at website https://jharkhandtenders.gov.in shall be the responsibility of the bidder. Bidder should ensure that the uploaded documents are opening and visible. This can be done by downloading the documents and checking the same before final submission of bid at e-procurement website. | | |
| 18. | Further details of works can be obtained from the office of Municipal Commissioner, MMC, Palamau.For clarification, regarding the e-tendering process, please contact e-procurement Helpdesk,9386849354 | | |

**Note :-** Only Online tender is Permissible

**Sd./-**
**Municipal Commissioner –Cum- Administrator**
**Medininagar Municipal Corporation**

PR 331081 District (24-25)_D




## ब्रिफ न्यूज

### रूस के वोल्गोग्राड में ट्रेन पटरी से उतरी, 100 से ज्यादा घायल



**मॉस्को।** रूस के दक्षिणी वोल्गोग्राड क्षेत्र में सोमवार को एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ट्रेन में 800 से ज्यादा लोग सवार थे। पटरी से उतरने से पहले ट्रेन एक ट्रक से टकराई थी। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने ये जानकारी दी। रूस टुडे के मुताबिक, 20 डिब्बों वाली यह ट्रेन रूस के तातारस्तान गणराज्य के कजान से सोची के पास रिसोर्ट शहर एडलर जा रही थी। स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.30 बजे यह हादसा हुआ। वोल्गोग्राड क्षेत्र के गवर्नर एंड्री बोचारोव ने एक बयान में कहा कि नौ डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन में 813 यात्री सवार थे। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम 110 यात्री घायल हुए हैं और करीब 16 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसी के मरने की खबर नहीं है। ट्रक चालक बच गया है, लेकिन उसके सिर और पैरों में चोटें आई हैं।

### निकोलस मादुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति निर्वाचित



**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार तड़के राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित घोषित किया गया। देश के अधिनायकवादी नेता मादुरो को इस बार के चुनाव में विपक्ष की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। देश के चुनाव प्राधिकरण ने दावा किया कि मादुरो को 51.2 प्रतिशत और मुख्य विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को 44.2 प्रतिशत वोट मिले।

### खैबर पख्तूनख्वा में कबाइलियों के बीच संघर्ष में 30 की हुई मौत



**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में दो कबाइली समूहों के बीच जमीन को लेकर हुए सशस्त्र संघर्ष में कम से कम 30 लोग मारे गए और 145 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ऊपरी कुर्रम जिले के बोशेरा गांव में पांच दिन पहले भीषण झड़पें शुरू हो गई थीं। इस गांव में पहले भी जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच घातक संघर्ष के साथ-साथ सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले हो चुके हैं। जिले के कुछ अन्य हिस्सों में गोलीबारी अभी भी जारी है।

# गरीब, किसान और मध्यवर्ग के लिए बजट में कुछ भी नहीं : राहुल

- बजट में अब तक का शिक्षा में सबसे कम बजट आवंटित किया गया
- इंडी गठबंधन की सरकार आने पर एमएसपी पर कानूनी गारंटी देंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार देश की जनता को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में घेर रही है। केन्द्र सरकार के बजट में गरीबों, किसानों और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है। लोकसभा में बजट चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुरुक्षेत्र में कौरवों द्वारा चक्रव्यूह में घेरकर मारे गए अभिमन्यु का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले अभिमन्यु को चक्रव्यूह में 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। 21वीं सदी में एक और चक्रव्यूह तैयार किया गया है। वही हिन्दुस्तान के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने इस बजट में अब तक का शिक्षा में सबसे कम बजट आवंटित किया है। बजट में अग्निवीरों के लिए कुछ नहीं है। बजट में मध्यम वर्ग को कुछ नहीं दिया है बल्कि उन पर दोहरा वार किया गया है। इस बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडेक्सेशन और कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर मध्यम वर्ग के लोगों पर ही प्रहार किया है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में वादा किया कि इंडी गठबंधन की सरकार आने पर किसानों को एमएसपी पर कानूनी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने इस बात को उठाया कि 20 अफसरों ने देश का बजट बनाने का काम किया है। इन 20 अफसरों में से सिर्फ एक अल्पसंख्यक और एक ओबीसी है। राहुल के भाषण के दौरान कई बार अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें नियम प्रक्रिया को पढ़ने और उसके तहत आचरण करने की सलाह दी। उन्होंने राहुल गांधी के दो उद्योगपतियों के नाम लिए जाने पर आपत्ति जताई। राहुल गांधी ने मीडिया का विषय उठाया तो अध्यक्ष ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर मिलने की सलाह दी।

### रक्षामंत्री ने कहा अग्निवीर पर चर्चा को तैयार



**राहुल** गांधी के भाषण के अंत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर टिप्पणी की है। अगर अध्यक्ष अनुमति दें तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने के लिए तैयार हैं। अग्निवीर एक गंभीर मुद्दा है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने दावा किया था कि शहीद अग्निवीर को मुआवजा मिला है लेकिन वे बताना चाहते हैं कि उन्हें मुआवजा नहीं बल्कि बीमा मिला है।

### सदन में पोस्टर लहराना नियम के खिलाफ: बिरला



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी द्वारा सदन में पोस्टर लहराने का विरोध करते हुए कहा कि यह नियमों के खिलाफ है और वे सदन में ऐसा नहीं होने देंगे। किसानों को संसद भवन परिसर में आने की अनुमति नहीं देने के राहुल गांधी के आरोपों को भी स्पीकर बिरला ने गलत बताते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति में किसान नेताओं ने बयान देकर संसद के नियमों को तोड़ने का काम किया, क्योंकि संसद भवन परिसर के अंदर सिर्फ सांसद ही बयान दे सकते हैं।

### राहुल ने नेता विपक्ष पद की गरिमा गिरा दी : रिजिजू



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राहुल गांधी के बीच तीखी और जोरदार बहस भी लोकसभा में देखने को मिली। किरेन रिजिजू ने यह आरोप लगाया कि राहुल गांधी को नियमों की जानकारी नहीं है, वे नियम को मानते नहीं हैं और स्पीकर को भी चैलेंज करते हैं। राहुल गांधी ने नेता विपक्ष के पद की गरिमा को गिरा दिया है। सदन नियमों और देश संविधान से चलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूरे भाषण के दौरान (पिछले सत्र में) हंगामा किया था।

### लोस अध्यक्ष ने सदन की ओर से मनु भाकर को बधाई दी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन की ओर से भारतीय महिला एथलीट मनु भाकर को बधाई दी। पेरिस ओलंपिक 2024 में रविवार को मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टर इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया था। उन्होंने कहा कि मैं सदन और अपनी ओर से मनु भाकर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं।

## मुंद्रा कस्टम ने 110 करोड़ रुपये का ड्रग्स पकड़ा

### अफ्रीका भेजने की थी योजना




एजेंसी

**अहमदाबाद।** कच्छ जिले के मुंद्रा कस्टम विभाग के स्पेशल इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन ब्रांच (एसआईआईबी) ने ट्रामाडोल की 68 लाख गोलियों को जब्त किया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 110 करोड़ रुपये कीमत बताई गई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार कस्टम अधिकारी राजकोट, गांधीनगर और गांधीधाम में फॉलोअप सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार मुंद्रा कस्टम अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि राजकोट स्थित एक निर्यातक व्यापारी के दो कंसाइंमेंट निर्यात के लिए पश्चिम अफ्रीकी देशों सिएरा लियोन और नाइजर के लिए बुक किया गया था। इन दोनों कंसाइंमेंट को डिकलोफेनाक टेबलेट और गेबेडोल टेबलेट के रूप में बताया गया था। कस्टम ने इन दोनों कंसाइंमेंट को निर्यात होने से पूर्व ही रुकवा कर जांच की। कंटेनर के अगले हिस्से में बताई गई चीजों को रखा गया था, लेकिन उसके पीछे ट्रेमेकिंग 225 और रोयल 225 नामक दो ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टेब्लेट 225 मिलीग्राम रखा गया था। स्ट्रीप्स और बॉक्स के ऊपर उत्पाद के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं दी गई थी।

#### क्या है ट्रामाडोल

ट्रामाडोल एक एपिओइड दर्द की दवा है, जो कि साइकोट्रोपिक पदार्थ है। एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 8 (सी) के तहत ट्रामाडोल के निर्यात पर प्रतिबंध है। ट्रामाडोल को वर्ष 2018 में एनडीपीएस एक्ट के तहत साइकोट्रोपिक पदार्थ सूचित किया गया था। पुलिस के अनुसार आइएसआइएस के आतंकी लंबे समय तक जागने के लिए ट्रामाडोल का उपयोग करते थे। बाद में यह फाइटर ड्रग के रूप में कुख्यात हो गया। यह भी जानकारी है कि यह कृत्रिम ओपिओइड दवा लोकप्रिय है और नाइजीरिया, घाना आदि अफ्रीकन देशों में इसकी बड़ी मांग है। मामले की जांच की जा रही है।

## कनाडा के कैलगरी में खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह का आयोजन

एजेंसी



**कैलगरी (कनाडा)।** कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रहीं। अब यहां के कैलगरी में खालिस्तान पर जनमत संग्रह का तमाशा देखने को मिला। इसमें हिस्सा लेने के लिए कनाडा में रह रहे हजारों सिख कैलगरी के म्यूनिसिपल प्लाजा पहुंचे। यह प्लाजा स्थानीय संयुक्त राज्य राजनयिक मिशन के सामने है। पाकिस्तान के जियो चैनल ने 28 जुलाई को अपनी वेबसाइट पर इस बारे में विस्तार से रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, इसका आयोजन खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) समूह ने किया। समूह ने इसका आयोजन अल्बर्टा प्रांत के सिखों की राय जानने के लिए किया। अनुमानतः 10 लाख सिख कनाडा और लगभग एक लाख कैलगरी में रहते हैं।

### कोयला आयात कम करने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति गठित

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने कोयला आयात कम करने और इस प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया है। सोमवार को कोयला मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। यह समिति विभिन्न मंत्रालयों के बीच चर्चा कर अवसरों की पहचान करेगी। इसके अलावा कोयला मंत्रालय जीवाश्म ईंधन की बढ़ती वैश्विक मांग को ध्यान में रखते हुए कोयला निर्यात को बढ़ावा देगी।

## क्वाड देशों ने दोहराया, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नहीं होना चाहिए किसी का भी प्रभुत्व

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के हिन्द-प्रशांत से जुड़े क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की सोमवार को टोक्यो में बैठक हुई। इस बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में हिन्द-प्रशांत में यथास्थिति को बदलने की कोशिश, आतंकवाद और यूक्रेन, म्यांमार तथा गाजा की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। संयुक्त वक्तव्य में चीन की ओर इशारा करते हुए कहा गया कि क्वाड स्वतंत्र और खुले नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के लिए एकजुट है। क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान देने में सभी देशों की भूमिका है। हम चाहते हैं कि क्षेत्र में किसी भी देश का प्रभुत्व न हो। किसी भी प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से संभाला जाए और प्रत्येक देश जोर-जबरदस्ती से मुक्त हो।

बैठक में जापान की विदेश मंत्री कामिकावा योको, आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भाग लिया।

## एजुकेशन/करियर

# बीए सांख्यिकी में बना सकते है अपना करियर

**रजनीश।** बीए सांख्यिकी एक तीन साल का ग्रेजुएशन प्रोग्राम है जो कैटेगरीकल और न्यूमेरिकल डाटा एकत्र करने, ऑगेर्नाइजेशन, एनालिसिस, इंटरप्रिटेशन और प्रेजेंटेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। दूसरे शब्दों में, बीए सांख्यिकी अप्लाइड मैथमेटिक्स का एक डिसिप्लिन है जिसका उपयोग रिसर्च, सर्वे डाटा और बिजनेस डाटा से उपयोगी जानकारी निकालने के लिए किया जाता है।

### बीए सांख्यिकी को क्यों चुनें

बीए सांख्यिकी डिग्री वाले लोगों के पास काम के बहुत सारे विकल्प होते हैं क्योंकि हर जगह डेटा होने पर स्टैटिसटिशियन की आवश्यकता होती है, और प्रैक्टिकल रूप से हर कंपनी को अच्छी तरह से तैयार और ऑर्डर किए गए डेटा की आवश्यकता होती है। सांख्यिकी गणित की एक शाखा है जो श्रेणीबद्ध और संख्यात्मक डेटा वाले विषयों का अध्ययन करती है। यदि आप संख्याओं का आनंद लेते हैं और रिसर्च करते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए है। सांख्यिकी का पेशा आज के परिवेश में आकर्षक और विकास की संभावनाओं से भरा हो सकता है। अपने उद्देश्यों को स्थापित करने, एक योजना बनाने, या एक सर्विस डिजाइन करने के लिए, अधिकांश बिजनेस और सरकारें डेटा या आंकड़ों पर भरोसा करती हैं। सांख्यिकी का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, जिसमें मेडिकल, मार्केटिंग, स्वास्थ्य, जीव विज्ञान, खेल, बैंकिंग आदि शामिल हैं।



### बीए सांख्यिकी के लिए स्किल्स

- मैथमेटिकल स्टैटिसटिक्स की अच्छी समझ
- डिडक्टिव रीजनिंग
- सांख्यिकीय मॉडल की अच्छी समझ होनी चाहिए।
- जल्दी सोचने में सक्षम होना चाहिए।
- एक साधारण चर्चा करने में सक्षम हों।

### भारतीय विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा। फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं। अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें। इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें। यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।



### विदेश में आवेदन प्रक्रिया

- आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स और यूनिवर्सिटी का चुनाव है।
- कोर्स व यूनिवर्सिटी के चुनाव के बाद उस कोर्स के लिए उस यूनिवर्सिटी की पात्रता मानदंड के बारे में रिसर्च करें।
- आवश्यक टेस्ट स्कोर और दस्तावेज एकत्र करें।
- यूनिवर्सिटी की साइट पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भरें या फिर आप लेवरेज ईडीयू एक्सपर्ट्स की भी सहायता ले सकते हैं।
- ऑफर की प्रतीक्षा करें और सिलेक्ट होने पर इंटरव्यू की तैयारी करें।
- इंटरव्यू राउंड क्लियर होने के बाद आवश्यक ट्यूशन शुल्क का भुगतान करें और स्कॉलरशिप, छात्रवीजा, एजुकेशन लोन और छात्रावास के लिए आवेदन करें।

### बीए सांख्यिकी का सिलेबस

- स्टैटिसटिकल मैथर्ड
- डिजाइन ऑफ एक्सपेरिमेंट
- इंट्रोडक्शन टू लिनियर अलजेब्रा
- ऑपरेशन रिसर्च
- प्रोबेबिलिटी थ्योरी
- पैरामेट्रिक एंड नॉनपैरामेट्रिक टेस्ट
- डिफरेंशियल इक्वेशन
- स्टैटिसटिकल कंट्रोल
- कैलकुलेशन
- अप्लाइड स्टैटिसटिक्स
- कंप्यूटर प्रैक्टिकल
- डाटा एनालिसिस
- प्राइमरी इंटरफेस
- लिनियर मॉडल
- सैंपल सर्वे

### भारत में टॉप कॉलेज

- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, न्यू दिल्ली
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, कोलकाता
- जेवियर्स कॉलेज, अहमदाबाद
- दिल्ली यूनिवर्सिटी, न्यू दिल्ली
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालयः स्कूल ऑफ स्टेटिस्टिक्स, इंदौर
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी : डिपार्टमेंट ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड ऑपरेशन रिसर्च, अलीगढ़
- हिंदू कॉलेज
- सेंट स्टीफंस कॉलेज
- मिरांडा हाउस
- लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज
- हंसराज कॉलेज
- लोयोला कॉलेज
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी
- गार्गी कॉलेज
- रामजस कॉलेज
- बीएलडीईए आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज फॉर विमेन, बीजापुर
- सीयू शाह आर्ट्स कॉलेज, अहमदाबाद
- आईआईएस यूनिवर्सिटी - इंटरनेशनल कॉलेज फॉर गर्ल्स - आईसीजी, जयपुर
- पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला

### करियर स्कोप

बीए सांख्यिकी कोर्स पूरा करने के बाद, आवेदक उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं या बीए सांख्यिकी ग्रेजुएट्स के लिए उपलब्ध नौकरी के अवसरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। फाइनेंस, डाटा सर्व एजेंसी, कॉमर्स सेंटर, इकोनॉमिक्स, इंश्योरेंस कंपनी, कंसलटिंग फरम, इंडियन सिविल सर्विसेज, बैंक, कॉमर्स सेंटर और प्लानिंग कमिशन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां छात्र अपने भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।

